सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 28 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 51, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**सेंसेक्स में 539 अंकों की गिरावट**

घरेलू शेयर बाजार में कारोबार के अंतिम घंटे में तेज बिकवाली से लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 539 अंक टूटा। } 10

**2030 तक 20 लाख करोड़ का होगा ईवी बाजार**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार वर्ष 2030 तक बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और इससे पांच करोड़ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। } 12



# नेपाल में अब तक 359 की मौत, 1300 लापता

## 300 से अधिक भारतीय लापता, करीब एक दर्जन जलविद्युत परियोजनाएं ठप, बाढ़ में बह गये कई महत्वपूर्ण पुल

### बचाव कार्य में लगे 40 से अधिक निजी हेलीकॉप्टर



काठमांडू। नेपाल के रसुवा सहित बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए 40 से अधिक निजी हेलीकॉप्टरों ने बृहस्पतिवार को काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कांतिपुर अखबार में प्रकाशित खबर के अनुसार, इन उड़ानों का समन्वय और प्रबंधन नेपाली सेना ने किया। खबर में बताया गया कि हवाई अड्डे पर तैनात सेना की 14वीं बटालियन राहत सामग्री संग्रह केंद्र से निजी हेलीकॉप्टरों तक सामग्री ...शेष पृष्ठ 10 पर



### नयी झील बनने से बढ़ी चिंता, निचले इलाकों में खतरा

एजेंसी



काठमांडू। नेपाल के रसुवा जिले में भोटे कोशी नदी के उद्गम स्थल के पास एक नयी झील बनने के बाद निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। चीनी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस झील का पानी बांध तोड़कर बाहर निकल सकता है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

जल तथा मौसम विज्ञान विभाग (डीएचएम) ने बताया कि उसे चीन की ओर से नेपाल-चीन सीमा के पास नदी के अवरुद्ध हिस्से में एक झील बनने की जानकारी मिली है। विभाग के अनुसार, चीन सरकार ने नेपाल के विदेश मंत्रालय को यह जानकारी दी। चीनी अधिकारियों के अनुमान के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह तक झील में करीब 20 ...शेष पृष्ठ 10 पर

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में बुधवार को आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 359 हो गई है। जबकि करीब 780 पर्यटकों समेत 1300 से अधिक लोग लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि बचाव दलों ने प्रभावित जिलों से अन्य शवों को बरामद किया, जिसके बाद मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ। तिब्बत से अचानक आयी भीषण बाढ़ ने बुधवार को मध्य नेपाल के कई कस्बों और गांवों में भारी तबाही मचाई। बाढ़ के तेज बहाव में महत्वपूर्ण पुल बह गए और करीब एक दर्जन जलविद्युत परियोजनाएं ठप हो गईं। बाढ़ का पानी कई जिलों में फैल गया। नेपाल सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां रसुवा, धादिंग, नुवाकोट और चितवन समेत बाढ़ प्रभावित जिलों में खोज एवं बचाव अभियान चला रही हैं। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता अभि नारायण काफले के अनुसार, चितवन जिले से सबसे अधिक 132 शव बरामद किए गए हैं। बाढ़ रसुवा और अन्य जिलों से होते हुए त्रिशूली और नारायणी नदी के रास्ते निचले इलाकों में पहुंची, जिससे जलविद्युत परियोजनाओं, बस्तियों, सड़कों, पुलों तथा अन्य बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के आंकड़ों के अनुसार, अचानक आई बाढ़ में करीब 826 लोग लापता हैं, जिनमें से 590 पर्यटक हैं। नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बताया कि लापता लोगों में 288 भारतीय शामिल हैं। नेपाल के अधिकारियों के प्रारंभिक आकलन और अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के संशोधित विश्लेषण के अनुसार, ग्लेशियर के ढहने या हिमस्खलन के कारण यह विनाशकारी बाढ़ आई। हिमस्खलन के कारण भोटे कोशी की सहायक नदी ल्हेंदे के बहाव में रुकावट पैदा होने के बाद यह बाढ़ आई और सबसे पहले चीन की सीमा के पास रसुवागढ़ी स्थित तिमुरे इलाके में बाढ़ का कहर टूटा। नेपाल के विदेश मंत्री खनाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि बाढ़ में लापता हुए हजारों लोगों में लगभग 300 भारतीय शामिल हैं। खनाल ने यह भी पुष्टि की कि रसुवा क्षेत्र में आई इस त्रासदी के बाद 160 लोगों की मौत हुई है और हजारों लोग अब भी लापता हैं। खनाल के हवाले से कहा, हजारों परिवार अपना घर खो चुके हैं और कई लोग अब भी लापता हैं। हम अब तक आपदा के पूरे असर का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। नेपाल पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को भोटेकोशी नदी में आई अचानक बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 162 हो गई है। बाढ़ के कारण तीन जिलों में भारी तबाही मची है।भोटेकोशी की सहायक नदी ल्हेंदे का बहाव एक हिमस्खलन के कारण रुक गया जिससे अचानक बाढ़ आ गई। इस बाढ़ ने सबसे पहले चीन के साथ नेपाल की सीमा पर स्थित रसुवागढ़ी के पास तिमुरे इलाके को अपनी चपेट में लिया। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार लापता हुए लगभग 500 लोगों में कम से कम 133 भारतीय और 37 अनिवासी भारतीय (एनआरआई) शामिल हैं। लापता भारतीयों में से कम से कम 50 लोग कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए तीर्थयात्री थे। बुधवार को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने अचानक आई बाढ़ से प्रभावित भारतीय नागरिकों की मदद और जानकारी के लिए आपातकालीन नंबर जारी किए। दूतावास ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में बताया कि लोग 977 985 131 6807 या 977 970 910 7500 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। एक अन्य पोस्ट में दूतावास ने कहा कि वह नेपाल में आई बाढ़ से प्रभावित भारतीय नागरिकों के जल्द बचाव और राहत कार्यों के लिए नेपाल सरकार के संबंधित ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने नेपाल के लिए दिये 20 लाख डॉलर

एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने नेपाल और चीन में आई भीषण बाढ़ में बड़ी संख्या में लोगों की मौत और व्यापक तबाही पर गहरा दुख व्यक्त किया है। संयुक्त राष्ट्र ने राहत कार्यों के लिए शुरुआती तौर पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता आवंटित की है। तिब्बत से आई भीषण बाढ़ ने बुधवार को मध्य नेपाल के कई कस्बों और गांवों में भारी तबाही मचाई। तेज बहाव के कारण कई महत्वपूर्ण पुल बह गए और करीब एक दर्जन जलविद्युत परियोजनाएं प्रभावित हुईं। बाढ़ का पानी निचले इलाकों की ओर बढ़ने से कई जिले प्रभावित हुए। नेपाल में आई भीषण बाढ़ में 355 से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जबकि 825 से अधिक लोग लापता हैं। लापता लोगों में 288 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। वहीं, सीमा के चीनी हिस्से में तीन लोगों की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### यूपी-बिहार की नदियों में बाढ़ का खतरा



एजेंसी

नई दिल्ली। नेपाल में आयी विनाशकारी बाढ़ के बाद वाल्मीकि गंडक बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने से यूपी और बिहार में बाढ़ का खतरा पैदा कर दिया है। कुशीनगर और महराजगंज में नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है और जिला प्रशासन बाढ़ की आशंका को देखते हुए तैयारियों में जुट गया है। नेपाल-चीन सरहद के पास बर्फ और चट्टानों के खिसकने से एक नदी का रास्ता रुक गया जिससे नेपाल में बाढ़ आ गई। नेपाल के आपदा प्रबंधन अधिकारियों के मुताबिक इस बाढ़ से कई जिले प्रभावित हुए हैं और इसमें 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी तथा लगभग 826 लोग लापता हैं। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल के मुताबिक लापता लोगों में लगभग 300 भारतीय पर्यटक भी शामिल हैं। नेपाल में आयी इस विनाशकारी बाढ़ के बाद बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण उत्तर प्रदेश के कुशीनगर और महराजगंज में नदियों का जलस्तर बढ़ने की आशंका गहरा गयी है। कुशीनगर जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को ...शेष पृष्ठ 10 पर

### नेपाल में फंसे यूपी के नागरिकों के लिए एसडीआरएफ, पीएसी रवाना



लखनऊ। नेपाल में बाढ़ व प्राकृतिक आपदा के बीच उत्तर प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने मोर्चा संभाल लिया है। नेपाल में फंसे यूपी के नागरिकों को सुरक्षित निकालने और उन्हें तत्काल राहत पहुंचाने के लिए सरकार ने संसाधनों ...शेष पृष्ठ 10 पर

**संक्षेप**

### राजधानी में स्वाइन फ्लू की दस्तक, एक की मौत

लखनऊ। स्वाइन फ्लू ने राजधानी में दस्तक दी है। गुरुवार को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती एक 50 वर्षीय महिला मरीज में संक्रमण की पुष्टि की गयी है। इस सीजन में स्वाइन फ्लू को लेकर यह पहली मौत है। इंदिरानगर निवासी 50 वर्षीय महिला की गुरुवार को बलरामपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला को कुछ दिन पहले सर्दी-जुकाम, बुखार और सांस लेने में तकलीफ हुई थी। परिवारीजनों ने पहले निजी अस्पताल में इलाज कराया। लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने लक्षणों को देखते हुए स्वाइन ...शेष पृष्ठ 10 पर



रक्षा बंधन के अवसर पर भाइयों के लिए राखी खरीदतीं बहनें

### यूपी के बारे में दुनिया की सोच बदल रहे स्टार्टअप

#### दुनिया की सबसे प्रतिभाशाली, ऊर्जावान युवा वर्कफोर्स हमारे पास : योगी

एजेंसी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया की सबसे प्रतिभाशाली, ऊजार्वान युवा वर्कफोर्स यूपी में है। इन्हें प्लेटफॉर्म उलब्ध कराना सरकार का काम है। राजदूत, उच्चायुक्त समेत विदेशी प्रतिनिधिमंडल मुझसे पूछते हैं कि उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ से अधिक है, इसलिए आपके सामने बड़ी चुनौती है। मैं उनसे कहता हूं कि जितनी बड़ी चुनौती, उतनी ही बड़ी संभावना है। यूपी की जिस आबादी को लोग चुनौती कहते हैं, हम उसे डेमोग्रॉफिक डेविडेंड मानते हैं। इनके स्केल को स्किलिंग से जोड़कर इसका उपयोग डेमोग्रॉफिक डेविडेंड के रूप में कर पाते हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में स्टार्टअप नीति के अंतर्गत 107 स्टार्टअप्स को 3.42 करोड़ रुपये से अधिक और 9 इनक्यूबेटर्स को 1.79 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण करने के उपरांत युवा उद्यमियों व उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति 2026 पुस्तिका का विमोचन तथा उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन पोर्टल का शुभारंभ भी किया। इस दौरान लघु फिल्म के माध्यम से यूपी के स्टार्टअप इकोसिस्टम से अवगत कराया गया। सीएम योगी ने 2014 से पहले और इसके बाद भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम की चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारत में व्यापक बदलाव दिख रहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

**अवकाश की सूचना**

रक्षाबंधन पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

28 अगस्त यानी शुक्रवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 30 अगस्त रविवार को प्रकाशित होगा।

–संपादक

**भीतर पढ़ें**


- महिला सशक्तीकरण का दायरा सरकारी मदद तक सीमित नहीं (पृष्ठ–02)
- योगी ने उद्यमियों को किया सम्मानित (पृष्ठ–02)
- रुपया 11 पैसे टूटकर 95.55 रुपये प्रति डॉलर पर (पृष्ठ–10)
- दोपहिया वाहनों में ऑटोमैटिक हेडलैंप का प्रस्ताव (पृष्ठ–10)
- सोना 800 रुपये और टूटा, चांदी स्थिर (पृष्ठ–10)


**विशेष खबर** 31 जुलाई तक प्रदेश में 1.97 लाख से अधिक वाहन स्क्रैप, 92 पंजीकृत केंद्रों का नेटवर्क तैयार

### वाहन स्क्रैपिंग में यूपी नंबर वन, 48.5% हिस्सेदारी के साथ बनाया रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पुराने, अनफिट और प्रदूषणकारी वाहनों को सड़कों से हटाने की दिशा में उत्तर प्रदेश ने देश में नया रिकॉर्ड बनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लागू वाहन स्क्रैपिंग नीति के क्रियान्वयन में यूपी देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। 31 जुलाई 2026 तक देशभर में स्क्रैप किए गए 4.07 लाख से अधिक वाहनों में अकेले उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी करीब 48.5 प्रतिशत है। प्रदेश में अब तक 1.97 लाख से अधिक वाहनों को स्क्रैप किया जा चुका है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल पुराने वाहनों को हटाना नहीं, बल्कि प्रदूषण कम करने के साथ सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और वैज्ञानिक तरीके से वाहन स्क्रैपिंग को बढ़ावा देना है। उन्होंने प्रदेशवासियों से पुराने और अनफिट वाहनों को अनधिकृत कबाड़ियों के बजाय पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्रों पर ही स्क्रैप कराने की अपील की। वाहन स्क्रैपिंग के लिए प्रदेश में आधारभूत ढांचे को भी मजबूत किया गया है। उत्तर प्रदेश में 92 लाइसेंस प्राप्त पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्र हैं, जिनमें से 51 वर्तमान में संचालित हैं। इन केंद्रों के जरिए वाहन मालिकों को अपने पुराने वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुसार स्क्रैप कराने की सुविधा मिल रही है। सरकार ने वाहन मालिकों को प्रोत्साहित करने के लिए कर में छूट का प्रावधान भी किया है। जमा प्रमाणपत्र के आधार पर नया वाहन खरीदने वाले पात्र मालिकों को गैर-परिवहन वाहनों पर 15 प्रतिशत तक और परिवहन वाहनों पर 10 प्रतिशत तक रोड टैक्स में छूट मिलती है। एनसीआर क्षेत्र में पुराने ट्रक या बस को स्क्रैप कर नया वाहन खरीदने पर निर्धारित शर्तों के तहत 10 वर्षों के लिए 100 प्रतिशत तक रोड टैक्स छूट का प्रावधान भी है। परिवहन विभाग पंजीकृत स्क्रैपिंग केंद्रों की कार्यप्रणाली पर भी नजर रख रहा है। निर्धारित मानकों के अनुसार वाहनों की स्क्रैपिंग सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण किए जा रहे ...शेष पृष्ठ 10 पर



### कानपुर में विमान दुर्घटनाग्रस्त प्रशिक्षु पायलट समेत दो की मौत



एजेंसी

कानपुर/नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के कानपुर में बृहस्पतिवार को एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक प्रशिक्षु पायलट समेत दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि गंगा के किनारे नाथपुरवा गांव के पास इटली निर्मित टेक्नम प्रशिक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उस पर सवार गुजरात निवासी प्रशिक्षक सचिन भाटिया और कर्नाटक के प्रशिक्षु पायलट अभिषेक पुजारी की मौत हो गयी। लाल... शेष पृष्ठ 10 पर

# विकास परियोजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं की रफ्तार तेज करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक परियोजना को निर्धारित समयसीमा में पूरा कर उसका लाभ जनता तक पहुंचाया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि अधिग्रहण, निविदा प्रक्रिया, विभागीय समन्वय अथवा अन्य स्तर पर लंबित कार्यों का तत्काल समाधान किया जाए। जिन परियोजनाओं की प्रगति अपेक्षित गति से नहीं हो रही है, उनकी नियमित समीक्षा कर जिम्मेदारी तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में बेहतर कनेक्टिविटी की अहम भूमिका है। एक्सप्रेसवे को केवल आवागमन का माध्यम न बनाकर उद्योग, निवेश, रोजगार और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाले विकास कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाए। बैठक में बताया गया कि फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 91.28 प्रतिशत, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 84.82 प्रतिशत और जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 79.27 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है।



चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए छह अगस्त को निविदा प्रकाशित हो चुकी है और सितंबर में चयन प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं की गति बनाए रखने के लिए हर स्तर पर समयबद्ध निर्णय जरूरी है। ग्रेटर नोएडा के मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जाए, ताकि उत्तर प्रदेश देश और दुनिया की सप्लाई चेन का महत्वपूर्ण केंद्र बन सके। उन्नाव के एक्वा बिजनेस प्रोजेक्ट में भी आवश्यक कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल परियोजनाओं की घोषणा या स्वीकृति तक सीमित नहीं है। परियोजनाएं समय पर पूरी हों और उनका वास्तविक लाभ आम जनता, उद्योग तथा निवेशकों तक पहुंचे, यही सरकार की प्राथमिकता है।

## सीवर लाइन व मेनहोल से हटेंगे विद्युत और ओएफसी केबल

लखनऊ में सीवर लाइन और मेनहोल के भीतर से गुजर रहे विद्युत एवं ओएफसी केबलों को निर्धारित मानकों के अनुसार शिफ्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिक सुविधाओं से जुड़े बुनियादी ढांचे में सुरक्षा मानकों से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी विद्युत या ओएफसी केबल सीवर लाइन अथवा मैनहोल के भीतर से गुजर रहे हैं, उन्हें सुरक्षित स्थान पर निर्धारित मानकों के अनुरूप शिफ्ट किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित कार्यों को जल्द पूरा कराने को कहा। साथ ही ऐसे कार्यों के लिए स्थानीय निकाय से आवश्यक एनओसी प्राप्त करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवर और मैनहोल जैसी नागरिक सुविधाओं में अनधिकृत या असुरक्षित तरीके से केबल डालने से भविष्य में हादसों और रखरखाव में गंभीर दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। इसलिए सुरक्षा और तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

## विरासत-पैमाइश के मामलों में पारदर्शिता जरूरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान विरासत और पैमाइश से जुड़े मामलों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि और संपत्ति से जुड़े मामले सीधे आम नागरिकों के अधिकारों से जुड़े होते हैं, इसलिए इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से प्रयागराज में निरस्त किए गए विरासत संबंधी आवेदनों की जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदन निरस्त करने की पूरी प्रक्रिया नियमों और मेरिट के आधार पर हुई हो तथा किसी पात्र व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। बैठक में बताया गया कि निर्विवाद विरासत के मामलों में प्रयागराज में सर्वाधिक 13,386 आवेदन निरस्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने इन मामलों की जांच के साथ-साथ पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने को कहा। पैमाइश से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया सरल और समयबद्ध बनाई जाए। राजस्व अधिकारियों की नियमित समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि नागरिकों से जुड़े भूमि विवाद अनावश्यक रूप से लंबित न रहें।

# रक्षाबंधन में मिलावटखोरों पर शिकंजा, 18 एफआईआर दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

- 182 नमूने और 46 लाख रुपये से अधिक की सामग्री जब्त-नष्ट
- खोवा, पनीर, दूध और घी से लेकर मिलावट में इस्तेमाल रसायन को लेकर कार्रवाई

**लखनऊ।** रक्षाबंधन पर लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश में मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान तेज कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीमों ने 20 अगस्त से प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी और जांच अभियान चलाया है। अब तक 18 एफआईआर दर्ज, 182 खाद्य नमूने लिए गए हैं, जबकि बड़ी मात्रा में संदिग्ध खाद्य सामग्री जब्त कर नष्ट कराई गई है।

अभियान के दौरान 13,440.25 किलोग्राम और 14,561 लीटर सामग्री जब्त की गई। वहीं 18,607 किलोग्राम और 7,630 लीटर असुरक्षित अथवा अस्वच्छ खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 26.09 लाख रुपये, जबकि नष्ट कराई गई सामग्री की कीमत करीब 27.89 लाख रुपये बताई गई है। कानपुर नगर में हटिया खोवा मंडी समेत कई स्थानों पर निरीक्षण कर नमूने लिए गए और अस्वच्छ परिस्थितियों में रखा करीब 4.30 कुंतल खोया नष्ट कराया गया।

कानपुर देहात में खोवा बनाने में रिफाइंड तेल, वनस्पति और स्किम्ड मिल्क पाउडर के इस्तेमाल के मामले सामने आने पर कार्रवाई की गई। लखनऊ में शिवाक्षी स्वीट्स से 15 नमूने लिए गए। यहां 686 किलोग्राम खाद्य सामग्री जब्त करने के साथ 2,675 किलोग्राम संदूषित खाद्य पदार्थ नष्ट कराया गया और कारोबार बंद कराया गया। सम्भल में नकली घी तैयार करने के आरोप में एक परिसर से करीब 100 कुंतल घी जब्त कर एफआईआर दर्ज कराई गई और परिसर सील किया गया।

बदायूं में जांच के दौरान 1,605 किलोग्राम देशी घी जब्त किया गया। कासगंज और हापुड़ में बड़ी मात्रा में पनीर नष्ट कराया गया, जबकि मथुरा में संदिग्ध रसायनों से पनीर तैयार करने के मामलों में एफआईआर दर्ज हुई। एफएसडीए ने तैयार खाद्य पदार्थों के साथ मिलावट में इस्तेमाल होने वाली सामग्री पर भी कार्रवाई की है।

अभियान में स्किम्ड मिल्क पाउडर, वनस्पति, रिफाइंड तेल, सिंथेटिक रंग, सोडियम बाई कार्बोनेट और संदिग्ध रसायन जब्त किए गए हैं। सरकार का कहना है कि त्योहार के दौरान मिठाई, दूध, खोवा, पनीर और घी में मिलावट कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। नमूना जांच से लेकर एफआईआर, कारोबार बंद कराने और प्रतिष्ठान सील करने तक की कार्रवाई की जा रही है।

# यूपी में स्टार्टअप्स को योगी सरकार का सहारा

## ड्रोन से रॉकेट इंजन तक नये प्रयोगों को मिल रहा बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप और नवाचार के बढ़ते माहौल को योगी सरकार की नीतियों से नई ताकत मिल रही है। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 107 स्टार्टअप्स को 3.42 करोड़ रुपये से अधिक और 9 इनक्यूबेटर्स को 1.79 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक सौंपे। कार्यक्रम में शामिल स्टार्टअप फाउंडर्स ने सरकार की नीतियों और सहयोग को प्रदेश में नए अवसरों के विस्तार के लिए अहम बताया।

एडूबुक के सह-संस्थापक एवं सीईओ अपूर्व बजाज और सीओओ शिवानी मल्होत्रा ने बताया कि उनका स्टार्टअप साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉकचेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की शिक्षा से जुड़ा है। स्टार्टअप को सरकार से 4.50 लाख रुपये का अनुदान मिला है। शिवानी मल्होत्रा ने बताया कि लखनऊ स्थित कंपनी में करीब 50 प्रतिशत स्टाफ महिलाएं हैं। एंड्योरएयर सिस्टम्स के सीईओ रामा कृष्णा ने बताया कि कंपनी सुरक्षा बलों के लिए लॉजिस्टिक्स, सर्विलांस और अटैक ड्रोन तैयार कर रही है। कंपनी में करीब 150 लोग कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि नई स्टार्टअप नीति में जमीन,



सुविधाओं, फंडिंग और पूंजी की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। त्रिशूल पल्सेशन टेक्नोलॉजी के सह-संस्थापक दियांम को प्रोटोटाइप विकास के लिए पांच लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि मिली। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन पर काम कर रही है और उसके उत्पाद विदेशी कंपनी को भी सप्लाई किए जा रहे हैं। उनके मुताबिक सरकार से मिली ग्रांट प्रोटोटाइप तैयार करने में उपयोगी साबित हुई है। जेनोमिक्स सॉल्यूशंस की सह-संस्थापक डॉ. दीक्षा भारतीया को भी 4.50 लाख रुपये का चेक मिला। उनका स्टार्टअप नवजात बच्चों में होने वाली दुर्लभ बीमारियों की समय रहते पहचान के लिए हेल्थ स्क्रीनिंग तकनीक विकसित कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कई लैब और अस्पतालों को इस पहल से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और उत्पाद के लिए पेटेंट भी फाइल किया गया है। स्टार्टअप फाउंडर्स का कहना है कि सरकारी प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता और बेहतर नीतियों से यूपी में नवाचार का दायरा लगातार बढ़ रहा है। ड्रोन, स्पेस टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी और हेल्थटेक जैसे क्षेत्रों में नए प्रयोग प्रदेश के उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई पहचान दे रहे हैं।

# केजीएमयू में 'खेलो इंडिया संवाद, खेल की बात' मोदी के साथ

## खेल को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनायें : अनुप्रिया पटेल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेरा युवा भारत , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से राष्ट्रव्यापी 'खेलो इंडिया संवाद, खेल की बात' मोदी के साथ कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस, अनुशासन, प्रतिभा विकास, युवा नेतृत्व तथा विकसित भारत के निर्माण से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक रहीं। कार्यक्रम में केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद, सुहास एल.वाई, सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं खेल जगत से स्पोर्ट्स आइकन मुस्कान जिन्होने पैरा एथलीट यूथ एशियन पैरा गेम 2025 में कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का गौरव



बढ़ाया। दूसरी तरफ राजधानी के भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रिंकू सिंह की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए अपने क्रिकेट सफर, मेहनत, संघर्ष और खेल के अनुभव साझा किए। रिंकू सिंह ने युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा खेल और शिक्षा दोनों में निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

केजीएमयू में कार्यक्रम की शुरूआत महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा माल्यार्पण के साथ हुई। प्रातः 11 बजे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल आगमन हुआ। माय भारत स्वयंसेवक द्वारा प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया तथा केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने स्वागत संबोधन दिया। इसके बाद राष्ट्रीय खेल दिवस पर आधारित लघु फिल्म तथा खेल क्षेत्र से संबंधित प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस-2026 के संबोधन के प्रमुख अंशों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें युवा आइकन एवं स्पोर्ट्स आइकन के बीच खेल क्षेत्र में पिछले बारह वर्षों में खेल अवसंरचना के विकास, प्रधानमंत्री के विजन के अंतर्गत भारतीय खेल क्षेत्र की प्रगति तथा आगामी ओलंपिक एवं कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारत की तैयारियों पर चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल ने युवाओं के साथ संवाद करते हुए उन्हें नशे से दूर रहने तथा खेल को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने तथा अपने आसपास के युवाओं को भी नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना, नेतृत्व और सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। युवा संवाद के उपरांत सभी प्रतिभागियों को विकसित भारत, नशा मुक्त युवा की शपथ दिलाई गई। मेरा युवा भारत, उत्तर प्रदेश के राज्य निदेशक गोपेश पाण्डेय द्वारा मुख्य अतिथि स्पोर्ट्स आइकन एवं गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन किया गया। एलाइड और हेल्थकेयर विभाग के डीन डॉ. केके सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# योगी ने नवाचार व स्टार्टअप से जुड़े उद्यमियों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विकास में योगदान दे रहे उद्यमियों, स्टार्टअप्स और इन्क्यूबेटर्स को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने ह्यभारत इनोवेट्सह्न में हिस्सा लेने वाले उद्यमियों को सम्मान देने के साथ स्टार्टअप और इन्क्यूबेटर्स के लिए प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने मंच पर पांच स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए। इनमें सिंह डायनमिक प्रा. लि. की अनुषी वर्मा, डिकोड सॉफ्टवेयर्स प्रा. लि. की रिया कुमारी वंशगोपाल, त्रिशूल स्पेस के दिव्यम, जीनोमिकी सॉल्यूशन प्रा. लि. की डॉ. दीक्षा भारती और पीएचएसआई टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च प्रा. लि. के तुषार राज शामिल रहे। सीएम योगी ने इन्क्यूबेटर्स प्रोत्साहन राशि के चेक भी वितरित किए। इस अवसर पर नवयुग नवाचार फाउंडेशन, आईईटी लखनऊ के डॉ. पुष्कर और एनआईईटी के डॉ. संजय कुमार को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न संस्थानों को इन्क्यूबेटर मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने यूपी स्टार्टअप फंड (यूपीएसएफ) से समर्थित स्टार्टअप्स को भी सम्मानित किया। मैग्नम टेक्नोलॉजी के तरुण सेनानी, अल्फाड्रायड इंडिया के अक्षत राज और गौरव जोशी को मंच पर सम्मान मिला। वहीं ब्रिस्क ओलिफ के सुनील प्रेमजी को लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान किया गया। भारत इनोवेट्स में हिस्सा लेने वाले अननंत सिस्टम्स, एंड्योर एयरसिस्टम्स, सूयो मैन्युफेक्चरिंग, राफे और वर्वेसमी मिक्स्ड सिग्नल के प्रतिनिधियों को भी मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम के जरिए प्रदेश में नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

# डॉ. नीरज सिंह के जन्मदिवस पर हुआ 24 कुण्डीय महायज्ञ

## डॉ. नीरज सिंह ने सपत्नीक किया मुख्य यजमान के रूप में हवन, गौ-पूजन, रुद्राभिषेक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को वेद माता गायत्री ट्रस्ट, आरोग्यधाम केन्द्र में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में भव्य एवं दिव्य 24 कुण्डीय सामाजिक समरसता महायज्ञ श्रद्धा व उल्लास के साथ आयोजित किया गया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी अपने परिवार के साथ सह यजमान के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. नीरज सिंह ने अपनी धर्मपत्नी के साथ मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूणार्हुति दी और राष्ट्र-कल्याण, पर्यावरण संवर्धन एवं जन-कल्याण का पावन संकल्प लिया।

महायज्ञ की मुख्य थीम 'सामाजिक समरसता' रही। यज्ञशाला के सभी 24 कुण्डों का नामकरण महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, महर्षि वशिष्ठ, भारद्वाज, विश्वामित्र के साथ-साथ विदुषी ऋषिकाओं जैसे माता गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा, अपाला एवं घोषा के नाम पर किया गया था। इस



व्यवस्था ने यह सशक्त संदेश दिया कि सनातन धर्म में जन्म या जाति के आधार पर भेदभाव का कोई स्थान नहीं है; ज्ञान, तप और राष्ट्र-सृजन में समाज के हर वर्ग और मातृशक्ति का समान अधिकार व सहभागिता रही है। जन्मदिवस पर दिखावे के स्थान पर सेवा और संस्कृति संवर्धन को प्राथमिकता दी गई। डॉ. नीरज सिंह जी ने भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी एवं कार्यक्रम संयोजक अभिषेक खरे के साथ परिसर में विधि-विधान से गौ-पूजन कर गायों को विशेष पौष्टिक भोग अर्पित किया। इसके बाद सावन माह के उपलक्ष्य में भगवान भोलेनाथ का वैदिक रुद्राभिषेक किया गया, यज्ञ परिसर में तुलसी के पौधों का रोपण हुआ तथा उपस्थित पूज्य संतों एवं विप्रजनों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस वृहद आयोजन को धरातल पर भव्य स्वरूप देने में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी की महती भूमिका रही। वहीं, कार्यक्रम संयोजक के रूप में अभिषेक खरे (संयोजक, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ) ने कई दिनों के अथक परिश्रम से संपूर्ण व्यवस्थाओं का कुशल संचालन किया। आयोजन में महानगर महामंत्री सत्येंद्र सिंह का भी विशेष संगठनात्मक सहयोग रहा। महायज्ञ में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री संजय राय, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधायक ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, महानगर महामंत्री टिंकू सोनकर, घनश्याम दास अग्रवाल संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ अभिषेक खरे सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तीकरण का दायरा सरकारी मदद तक नहीं रहेगा सीमित



प्रमुख संवाददाता

**चम्पावत (उत्तराखंड)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की विकास यात्रा को नई गति देने में महिलाओं की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। पर्वतीय क्षेत्रों में मातृशक्ति ने विपरीत परिस्थितियों में परिवार और समाज को संभालने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की है। अब जरूरत उनकी इसी क्षमता को व्यापक अवसरों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से और अधिक सक्षम बनाने की है।

रामलीला मैदान धूरा में आयोजित मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव-2026 में मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का दायरा केवल सरकारी सहायता तक सीमित नहीं होना चाहिए। महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षित वातावरण, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर देकर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में बराबर की भागीदारी देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिला की आर्थिक मजबूती पूरे परिवार की स्थिति बदलने की क्षमता रखती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने चम्पावत जिले के लिए 62.97 करोड़ रुपये की 50 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से जिले में विकास का आधार मजबूत होगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, रोजगार तथा अन्य क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं और अवसर उपलब्ध होंगे।

चम्पावत से अपने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की माताओं और बहनों के बीच पहुंचना उनके लिए हमेशा आत्मीय अनुभव रहा है। स्थानीय लोगों से मिलने वाला स्नेह उन्हें प्रदेश के विकास के लिए और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कुमाऊंनी भाषा में महिलाओं से बातचीत भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों को उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए दूर न जाना पड़े, इसके लिए चम्पावत में आवश्यक संस्थागत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। कॉलेज हॉस्टल, आईटीआई लैब, इंटीग्रेटेड नर्सिंग संस्थान, महिला प्रौद्योगिकी पार्क और महिला स्पोर्ट्स कॉलेज जैसी परियोजनाओं को इसी दृष्टि से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए 256.97 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महिला की सफलता का प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता। आर्थिक रूप से सक्षम महिला परिवार की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर सकती है, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दे सकती है तथा सामाजिक निर्णयों में प्रभावी भूमिका निभा सकती है। यही बदलाव आगे चलकर गांवों और पूरे प्रदेश की आर्थिक एवं सामाजिक मजबूती का आधार बनता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि उत्तराखंड की बेटियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और सपनों को साकार करने के लिए स्थानीय स्तर पर ही पर्याप्त अवसर मिलें। शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, खेल और स्वरोजगार के माध्यम से उन्हें आगे बढ़ने का मंच उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि प्रतिभा अवसरों के अभाव में प्रदेश से बाहर जाने के लिए मजबूर न हो।

# भाजपा ने जेपीएनआईसी को बेच दिया : अखिलेश यादव

## सपा अध्यक्ष ने कहा, समय आने पर पूरे प्रकरण की होगी जांच

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने जेपी (जय प्रकाश) नारायण को बेंच दिया। भाजपा जय प्रकाश नारायण के काम, सोशलिस्ट मूवमेंट और उनके नाम पर बनी बिल्डिंग के लिए खलनायक है। भाजपा और उनके सुरंगी, अनरजिस्टर्ड, अंडरग्राउंड लोगों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से चिढ़ है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नहीं दुकान है। इसने समाजवादी सरकार में बनाए गए जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल केंद्र (जेपीएनआईसी) को घोटाला करके बेच दिया है। इसमे कई सौ करोड़ का पेमेंट किया गया है। समय आने पर पूरे प्रकरण की जांच होगी और जिन अधिकारियों ने जेपीएनआईसी बेचने में बड़ा घोटाला किया है, उनकी भी पूरी जांच होगी। पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ पर गुरुवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर में समाजवादी नेता जय प्रकाश नारायण के नाम पर सपा की सरकार में बनायी गयी जेपीएनआईसी बिल्डिंग के निजी हाथों में बेचने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कारोबारियों से मिली हुई है। सरकारी संपत्तियों को बेच रही है। भाजपा गरीबों की जेब से पैसा छीनकर अमीरों की तिजोरियां भर रही हैं।

भाजपा सरकार ने पहले समाजवादी सरकार में बनाए गए किसान बाजार, शाने-अवध, और जनेश्वर मिश्र पार्क के कुछ हिस्से को अपने करीबियों को बेचा। अब जेपीएनआईसी बिल्डिंग भी बेच दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में जब जेपीएनआईसी का शिलान्यास हुआ था तब नेताजी के साथ ही जार्ज फर्नांडीज, मोहन सिंह, बृजभूषण तिवारी समेत कई समाजवादी नेता मौजूद थे।

समाजवादी नेताओं ने जो सपना देखा था उसी के अनुरूप जेपीएनआईसी बनाया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि जय प्रकाश के नाम पर जेपीएनआईसी सिग्नेचर बिल्डिंग बनायी गयी। 18 से 20 एकड़ में बनायी गयी इस बिल्डिंग के माध्यम से कोशिश की गयी कि जनता को सुविधा मिले। आज बाजार भाव के हिसाब से जेपीएनआईसी और उसके पूरे एरिया की कीमत 6 हजार करोड़ से ज्यादा की होगी।

## अखिलेश को राखी बांधने पहुंची महिलाएं



रक्षाबंधन पर्व के पूर्व दिवस पर पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में सैकड़ों महिलाएं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों में राखी बांधने के लिए उमड़ पड़ी। उन्होंने सभी का सम्मान करते हुए उन्हें पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत ही ऐसा देश है जहां रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। बहन राखी बांधती है और भाई रक्षा का संकल्प लेता है। सपा का संकल्प है कि भविष्य में माता-बहनों की सुरक्षा और सम्मान में कोई चूक नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आधी आबादी की खुशहाली के लिए समाजवादी सरकार में महिलाओं को 40 हजार सालाना धनराशि स्त्री सम्मान समृद्धि योजना के अंतर्गत दी जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। पार्टी कार्यालय में बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं अखिलेश को रक्षाबंधन पर बधाई देने आई थी। इनके अतिरिक्त पूर्व सांसद कनकलता सिंह, पूर्व एमएलसी कांति सिंह, स्व. जनेश्वर मिश्र की पुत्री मीना तिवारी, महिला समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर, महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रूक्मिणी देवी (बहन पूर्व सांसद फूलन देवी), किन्नर सभा की प्रदेश अध्यक्ष पायल सिंह तथा अंजली मसीह ने पर्व की खुशियां मनाते हुए अखिलेश यादव को मिठाई खिलाई।

## रालोद ने अमरेंद्र सिंह को हरदोई का जिलाध्यक्ष किया मनोनीत

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने हरदोई निवासी अमरेंद्र सिंह को रालोद, हरदोई का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से जनपद में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि रालोद संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। अमरेंद्र सिंह के अनुभव, सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें हरदोई जनपद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अमरेंद्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व और पार्टी की विचारधारा के अनुरूप हरदोई में संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा समाज के विभिन्न वर्गों को रालोद से जोड़ने का कार्य करेंगे। उन्होंने अमरेंद्र सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए कार्यकताओं को तैयार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

## संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

प्रतापगढ़। दहेज उत्पीड़न को लेकर पीड़ित की तहरीर पर सांगीपुर पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे रमन मेढ़ावां निवासी तीर्थराज वर्मा पुत्र रामसनेही वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी बेटी का विवाह बीते वर्ष 2025 में सांगीपुर थाना क्षेत्र के सराय लालशाह में सूर्य प्रकाश वर्मा पुत्र अमरजीत के साथ हुई। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति सूर्यप्रकाश वर्मा, ससुर अमरजीत, जेठानी राधा तथा सूर्यलाल वर्मा पुत्र अमरजीत व संगीता देवी पत्नी सूर्यलाल आदि द्वारा दहेज को लेकर पन्द्रह लाख रुपए की मांग की गयी। तहरीर के मुताबिक दहेज की मांग पूरी न होने पर पीड़ित की बेटी को ससुरालीजनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति सूर्यप्रकाश वर्मा समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न तथा मारपीट व प्रताड़ना समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### तीन आरोपी गये जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने साइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। वही पुलिस टीम को चोरी गयी सात साइकिलों को बरामद करने में भी सफलता मिली है। थाने के दरोगा अमित द्विवेदी फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। बूढ़े बाबा थान से पूरे भोजई सड़क पर तीन संदिग्ध पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिसिया पूछताछ में आरोपी रायबरेली जनपद के नसीराबाद थाना के पूरे मतऊ लंहगा निवासी रवि मौर्या पुत्र राम प्रसाद तथा नसीराबाद के ही ओलीपुर सण्डहा निवासी लालजी पटेल पुत्र रामफल व इसी गांव के धर्मेन्द्र सरोज पुत्र रूपलाल ने चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की। आरोपियो की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गयी सात साइकिल बरामद की। पकड़े गए आरोपियो के खिलाफ प्रतापगढ़ एवं रायबरेली जिले में कई गंभीर आपराधिक केस भी दर्ज हुए हैं।

### रिश्वत मांगे तो तुरंत करें शिकायत

श्रावस्ती। भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती राहुल भाटी ने भ्रष्टाचार निरोधक हेल्पलाइन जारी की है। यदि कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत, घूस या सुविधा शुल्क की मांग करता है, तो आम नागरिक 9621993488 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से शिकायत पर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएं। किसी भी तरह की अवैध धनराशि की मांग होने पर बिना डर के हेल्पलाइन पर सूचना दें और भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी व्यवस्था बनाने में सहयोग करें।

### अजगरा महान पर हुई परिचर्चा

प्रतापगढ़। अजगरा महान संवाद को लेकर गुरूवार को स्थानीय नगर पंचायत सभागार में वार्ड विजेताओं का चयन किया गया। संवाद कार्यक्रम में वार्डो का प्रतिनिधित्व करते हुए वक्ताओं ने पौराणिक इतिहास तथा धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में ज्ञानवर्धक विचार प्रस्तुत किये। ईओ इन्द्र प्रताप ने बताया कि उन्तीस अगस्त को वार्ड से चयनित प्रतिभागियों के बीच संवाद प्रतियोगिता आयोजित होगी। परिचर्चा को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ0 शक्तिधर नाथ पाण्डेय, आचार्य डॉ0 शिवमूर्ति शास्त्री, आचार्य विनय शुक्ल ने अजगरा के आध्यात्मिक महत्व को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद बताया।

### अश्लील वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल करने का आरोप

सिद्धार्थनगर में युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बाराबंकी निवासी हरिकेश लोढ़ी उर्फ विनोद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला मोहाना थाना क्षेत्र का है। आरोप है कि हरिकेश ने युवती का अश्लील वीडियो बनाकर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अलग-अलग अकाउंट से वायरल किया। वीडियो प्रसारित होने के बाद युवती और उसके परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से शिकायत की।

परिजनों के अनुसार, फरवरी में भी इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। उस समय संबंधित वीडियो और सोशल मीडिया अकाउंट हटा दिए गए थे। आरोप है कि कुछ समय बाद आरोपी ने नए फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर दोबारा वीडियो प्रसारित करना शुरू कर दिया।

# बेटियां समाज और देश की ताकत

## छात्राओं ने डीएम समेत अधिकारियों को बांधी राखी



राम आशीष दूबे

सिद्धार्थनगर। रक्षाबंधन के अवसर पर गुरुवार को विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन समेत अन्य अधिकारियों को राखी बांधी। डीएम कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अधिकारियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। इसके बाद अधिकारियों ने छात्राओं को उपहार दिए। कार्यक्रम में माई छोटा स्कूल, सेन्ट जेवियर्स इंटर कॉलेज और शमराइस स्कूल की छात्राएं शामिल हुईं। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गौरव श्रीवास्तव और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार ने भी छात्राओं से राखी बंधवाई। अधिकारियों ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई, विद्यालय और भविष्य की योजनाओं के बारे में बातचीत की।

बेटियां समाज और देश की ताकत

डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह के साथ आपसी विश्वास, सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी का भी पर्व है। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां परिवार के साथ-साथ समाज और देश की ताकत हैं। शिक्षा के माध्यम से बेटियां अपने सपनों को पूरा करने के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ आत्मविश्वास और अनुशासन को भी जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी।

राखी बांधने के बाद छात्राओं को उपहार दिए गए। छात्राओं ने डीएम और अन्य अधिकारियों का आभार जताया। कार्यक्रम अधिकारियों और छात्राओं के बीच आत्मीय संवाद का माध्यम भी बना।

# 3 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

- सील जनता सेवा हॉस्पिटल मामले में जांच तेज, भाई ने पुलिसकर्मियों पर लगाया था वसूली का आरोप

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। इटवा के जनता सेवा हॉस्पिटल में सरकारी सील टूटने और कथित तौर पर सील काटने का वीडियो सामने आने के बाद अब मामला पुलिसकर्मियों पर लगे आरोपों तक पहुंच गया है। राकेश यादव के भाई राजेश कुमार यादव ने इटवा थाने में शिकायती पत्र देकर तीन पुलिसकर्मियों पर मारपीट, जबरन थाने ले जाने और वाहन में रखे रुपये को लेकर गंभीर आरोप लगाए। शिकायत के बाद एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने एलआईयू के सिपाही आकाश चौरसिया, कंप्यूटर ऑपरेटर विपुल राय और कांस्टेबल नरेंद्र देव चौहान को लाइनहाजिर कर दिया है। कार्रवाई की पुष्टि स्थानीय रिपोर्टों में भी हुई है। शिकायती पत्र के अनुसार, 24 अगस्त की रात राकेश यादव अपनी बीमार मामी को दवा देने जनता सेवा हॉस्पिटल परिसर में संचालित एमए फार्मा मेडिकल एजेंसी पर गया था। राजेश यादव का आरोप है कि इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी को मौके पर बुलाया। नोडल अधिकारी के जांच के बाद चले जाने पर एलआईयू सिपाही आकाश चौरसिया, कंप्यूटर ऑपरेटर विपुल राय और कांस्टेबल नरेंद्र देव चौहान ने राकेश से पूछताछ की और विवाद बढ़ गया। शिकायत में मारपीट, गाली-गलौज, गले पर चोट पहुंचाने और जबरन थाने ले जाने के आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की पुलिस जांच की जानी है। शिकायत में राकेश यादव को रात करीब 12 बजे से थाने में बैठाए रखने का भी आरोप लगाया गया। साथ ही उसके चारपहिया वाहन को थाने लाने और वाहन में रखे दो लाख रुपये की रकम को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। राजेश यादव ने घटनास्थल और थाने के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कराने, वाहन की जांच कराने और रकम की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। स्थानीय रिपोर्ट के अनुसार शिकायत में दो लाख रुपये के स्थान पर 85 हजार रुपये वापस मिलने का आरोप भी लगाया गया है। हालांकि, पूरे घटनाक्रम की शुरूआत जनता सेवा हॉस्पिटल पर हुई स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से हुई थी। 23 मई की रात सी-सेक्शन के दौरान नवजात की मौत के बाद अस्पताल जांच के घेरे में आया। जांच समिति ने अंतिम निर्णय तक ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बंद रखने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अस्पताल में चिकित्सा गतिविधियां जारी रहने की शिकायत पर 27 जून की रात स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील किया था।

# एसडीएम ने लिया क्षतिग्रस्त मकान का जायजा, सांसद व विधायक ने सौंपी आर्थिक मदद



प्रतापगढ़। बारिश के चलते मकान ढहने को लेकर गुरूवार को एसडीएम तथा खण्ड विकास अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। वही पीड़ित परिवार को विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान हुई। सांगीपुर थाना के ननौती ग्राम सभा के पूरे मादी का पुरवा में माता प्रसाद मिश्र पुत्र रामदुलारे का मकान बारिश के चलते गिर गया। हालांकि जन धन हानि न होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली। गुरूवार को एसडीएम वाचस्पति सिंह राजस्व टीम के साथ पीड़ित के क्षतिग्रस्त मकान का अवलोकन करने पहुंचे। यहां मौजूद सांगीपुर बीडीओ को एसडीएम ने पीड़ित परिवार के लिए आवासीय सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कराये जाने को कहा। वही जानकारी मिलने पर विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने भी प्रभावित परिजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने सांसद व विधायक की ओर से त्वरित सहायता के रूप में परिजनों को दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी सौंपी।

## खेलो इण्डिया संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रतापगढ़। नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में गुरूवार को खेलो इण्डिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ0 ऋचा सुकुमार एवं स्पोर्टस विशेषज्ञ श्याम शंकर मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। संवाद कार्यक्रम में सफल मेधावियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। खेल की बात पीएम के साथ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्यामशंकर मिश्र ने खेल भावना की महत्वता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो0 डॉ0 ऋचा सुकुमार ने छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल से भी जुड़े रहने के प्रति अभिरूचि बनाए रखने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ0 अभिषेक पाण्डेय ने खेल के नियमों की छात्र छात्राओं को जानकारियां प्रदान की। छात्रा मनीषा सरोज, आकांक्षा, साक्षी, श्रद्धा पटेल ने भी अपने विचार रखे। संचालन डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ0 ऐश्वर्य त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 प्रियंका शुक्ला, शुभम सिंह आदि रहे।

## प्रमोद व मोना ने राष्ट्रीय सुरक्षा की मजबूती पर दिया जोर

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रक्षाबंधन के पर्व पर लोगों से राष्ट्रीय सुरक्षा एवं एकता तथा अखण्डता की मजबूती के प्रति संकल्पबद्ध होने का आहवान किया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाई-बहन के पुनीत पर्व रक्षाबंधन के पर्व को मनाने का उददेश्य जरूरतमंद के हितों की रक्षा तथा राष्ट्रीयता की मजबूती के लिए सदैव वचन के प्रति प्रतिबद्धता है। विधायक मोना ने कहा कि सशक्तीकरण के क्षेत्र में बहन की हर मुश्किल घड़ी में रक्षा का भाई का वचन एवं निर्वहन इस पर्व का शाश्वत संदेश है।

# पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



खेसरहा सिद्धार्थनगर, । जिले के थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप मिश्रा के नेतृत्व में थाना खेसरहा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो अभियुक्तों शैलेन्द्र पुत्र स्व. रंगीलाल तथा सुरेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र स्व. विश्वनाथ, निवासी महुआ, थाना खेसरहा को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त थाना खेसरहा में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 126/2026 व 127/2026 में वांछित थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी उपनिरीक्षक श्याम मोहन त्रिपाठी, उपनिरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव सहित थाना खेसरहा पुलिस टीम द्वारा की गई। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

# 62वीं वाहिनी एसएसबी में मनाया रक्षाबंधन



जिला संवाददाता

भिनगा, श्रावस्ती। रक्षाबंधन के अवसर पर 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भिनगा परिसर में भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कमांडेंट श्री अमरेन्द्र कुमार वरुण के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, बहराइच के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्राओं ने एसएसबी के अधिकारियों और जवानों को रक्षासूत्र बांधा और मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इसके बदले एसएसबी की ओर से छात्र-छात्राओं को उपहार दिए गए।

कार्यवाहक कमांडेंट एवं द्वितीय कमान अधिकारी ललेंद्र रत्नाकर ने बच्चों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के प्रेम के साथ-साथ आपसी विश्वास, सुरक्षा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान एसएसबी अधिकारियों और जवानों ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया। कार्यक्रम से सुरक्षा बल और समाज के बीच भाईचारे और आपसी विश्वास को मजबूती मिली।

इस अवसर पर उप कमांडेंट गोबर्धन पुजारी, सहायक कमांडेंट गौतम आजाद, अध्यापक अविनाश कुमार सहित अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी और आशा संगिनी को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

## आपदा के समय अपनी भूमिका निभाने और जोखिम कम करने की दी गई जानकारी



श्रावस्ती। यूनीसेफ के सहयोग से जनपद में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर और आशा संगिनी के लिए आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आपदा जोखिम कम करने तथा आपदा के समय उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने किया। संचालन रेडक्रॉस सचिव अरुण कुमार मिश्र ने किया। सीडीओ ने कहा कि श्रावस्ती में बाढ़ सहित कई तरह की आपदाओं का प्रभाव पड़ता है। ऐसे में गांवों और फील्ड स्तर पर काम करने वाली आंगनबाड़ी और आशा कार्यकताओं को आपदा के समय सही तरीके से कार्य करने की जानकारी होना जरूरी है। इससे आपदा के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। यूनीसेफ की कार्यक्रम निगरानी एवं मूल्यांकन विशेषज्ञ उर्वशी चंद्रा ने बताया कि आंगनबाड़ी और आशा कार्यकताओं के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण से संबंधित प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया गया है। श्रावस्ती में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। कार्यशाला से मिले सुझावों और फीडबैक के आधार पर अक्टूबर से इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान यूनीसेफ के रवि नारायण ने व्यवहारिक भूमिका, प्रो. महावीर गुलेचा ने जलवायु परिवर्तन और अंकिता ने आपदा प्रबंधन चक्र सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन लेखाकार सेजल पाठक ने किया। इस दौरान आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अर्पित कश्यप, नरेंद्र मिश्र सहित नामित प्रशिक्षु मौजूद रहे।

## दुर्घटना में घायल पीड़ित को बढ़े मदद के हाथ



प्रतापगढ़। दुर्घटना में घायल समाचार पत्र विक्रेता की मदद को लेकर सामाजिक संगठन से जुडे लोगों की गुरूवार को सराहनीय पहल दिखी। रानीगंज कैथौला क्षेत्र के पडरी गांव निवासी समाचार पत्र विक्रेता तुलसीराम पटेल हाल ही में सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। घायल के चिकित्सीय उपचार में आर्थिक तंगी की जानकारी मिलने पर सलेम भदारी के श्री संकटमोचन धाम सेवा संस्थान के पदाधिकारी पीड़ित के घर पहुंचे। पदाधिकारियों ने संस्थान की ओर से घायल तुलसीराम को आर्थिक सहायता प्रदान की। ग्रामीणों में संस्थान की इस पहल की सराहना भी हुई दिखी। इस मौके पर शिव विनय सिंह, कुम्भ प्रताप सिंह, नामवर सिंह, दिनेश सिंह, वीरेश, योगेश, धनराज, अनुज सिंह आदि रहे।

## रक्षाबंधन पर बाजार में उमड़ी भीड़

जसवंतनगर, इटावा। रक्षाबंधन त्योहार के मद्देनजर नगर के व्यस्त बाजारों में बढ़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आया। क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने थाना प्रभारी कमल भाटी के साथ नगर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीओ ने बाजार के प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

**कार्यालय, महाप्रबंधक जलकल, नगर निगम, शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 825/PRO/जलकल विभाग/न.नि.शाह./26-27 दिनांक : 27/08/2016

**प्रस्ताव आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम शाहजहाँपुर स्थित 32 KLD क्षमता के FSTP के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु सम्बंधित व्यक्ति/फर्म/एजेंसी जिसे न्यूनतम 3 वर्ष का FSTP संचालन का अनुभव हो से उक्त FSTP के संचालन हेतु 'जहाँ है जैसा है' के आधार पर प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त FSTP के संचालन हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/एजेंसी तकनीकी क्रियान्वयन/संचालन व्यवस्था एवं वित्तीय दरों के दस्तावेज साथ अपने प्रस्ताव/आवेदन दिनाँक 10.09.2026 तक सायं 5 बजे तक नगर निगम जलकल विभाग कार्यालय में दे सकते हैं। विस्तृत जानकारी/कार्य के विवरण, नियम व शर्तों/निदेशों तथा FSTP विजिट हेतु 08.09.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय महाप्रबंधक जलकल, नगर निगम शाहजहाँपुर में संपर्क किया जा सकता है।

बिना कारण बताए किसी भी प्रस्ताव को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा।

नगर आयुक्त
नगर निगम शाहजहाँपुर

# सिद्धार्थनगर में 51 महिलाओं को मिला नारी गौरव सम्मान




जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। बुधवार देर रात शहर के एक होटल में 'रक्षा सूत्र-नारी सम्मान समारोह-2026' का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता, समाजसेवा, प्रशासन, धार्मिक, न्यायिक, साहित्यिक और खेल समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी कार्य करने वाली 51 महिलाओं को 'नारी गौरव सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र, भारत सरकार की सेवानिवृत्त उप निदेशक साधना श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि डीएम शिवशरणप्पा जीएन की पत्नी और आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. तनुषा टीआर ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और कार्यक्षमता का शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। नारी केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत आधारशिला भी है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मान मिलने से उनका उत्साह बढ़ता है। साथ ही दूसरी महिलाओं और बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

विशिष्ट अतिथि एसडीएम सदर रेणु मिश्रा ने कहा कि महिलाओं में असीम क्षमता है। दृढ़ संकल्प और मेहनत के साथ वे किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकती हैं। एसडीओ वन वीना तिवारी ने समाज के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की बराबर भागीदारी को जरूरी बताया।

महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी समस्या की स्थिति में महिलाएं बिना संकोच पुलिस की मदद ले सकती हैं।

अलग-अलग क्षेत्रों की महिलाओं का सम्मान सम्मान पाने वाली महिलाओं में डॉ. ममता गुप्ता, डॉ. अनीता द्विवेदी, डॉ. अनु मोदी, डॉ. कविताांशु, शारदा रावत, नाज प्रवीन, सुशीला मिश्रा, अंजू श्रीवास्तव, सरिता गौतम, सीमा श्रीवास्तव, प्रीती, सुमन ओझा, मोनी वर्मा, मनोरमा पांडेय, रीना मिश्रा, मन्नो मिश्रा, रजनी सिंह राजपूत, जेबा मुईम, सुधा त्रिपाठी, प्रियंका वर्मा, शर्मिला अग्रहरी, प्रिया कुमारी अग्रहरी, रोशनी गौतम, अनामिका शुक्ला, प्रीती शुक्ला, सलोनी उपाध्याय, किरन लता सिंह, प्रीती लता, नेहा गौड़, अंजली राजपूत, प्रिया जायसवाल, वंदना चतुर्वेदी और रेशमा जायसवाल सहित कुल 51 महिलाएं शामिल रहीं।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड नं.-2, (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ**

पत्रांकः-1644/ई-टेन्डर/2026-27 दिनांकः 24.08.2026

**ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)**

1. महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग के श्रेणी-ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रु. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं.-18 टाइप-5 छत की मरम्मत कर छत पर वाटर प्रूफिंग करने का कार्य एवं आवास में दीमक रोधी उपचार करने का कार्य। | 2.33 | 23300.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 2 | लखनऊ | माल एवेन्यू स्थित बंगला सं.-2 में जर्जर हो चुके सर्वेन्ट रूम के प्लास्टर की मरम्मत करने के उपरान्त रंगाई पुताई एवं सर्वेन्ट रूम की छत की मरम्मत कर वाटर प्रूफिंग करने व आफिस रूम टाइल्स लगाने का कार्य एवं एल्युमिनियम का दरवाजा लगाने एवं अस्थाई शेड बनाने का कार्य।'' | 3.12 | 31200.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 3 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज-2 मंत्री आवास स्थित आवास सं.-4 टाईप-6 में अध्यासन परिवर्तन के कारण दीमक के कारण क्षतिग्रस्त कमरों की खिड़कियों व अलमारियों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त टीन शेट की मरम्मत, फर्श पर लगी क्षतिग्रस्त कोटा स्टोन की मरम्मत, एल्युमिनियम पार्टीशन, छत पर वाटर प्रूफिंग का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 4.17 | 41700.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 4 | लखनऊ | विधायक निवास-1 दारूलशफा के आवास सं.-20ए के आवास में अलमारी बनाने का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धी कार्य। | 0.80 | 8000.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 5 | लखनऊ | विधायक निवास-1 स्थित आवास सं.-103/1बी के हाल में एल्युमिनियम पार्टीशन कराने का कार्य, एक खिड़की की चौखट बदलने का कार्य एंव अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 0.50 | 5000.00 | 650.00 | 30 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 31.08.2026 जो दिनांक 05.09.2026 तक उपलब्ध है जो दिनांक 05.09.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है। इसकी निविदा दिनांक 05.09.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक 31.08.2026 से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
अनुरक्षण खण्ड-2 (सिविल),
लो.नि.वि., लखनऊ
ई-मेलः maintenancedivision2pwd@gmail.com

UPID-255233 Date: 27.08.2026
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## नवागत तहसीलदार ने कार्यभार संभाला



पाटन, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पाटन में नवागत तहसीलदार प्रियंका तिवारी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपनी प्राथमिकताएं बताईं। तहसीलदार ने कहा कि राजस्व संबंधी विवादों का पारदर्शी एवं निष्पक्ष निस्तारण तथा जन शिकायतों का न्यायपूर्ण समाधान उनकी प्रमुख प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े, इसके लिए प्रतिदिन सुबह अपने कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनके शीघ्र निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने राजस्व मामलों में पारदर्शिता बनाए रखने तथा फरियादियों को न्याय दिलाने के लिए संबंधित कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही।

## गहरे गड्ढों को नगर पालिका ठीक करायेगी

भरथना, इटावा। रेलवे उपरिगामी सेतु में हुए गहरे गड्ढों को नगर पालिका प्रशासन ठीक करायेगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने उक्त जनसमस्या का संज्ञान लेकर बरसात समाप्त होने पर उपरिगामी सेतु के गड्ढों की मरम्मत करवाने का भरोसा दिलाया। भरथना-इटावा मार्ग को भरथना-बकेवर मार्ग से जोड़ने वाले रेलवे उपरिगामी सेतु में बड़े गड्ढे हो जाने के कारण राहगीरों व वाहनस्वामियों को आवागमन में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त गड्ढों में पानी भर जाने के कारण कई बार राहगीर मामूली रूप से चोटिल भी हो गये हैं। बुधवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अजय यादव गुल्लू के पुत्र, प्रतिनिधि सार्थक यादव छोटू ने उक्त स्थान की समस्या का संज्ञान लिया। उन्होंने बताया कि उक्त उपरिगामी सेतु लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत आता है, किन्तु विभाग द्वारा उक्त समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बारिश बन्द होते ही नगर पालिका प्रशासन उक्त गड्ढों को कंक्रीट आदि भरवाकर गड्ढामुक्त करने का कार्य करेगी। ताकि किसी भी सम्भावित घटना दुर्घटना से बचा जा सके और यातायात व्यवस्था सुगम हो सके। इस दौरान राजेश यादव पण्डा, सभासद वीरेन्द्र बाबू, मुकेश यादव, अरविन्द यादव, अजीत यादव, चन्द्रशेखर आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## कार्यालय में बैठक का आयोजन

इटावा। उपजिलाधिकारी सदर ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित की गयी टीम के साथ गुरुवार को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में बैठक आहूत की गयी। बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद में समस्त चीनी थोक विक्रेता या फुटकर विक्रेताओं द्वारा जनपद में सरकार द्वारा निर्धारित रेट पर ही चीनी क्रय-विक्रय किया जाएगा साथ ही समस्त थोक विक्रेता या फुटकर विक्रेता अनाधिक अवधि के लिये किसी भी प्रकार का भंडारण नहीं करेगा।

## डीएम एसएसपी ने केंद्रीय जेल का निरीक्षण किया

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की स्थिति, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, तलाशी व्यवस्था एवं कारागार में निरुद्ध बंदियों की सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा कारागार में साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं एवं बंदियों के पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र सह प्रमाणपत्र वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1344606 व इण्टरमीडिएट का अंक पत्र सह प्रमाणपत्र वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0992257 की मूल प्रतियां वास्तव में कहीं खो गयी है। संजो देवी पुत्री कमलेश कुमार निवासी ग्राम खुशुरूपुर पोस्ट जमुनिया कच्छ फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

# राखी बांधकर पुलिस कर्मियों से लिया रक्षा का वचन

### रक्षाबंधन पर छात्राओं ने गीडा थाना पहुंचकर पुलिसकर्मियों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र



पिपरौली, गोरखपुर। रक्षाबंधन पर्व के पूर्व स्व. रामरती देवी कन्या इंटर कॉलेज देईपार, पिपरौली की छात्राओं ने बृहस्पतिवार को गीडा थाना मुख्यालय पहुंचकर पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और उनसे अपनी सुरक्षा का वचन लिया। छात्राओं द्वारा पुलिसकर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने का यह कार्यक्रम भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और समाज में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को मजबूत करने वाला रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक परमेश्वर पांडेय उर्फ सोनू पांडेय ने कहा कि विद्यालय परिवार की ओर से रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर पूर्व में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की बुनियाद पर आधारित पर्व है और विद्यालय परिवार की ओर से सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय की छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनसे रक्षा का वचन लिया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने भी छात्राओं को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पिपरौली चौकी इंचार्ज अमरेश कुमार सिंह, एसएसआई राकेश कुमार पांडेय सहित दर्जनों पुलिसकर्मी एवं विद्यालय की छात्राएं मौजूद रहीं।

## हस्तनिर्मित राखी प्रतियोगिता आयोजित



बनवारपार, गोरखपुर। रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर शिव पूजन मौर्या सेंट्रल अकादमी देईडिहा में हस्तनिर्मित राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा और कल्पनाशक्ति का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं सुंदर राखियां तैयार कीं, जिन्हें देखकर सभी ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष राम प्रकाश मौर्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन मे बच्चों को रक्षा बंधन के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि जिस तरह हम अपनी बहनों का सम्मान करते हैं, उसी तरह समाज की सभी बेटियों और बहनों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि इस रक्षा बंधन पर बहनें अपने भाइयों से यह संकल्प लें कि वे अपनी बहन की तरह ही दूसरी बहनों की भी इज्जत और सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सम्मान की भावना समाज को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि प्रकाश ने किया। इस अवसर पर कृष्णानंद, सौरभ, पूजा मौर्या, संजय कुमार प्रसाद, उमाशंकर मौर्य, अवधेश मणि, प्रियांशु पाण्डेय, शिल्पा, रुचि, सीमा, रेणुका, मीना, नीरा, कंचन, गरिमा, नीलाक्षी, सोनी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## बल्देव मिष्ठान भंडार में शुद्ध देसी घी का घेवर बना आकर्षण: विश्वास



इटावा। रक्षाबंधन के पावन पर्व को लेकर शहर के बाजारों में मिठाइयों की मांग बढ़ गई है। भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के इस पर्व पर मिठाई की दुकानों पर विशेष तैयारियां की गई हैं। इसी क्रम में बल्देव मिष्ठान भंडार पर रक्षाबंधन के लिए विशेष रूप से स्वादिष्ट एवं शुद्ध मिठाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। बल्देव मिष्ठान भंडार के प्रो. नरेश चन्द्र यादव के बेटे विश्वास यादव ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए शुद्ध देसी घी से तैयार स्वादिष्ट घेवर विशेष रूप से उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही ग्राहकों के लिए सोन पापड़ी सहित विभिन्न प्रकार की मिठाइयां भी तैयार की गई हैं। उन्होंने बताया कि आजकल लोग स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक हो रहे हैं। ग्राहकों की मांग को देखते हुए मिष्ठान भंडार में शुगर फ्री घेवर की भी शुरूआत की गई है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शुगर फ्री घेवर को विशेष रूप से ऐसे ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो कम चीनी वाली मिठाई पसंद करते हैं। उन्होंने ने बताया कि रक्षाबंधन पर बहनों द्वारा भाइयों के लिए मिठाई ले जाने की परंपरा को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में मिठाइयों की तैयारी की गई है। उन्होंने ग्राहकों को शुद्धता, गुणवत्ता और स्वाद का विशेष ध्यान रखते हुए मिठाइयां उपलब्ध कराने की बात कही।

## रौनक इटावी आवास पर हुआ नातिया मुशायरा



इटावा। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रौनक इटावी के यहां नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इनाम उल्ला खान बबलू, विशिष्ट अतिथि शाहिद सिद्दीकी लल्ला समाजसेवी अध्यक्षता सैय्यद हाशिम नाईमी ने निजामत रौनक इटावी ने की। कार्यक्रम का आगाज तिलावते कुरआन ने पाक से हुआ तालिब लाईक ने कहा खुदा का नूर लिबासे बशर में आयेगा तबी तो आज सुहानी ये रात लगती है। हादी हसन ने कहा दरे हबीब का हम एहतराम करते हैं मलायका जहां पर सलाम करते हैं। साबिर हुसैन ने कहा जा अजल जा अभी इन आंखों ने रोज ए मुस्तफा नहीं देखा। रौनक इटावी ने कहा घर आमना के देखिए सरकार आ गये खुशियां मनाओ अहमद ए मुख्तार आ गये। हाशिम नाईमी ने कहा बरसों पहले देखा था जो सपना कब पूरी उसकी ताबीर होगी। हाफिज उमर बरकाती, हाफिज कारी शहबाज अनवर, हाफिज कैफ रजा, आजम खान बशर, सोहेल वारसी, अजहर एड, आदिल चिश्ती, कैफ कुरैशी ने कलाम पेश किए। कार्यक्रम के संयोजक मो. आजम, मो आरिफ खान, इमरान खान, अदनान, फैज, शाहजान ने आये हुए मेहमानों माला पहनाकर इस्तकबाल किया। इस मौके पर हाजी अजीम वारसी, हाजी रईस चिश्ती, वाईके शफी, शेख नवाब, कामिल कुरैशी, कासिम बाबा, ओसाफ, शेऐब, फय्याज, दिलशाद पहलवान, अहमद अली, कामरान अशरफी, चमन वारसी, रेहान खां, हाजी सरफराज खान, असलम, अनस, शेख शकील, हाजी शेख आफताब, फैजान वारसी मौजूद रहे।

## बच्चों ने पुलिस अंकल के साथ पेड़-पौधों को राखी बांधी



उन्नाव। रक्षाबंधन के अवसर पर पेड़-पौधों की रक्षा के लिए एक अनूठी पहल की गई। ट्री मैन के नाम से मशहूर पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्र द्वारा चलाई जा रही वृक्ष संरक्षण मुहिम के तहत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को वृक्ष रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक अनूप मिश्र ने अपनी पत्नी सब इंस्पेक्टर रीना पाण्डेय, विद्यालय प्रभारी नुपुर श्रीवास्तव और बच्चों के साथ पेड़-पौधों को राखी बांधी। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को वृक्षों रक्षा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अनूप मिश्र ने बच्चों को पेड़-पौधों का महत्व समझाया, उन्होंने बच्चों को वृक्षों की देखरेख करने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में पुलिस दंपति अनूप मिश्र और रीना पांडेय ने बच्चों को चॉकलेट और मिठाई भी भेंट की। अभियान संयोजक अनूप मिश्र ने बताया कि इस मुहिम के तहत जनपद के 100 से अधिक सरकारी स्कूलों और एक लाख से अधिक लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से अभी तक जोड़ा गया है। पेड़-पौधों की रक्षा के लिए आम जनमानस को व्हाट्सएप संदेश भेजकर रक्षाबंधन पर्व को पर्यावरण रक्षा उत्सव के रूप में मनाने की अपील की जा रही है। उप निरीक्षक अनूप मिश्र ट्री मैन के नाम से भी मशहूर हैं वो अब तक एक लाख से ज्यादा पौधे लगा चुके हैं, इसी कड़ी में उन्होंने रक्षा बंधन के पर्व पर उन्नाव के सरकारी स्कूल में वृक्ष रक्षाबंधन मुहिम की अनोखी पहल की है।

## राखी भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की मजबूती का संकल्प




गगहा, गोरखपुर। क्षेत्र के भैंसहा स्थित लीलावती सिंह स्मारक इण्टर कालेज में गुरूवार को रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास एवं भाई-बहन के पवित्र प्रेम की भावनाओं के साथ मनाया गया। विद्यालय की छात्राओं ने छात्र भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं छात्रों ने भी अपनी बहनों की सुरक्षा, सम्मान और हर सुख-दुःख में साथ देने का संकल्प लेकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राधामोहन सिंह व उप प्रबंधक सुधाकर तिवारी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं इस पवित्र रिश्ते की गरिमा को समझते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव और संस्कार का संदेश दें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार, उप प्रधानाचार्य दिनानाथ, प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव, कोर्डिनेटर रिहांश सिंह ठाकुर, दीप चन्द, अभिमन्यु साहनी, ज्ञान प्रकाश सिंह, राम सिंह यादव, मोनू गुप्ता, संजना पाण्डेय, हर्षिता पाण्डेय, अंशू यादव, महिमा, काव्या पाण्डेय, नेहा यादव, सीमा, अनुष्का पाण्डेय, अश्वनी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एसएसपी ने स्कूली छात्राओं से राखी बंधवायी

इटावा। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पुलिस द्वारा राखी विद खाकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में यश इंटरनेशनल स्कूल एवं सेन्ट मारिया एसएम स्कूल, इटावा की छात्राओं द्वारा



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी गई। छात्राओं द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन, सुख-समृद्धि एवं सफलता की मंगलकामना की गई। राखी बांधने के बाद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा छात्राओं को स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं सहयोग के प्रति सदैव तत्पर रहने का विश्वास दिलाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं को स्नेहपूर्वक चॉकलेट एवं मिठाई के साथ उपहार भेंट किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं पुलिसकर्मियों के मध्य आत्मीय संवाद भी हुआ। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीष चन्द्र, क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन, जसवंतनगर आयुषी सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन पर्व को लेकर प्रशासन सक्रिय, बक्सर घाट का निरीक्षण किया




पाटन, उन्नाव (वीओएल)। रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गौड़ एवं उपजिलाधिकारी बीघापुर आनंद कुमार नायक ने तहसील बीघापुर क्षेत्र अन्तर्गत मां चंद्रिका धाम स्थित बक्सर घाट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने घाट की साफ-सफाई के साथ गंगा के बढ़े जलस्तर का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट पर मौजूद व्यवस्थाओं को देखा तथा गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को घाट पर साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए भीड़ नियंत्रण और आवागमन व्यवस्था को लेकर भी सतर्क रहने को कहा गया। गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थान पर ही स्नान कराने तथा नदी के गहरे पानी की ओर जाने से रोकने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस प्रशासन की ओर से घाट एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने तथा जरूरत के अनुसार पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुप नाथ मिश्रा, थाना बारासगवर प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, ग्राम प्रधान राम बदन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## छात्राओं ने एसडीएम व तहसीलदार को बांधी राखी



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित एल पी एम पब्लिक स्कूल में गुरूवार को रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्राओं की एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसील के उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को सम्मानपूर्वक रक्षासूत्र (राखी) बांधकर उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की। अधिकारियों ने बच्चों को स्नेह व आशीर्वाद प्रदान करते हुए समाज में सुरक्षा कर्तव्यनिष्ठा और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। छात्राओं ने स्कूल में समारोह की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर रक्षाबंधन गीत से हुई। इसके पश्चात बच्चों ने रक्षाबंधन के महत्व पर भावपूर्ण कविताएं पढ़ीं और रक्षाबंधन के पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व पर प्रभावी संभाषण प्रस्तुत किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने पूरे वातावरण को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया। इस खास मौके पर स्कूल की छात्राओं ने अपने सहपाठियों को तिलक लगाया और उनकी कलाई पर रंग बिरंगी राखियाँ बाँधी। बच्चों की मासूम हँसी और स्कूल के उत्सव भरे माहौल से पूरा स्कूल जगमगा उठा। इस अवसर पर स्कूल के संरक्षक व पूर्व चेयरमैन गिरधारी लाल स्वर्णकार, प्रबंधक भागीरथी स्वर्णकार, प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा, प्रधानाचार्या एकता वर्मा व रेवरेण्ट डी के सिंह ने कहा कि आज के आधुनिक युग में भी हमारी परंपराएं हमें एकजुट रखती हैं। इस अवसर पर मनीष यादव, अनूप सिंह व इन्द्रजीत सिंह, प्रमोद मिश्रा, किरण यादव, मनोज पाण्डेय, शैलेश त्रिपाठी, दुर्गेश धर दुबे; रमेश कुमार यादव, शिव शंकर पंडित, शुभम मिश्रा, अर्जुन प्रजापति तथा शिक्षिका पूजा त्रिपाठी अनुपमा राय सुमैला अख्तर राजकन्या नरगिस ज्योति विश्वकर्मा ज्योति यादव खुशी सिंह नीतू दुबे सहित आदि मौजूद रहे।

## राखी बांधकर बहनों ने रक्षा का वचन लिया



फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। क्षेत्र के कस्बा ऊगू स्थित शिवराज सिंह पटेल इन्टर कालेज की छात्राओ ने रक्षा बंधन के अवसर पर गुरुवार को पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर निशांत गुप्ता तथा ऊगू चैकी प्रभारी प्रवीण कुमार को राखी बांधी इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहा। दोनों लोगों ने छात्राओं को भेंट देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और हर संभव मदद एवं सुरक्षा का भरोसा दिया।

## डीएसएन कॉलेज उन्नाव में खेल की बात पी एम मोदी जी के साथ

उन्नाव। खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम में खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से डी एस एन महाविद्यालय उन्नाव को बी श्रेणी में रखा गया था। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से यूथ आईकॉन ऋषि वैभव श्रुति शुक्ला एवं स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से अंबोली त्रिवेदी ने इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ रचना त्रिवेदी के निर्देशन में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। राजकीय महाविद्यालय उन्नाव से डॉ रितेश, डी एस एन कॉलेज उन्नाव से डॉ विपिन सिंह एवं डॉ सत्यम ने युवाओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए खेलों के महत्व को समझा और स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के प्रति प्रेरणा प्राप्त की।

## छात्रा से मोबाइल छिनैती का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**इटावा।** छिनैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए इटावा पुलिस द्वारा अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ मे किया गिरफ्तार। कब्जे से लूटा गया मोबाइल एंड्राइड फोन, अवैध तमंचा 315 बोर, जिंदा व खोखा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस टीम एवं थाना सिविल लाइंस पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

19 अगस्त को वादी चन्द्रवीर सिंह पुत्र सतीश चन्द्र निवासी गाँधीनगर थाना फ्रेंडस कालोनी द्वारा थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी गयी कि 18 अगस्त को उनकी पुत्री समय करीब शाम 7 बजे बलराम सिंह चैराहे से कोचिंग पढ़कर पैदल अपने घर जा रही थी जैसे ही वह जीआईसी स्कूल ग्राउंड के गेट के पास पहुँची, तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनकी पुत्री का मोबाइल फोन छीनकर भाग गये। तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन पर मुकदमा दर्ज किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में बुधवार को एसओजी, सर्विलांस एवं थाना सिविल लाइन पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि जीआईसी स्कूल के पास से युवती का फोन छीनने वाला अभियुक्त मोटर साइकिल से लाइन सफारी की ओर आ रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों द्वारा ठंडी पुलिया लाइन सफारी के पास घेराबंदी की गयी तभी मोटर साइकिल आती दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया तो मोटर साइकिल सवार द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिग की गयी। जिस पर आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गयी तो अभियुक्त शुभी के दाहिने पैर में गोली लगी। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने शुभी राजपूत पुत्र रामप्रकाश राजपूत निवासी ग्राम किल्ली सुल्तानपुर थाना बसरेहर को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में निरीक्षक केके मिश्रा प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ.नि. हासिक मौजूद रहे।


## कार्यालय समुचित सरकार/जिला कलेक्टर, देवरिया

पत्रांकः 1478 (vi)/आठ-उप भ.अ.अधि./देवरिया — दिनांक 27.08.2026

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद देवरिया में गुर्रा नदी के दाये तट पर स्थिति पंचलड़ी तटबन्ध के ग्राम-रतनपुर के पास कि.मी. 2.700 से 2.950 एवं कि.मी. 3.050 से 5.300 एवं ग्राम ईश्वरपुर के पास कि.मी. 5.2550 से कि.मी. 5.450 के मध्य कटाव निरोधक कार्य तथा कि.मी. 1.500 से 3.300 निर्माण हेतु कुल 0.04031 हेक्टेअर निजी भूमि का अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तावित भूमि के अर्जन से पूर्व भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 की धारा-4 के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट व सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना नामित एजेन्सी AGRIMA D-52 III FLOOR STREET NO.15 WEST VINOD NAGAR DELHI 110092 द्वारा तैयार की गई है।

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-5 तथा भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली-2016 के नियम-7 (1) के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण (Social Impact Assessment) रिपोर्ट व सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना पर जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 25.08.2026 के अन्तर्गत निम्नांकित अधिकारी द्वारा नियत स्थान दिनांक व समय पर लोक सुनवाई की जायेगी।

| क्र. सं. | लोक सुनवाई हेतु नामित अधिकारी का नाम व पदनाम | ग्राम का नाम | लोक सुनवाई का स्थान | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री चन्द्रशेखर वर्मा तहसीलदार रूद्रपुर | रतनपुर | तहसील रूद्रपुर सभागार | 07.09.2026 | पूर्वान्ह 11.00 बजे |

उपरोक्तानुसार अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सामाजिक समाघात आकलन रिपोर्ट (Social Impact Assessment) व सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना पर यदि कोई आपत्ति/सुझाव है, तो वह इसे नियत तिथि/समय व स्थान पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

उप भूमि अध्याप्ति अधिकारी
देवरिया

संक्षेप

## चौपाल लगाकर बचाव और सतर्कता की जानकारी दी गयी



मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव ककराही में वन विभाग के अधिकारियों ने पहुंच कर तेंदुए के हमले में घायल के पी का हाल जाना और चौपाल लगाकर ग्रामीणों को बचाव और सतर्कता को लेकर जानकारी दी है। गुरुवार को डीएफओ तापस मिहिर, डिप्टी रेंजर मोहम्मद उमर, सुरेंद्र पाल, वन दरोगा विजय सिंह, अखिलेश सिंह, रोहित श्रीवास्तव अपने स्टाफ कर्मियों के साथ गांव पहुंचे और घायल का हाल जाना वहीं चौपाल लगाकर ग्रामीणों को वन जीव से बचाव और सतर्कता को लेकर जानकारी साझा की है उन्होंने कहा कोई वन जीव दिखाने पर उसे खदेड़ने का काम न करें समय रहते वन विभाग के अधिकारियों को घटना की सूचना दें जिससे बगैर क्षति हुई वन जीव को पकड़ने में सहायता मिलेगी। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की बात कही है। वन विभाग के अधिकारी लगातार ड्रोन कैमरा से निगरानी कर रहे हैं लोकेशन ट्रेस होते ही कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

## भाइयों को तिलक लगाकर बांधा रक्षा सूत्र

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के शिक्षण संस्थानों में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का वचन लिया है भाइयों ने बहनों को उपहार देकर वचन निभाने का वादा दिया है। उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी, दून पब्लिक स्कूल, न्यू एन टी आई पब्लिक स्कूल, टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, ऑक्सफोर्ड एकेडमी, ब्रेनिटी पब्लिक स्कूल समेत प्रमुख विद्यालयों में रक्षाबंधन के त्यौहार की पूर्व संध्या पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की बहनों ने भाइयों को मंगल टीका लगाकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनसे जीवन के हर संकट में साथ निभाना का वचन लिया है भाई भाइयों ने बहनों को उपहार देकर सम्मानित करते हुए उनकी हर मुसीबत में उनकी रक्षा करने का वचन दिया है। विद्यालयों के प्रबंधक डॉक्टर गुरमेजर सिंह, शाहनवाज खां, आनंद गुप्ता, अनिल गुप्ता, फरहान खां इस मौके पर सभी छात्र-छात्राओं को त्यौहार की शुभकामनाएं दी हैं।

## महिला की नहीं हो सकी शिनाख्त

लखीमपुर-खीरी। थाना पढ़ुआ क्षेत्र की ढखेरवा पुलिस चौकी के अंतर्गत बुधवार, 26 अगस्त को एक अज्ञात महिला ने ढखेरवा चौराहे के पुराने पुल से शारदा नहर में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों और राहगीरों की कड़ी मशक्कत के बाद महिला को नहर से बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमिया बेहड़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की उम्र करीब 60 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। बताया गया है कि महिला के दाहिने हाथ पर परिक्रमा प्रसाद नाम लिखा हुआ है। पुलिस इसी आधार पर महिला के परिजनों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# गलत जवाब पर तनाव नहीं, गलती पकड़ने की जिद पैदा करें

### जीआईसी में विद्यार्थियों से संवाद कर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बढ़ाया हौसला




लखीमपुर खीरी। राजकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बच्चों को पढ़ाई के साथ जीवन में आगे बढ़ने के गुर बताए। उन्होंने मंच पर बोलने के डर, पढ़ाई में एकाग्रता और सवालों के गलत उत्तर आने पर तनाव जैसे विद्यार्थियों के सवालों का सहज अंदाज में जवाब दिया। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र व प्रधानाचार्य डॉ. जगत प्रकाश सिंह की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डीएम ने कहा कि संवाद कभी एकतरफा नहीं हो सकता। बच्चे जब तक सवाल नहीं पूछेंगे, तब तक संवाद और शिक्षा दोनों अधूरे रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मन में चल रहे सवाल, समस्याएं और भविष्य के सपने बिना झिझक साझा करें। एक छात्र ने मंच पर आकर बोलने में डर लगने की समस्या बताई। डीएम ने कहा कि यह स्थिति केवल बच्चों के साथ नहीं होती, बल्कि बड़े लोगों को भी कभी-कभी इसका सामना करना पड़ता है। जब हम सामने वाले को खुद से बहुत बड़ा मान लेते हैं तो झिझक पैदा होती है। इसका सबसे बेहतर इलाज अभ्यास है। लगातार बोलने और प्रयास करने से डर अपने आप खत्म हो जाता है। एक छात्र ने सवाल किया कि जल्दबाजी में सवाल हल करते समय कुछ स्टेप छूट जाते हैं। तरीका सही होने के बावजूद उत्तर गलत आने पर तनाव होने लगता है।

### लक्ष्य तय करो, विकल्पों में मत उलझो

पढ़ाई के समय फोकस न बन पाने के सवाल पर डीएम ने कहा कि मन में कई विकल्प चलने लगें तो एकाग्रता टूट जाती है। कभी लगता है पढ़कर क्या होगा, कभी दोस्त खेलते नजर आते हैं तो कभी किसी दूसरे काम का ख्याल आने लगता है। ऐसे में सबसे पहले लक्ष्य तय करना जरूरी है।

### संघर्ष का मैदान छोड़कर मत आना

डीएम ने कहा कि सवाल समझ में न आए तो शिक्षक से पूछें। जरूरत हो तो उपलब्ध अन्य माध्यमों की भी मदद लें, लेकिन प्रयास बंद न करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि संघर्ष का मैदान छोड़कर मत आओ। कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती, कोशिश करने वालों की जीत होती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खुलकर सवाल पूछे। डीएम ने उनके सवालों का जवाब देते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पण, नियमित अभ्यास और असफलता से सीखने की प्रेरणा दी।

इस पर डीएम ने कहा कि गलत उत्तर पर तनाव नहीं, गलती पकड़ने की जिद पैदा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर गलत आने के बाद यह सोचें कि गलती हुई कहां। जब तक सही उत्तर न मिल जाए, सवाल को दोबारा हल करते रहें। जरूरत पड़े तो एक ही सवाल 10 बार हल करें, लेकिन यह पता लगाए बिना आगे न बढ़ें कि गलती क्यों हुई। डीएम ने बताया कि स्टेप छोड़ने के दो कारण हो सकते हैं। अभ्यास के कारण कुछ स्टेप दिमाग में ही हल हो जाना दक्षता का संकेत है। लेकिन यदि अगले स्टेप का तरीका ही मालूम नहीं है और जल्दबाजी में उसे छोड़ दिया गया है तो इसका मतलब है कि सवाल अभी पूरी तरह समझ में नहीं आया।

## कांवड़ियों के लिए एक माह से चल रहे भंडारे का पूजन-अर्चन के बाद हुआ समापन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सावन माह में शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा के लिए मोहम्मदी रोड पर आदर्श सोनी की ओर से एक माह तक लगातार चलाए गए भंडारे का गुरुवार को विधिवत पूजन-अर्चन के साथ समापन हो गया। पूरे सावन माह में भंडारे के माध्यम से कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं को भोजन, प्रसाद और जलपान उपलब्ध कराया गया। गुरुवार को भंडारे के समापन अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन किया गया। भगवान भोलेनाथ की आराधना के साथ सेवा कार्य के सफल संचालन के लिए उनका आभार जताया गया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और कांवड़ियों के मंगल की कामना की गई। सावन माह में मोहम्मदी रोड से होकर गुजरने वाले शिवभक्त कांवड़ियों के लिए लगातार एक माह तक भंडारा चलाना सेवा और श्रद्धा का विशेष उदाहरण रहा। आयोजक आदर्श सोनी ने भंडारे के संचालन में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा का अवसर मिलना स्वयं में सौभाग्य की बात है। समापन अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, अनिल जलोटा, सौरभ सोनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, भाजपा नेता मोंटी गिरि, रविंदर कटियार, शत्रोहन मिश्रा, विजय मिश्रा, सचिन सिंह, अवधेश मिश्रा, बीडी वर्मा, पटेल सुशील वर्मा, अनुज खरे और मनोज वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन भंडारण कक्ष एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था समेत वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम भंडारण कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी संबंधित कर्मचारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण तथा निगरानी व्यवस्था को लेकर भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भंडारण कक्ष की सुरक्षा और व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। नियमित रूप से निगरानी की जाए और निर्धारित मानकों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और निर्वाचन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## खेलो इंडिया संवाद में युवाओं को खेल और स्वस्थ जीवनशैली के लिए किया प्रेरित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। युवाओं को खेलों से जोड़ने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय के पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के दिशा-निर्देशन में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका साक्षी दीक्षित ने सरस्वती वंदना एवं वंदे मातरम् गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा और सुना। कबड्डी खिलाड़ी डॉ. गौरव अवस्थी ने अपने खेल अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षण, खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों और खेलों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने वर्ष 2036 में भारत के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए मजबूत दावेदारी का उल्लेख करते हुए युवाओं से खेलों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। एथलीट शिव शंकर ने खेल और योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए युवाओं को नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। एथलीट शहनवाज खान ने प्रशिक्षण, उचित आहार और खेल के प्रति समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। माय भारत लखीमपुर-खीरी के प्रतिनिधि संदीप वर्मा एवं नवीन कुमार ने छात्र-छात्राओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी आदर्श पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में खेलों के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार और करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. योगेश कनौजिया ने आभार व्यक्त किया। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी आदर्श पटेल ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. विवेक कुमार सिंह, सुनील गुप्ता, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. मनोज कुमार सरोज, डॉ. राजीव कुमार शर्मा, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. बृजगोविन्द, डॉ. विश्वनाथ, अनिल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्लाईवुड कारोबारियों ने सौपा ज्ञापन

सीतापुर। औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की बदहाल व्यवस्था से परेशान प्लाईवुड कारोबारियों का बुधवार शाम सब्र टूट गया। बार-बार ब्रेकडाउन, लाइन बंद होने और ट्रिपिंग के चलते उद्योग प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए तंबौर प्लाईवुड एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था सुधारने की मांग की। कारोबारियों का कहना है कि लाखों-करोड़ों रुपये का विद्युत बिल चुकाने के बावजूद उद्योगों को निर्बाध बिजली नहीं मिल पा रही है। एसोसिएशन के अनुसार तंबौर सबस्टेशन के इंडस्ट्रियल फीडर से प्लाईवुड से जुड़े 50 से अधिक उपभोक्ता जुड़े हैं। इनसे विभाग को हर माह करीब एक करोड़ रुपये से अधिक का विद्युत राजस्व मिलता है। इसके बावजूद रोजाना ब्रेकडाउन और लाइन बंद होने से कारखानों में उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

## बुजुर्ग को जहरीला सांप डसा, अस्पताल पहुंचते ही थमीं सांसें

सीतापुर। गोदाम के कमरे की सफाई करना 65 वर्षीय बुजुर्ग को भारी पड़ गया। कमरे में छिपे जहरीले सांप ने सफाई के दौरान उन्हें डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली बिसवां क्षेत्र के अहमदाबाद गांव निवासी लालता प्रसाद (65) पुत्र मनोहर गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपने गोदाम के कमरे की सफाई कर रहे थे। बताया गया कि कमरे में पहले से छिपे सांप ने अचानक उन्हें डस लिया। सांप के डसते ही उनकी हालत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए उन्हें लेकर सीएचसी बिसवां पहुंचे। चिकित्सकों ने बुजुर्ग की गंभीर हालत को देखते हुए उपचार शुरू किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। इलाज के दौरान लालता प्रसाद ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर घर पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद गांव में भी शोक का माहौल है।

## नीम के पेड़ से लटका मिला रोहित का शव, तलाश के बाद बाग में पहुंची मौत की खबर

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के नबीनगर निवासी रोहित कुमार गौतम (25) का शव गुरुवार को रमूवापुर मोड़ के पास लिप्टिस की बाग में नीम के पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। रोहित बुधवार शाम करीब पांच बजे घर से निकला था। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार को बाग में उसका शव देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक रोहित मानसिक रूप से अस्वस्थ था। हालांकि उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की असल वजह स्पष्ट होने की उम्मीद है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

## विद्या निकेतन में प्रेम और सांस्कृतिक समरसता के साथ मना रक्षाबंधन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर पर्व परंपरा, प्रेम और सांस्कृतिक समरसता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने छात्रों को स्वनिर्मित राखियां बांधकर उनके स्वास्थ्य, समृद्धि और सफलता की कामना की तथा भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत बनाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अनुपम प्रेम, आत्मीयता और विश्वास का पर्व है। यह त्योहार आपसी स्नेह और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल रहा और सभी ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

### विद्या मंदिर की छात्राओं ने पालिकाध्यक्ष को बांधा रक्षा सूत्र

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने पालिका कार्यालय पहुंचकर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। छात्राओं के स्नेह से अभिभूत पालिकाध्यक्ष ने उन्हें स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि राखी का धागा भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है। छात्राओं का यह स्नेह उनके लिए सम्मान के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी का एहसास भी कराता है। उन्होंने कहा कि बेटियों और बहनों का सम्मान एवं सुरक्षा पूरे समाज की जिम्मेदारी है। शिक्षा और संस्कार के माध्यम से बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर देना ही सशक्त समाज की पहचान है।

### कृषक समाज इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को राखियां बांधकर भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधन के रवि प्रकाश वर्मा एवं डॉ. पूर्वी वर्मा ने छात्राओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन प्रेम, विश्वास, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द की भावना को मजबूत करने वाला पर्व है। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय परिवार ने पर्व के माध्यम से आपसी प्रेम, सम्मान और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य लखपत भारती, डॉ. अनिल कुमार, ओम प्रकाश यादव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।

## ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच निकली बाबा भूतेश्वर नाथ की भव्य नगर यात्रा

सीतापुर। धार्मिक नगरी नैमिषारण्य में गुरुवार को धार्मिक नगरी के कोतवाल बाबा भूतेश्वर नाथ की भव्य नगर यात्रा धूमधाम से निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और आकर्षक झांकियों के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे नगर में भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा। नगर यात्रा से पूर्व महंत प्रधान पुजारी राजनारायण दास पाण्डेय ने बाबा भूतेश्वर नाथ का विधिवत आरती-पूजन किया। इसके बाद फूलों से भव्य श्रृंगार किए गए बाबा भूतेश्वर नाथ की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। विभिन्न मार्गों से गुजरने के दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए वापस चक्रतीर्थ परिसर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा की पूर्णता पर श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में मंदिर पुजारी सुनीत पांडेय, पुजारी सचिन पांडेय, महंत संतोष दास खाकी, महंत नारायण दास महाराज, अंतरराष्ट्रीय कथाव्यास महंत सुरेश दास अवस्थी, शिवम दीक्षित, अमर दीक्षित, राजा दीक्षित, गौतम पाण्डेय, सचिन दीक्षित, भल्लू, दीपक समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## फायर सुरक्षा और बचाव का प्रशिक्षण उस समय मची अफरा-तफरी, पत्रकार झुलसा

सीतापुर। तंबौर थाना परिसर में गुरुवार को फायर सुरक्षा और बचाव का प्रशिक्षण उस समय अफरा-तफरी में बदल गया, जब आग बुझाने के अभ्यास के दौरान जलता हुआ गैस सिलेंडर अचानक लुढ़ककर पत्रकार की ओर पहुंच गया। आग की तेज लपटों की चपेट में आने से कवरेज करने पहुंचे स्थानीय पत्रकार नंद किशोर नाग का चेहरा और हाथ हल्का झुलस गया। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। बताया गया कि सीतापुर से आई फायर सर्विस टीम गैस सिलेंडर में लगी आग बुझाने का तरीका समझा रही थी। इसी दौरान पत्रकार भी अभ्यास में शामिल हो गए। सिलेंडर बुझाने के दौरान वह अचानक उनकी तरफ लुढ़क गया। लपटें उठते ही मौके पर भगदड़ मच गई। फायरकर्मी ने तत्काल आग बुझाकर रेगुलेटर बंद किया। हैरत की बात यह रही कि अभ्यास में शामिल व्यक्ति ने सुरक्षा किट तक नहीं पहन रखी थी। हादसे के बाद थाना प्रभारी बृजेश कुमार राय ने तत्काल बर्फ मंगवाकर राहत पहुंचाई और सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार से फोन पर संपर्क कर दवा उपलब्ध कराने को कहा।

## कच्चे मकान की दीवार भर भराकर ढही, मलबे में दबा मासूम सलमान

### चीख-पुकार के बीच ग्रामीणों ने बचायी जान

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र मे बुधवार की रात तेज बारिश के बीच तुरनी गांव में एक परिवार के लिए चंद पल खौफनाक बन गए। रात करीब दो बजे कच्चे मकान की दीवार अचानक भरभराकर ढह गई। टीन के नीचे सो रहा 13 वर्षीय सलमान पुत्र रियाज मलबे में दब गया। दीवार गिरने की तेज आवाज के साथ परिवार में चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। किसी ने वक्त गंवाए बिना हाथों से मलबा हटाना शुरू कर दिया। अंधेरी और बारिश भरी रात में ग्रामीणों की मशक्कत आखिरकार रंग लाई और कुछ ही देर बाद सलमान को मलबे से बाहर निकाल लिया गया। हादसे में शबनम और उनकी दोनों बेटियां शहनाज व मेनाज भी मकान में फंसी थीं, जिन्हें ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सलमान को गंभीर चोटें आने पर आनन-फानन में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद परिवार सहमा हुआ है। लगातार बारिश के बीच कच्चे मकान में रहने वाले परिवार के सामने अब सुरक्षा का संकट भी खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से परिवार को आर्थिक सहायता देने के साथ सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। क्षेत्रीय लेखपाल अंकिता ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और मौके का जायजा लिया जा रहा है। क्षति का आकलन कर नियमानुसार सहायता दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्णागिरि मोहल्ले के जलभराव का निरीक्षण

### डीएम ने मोहल्लेवासियों से सीधे उनकी समस्याएं सुनीं



सीतापुर। बुधवार देर रात हुई 139 मिलीमीटर बारिश ने शहर की जलनिकासी व्यवस्था की हकीकत सामने ला दी। गुरुवार सुबह शहर के पूर्णागिरि मोहल्ला जलमग्न हो गया। करीब तीन हजार घरों के आसपास बाढ़ जैसे हालात बन गए। गलियों और सड़कों पर घुटनों तक गंदा पानी भरने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। शौचालय और नालियां चोक होने से हालात और बिगड़ गए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मोहल्ले में जलभराव की समस्या वर्षों पुरानी है तो बारिश से पहले जलनिकासी की पर्याप्त व्यवस्था क्यों नहीं की गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक पानी निकालने के लिए चेंबर पर दो इलेक्ट्रिक पंप और तीन पंप सेट लगाए गए थे, लेकिन करीब तीन दिन पहले प्रशासन की ओर से जनरेटर और पंप सेट हटा दिए गए। इसके बाद इलेक्ट्रिक मोटर भी बंद हो गई। अब हजारों घरों के पानी के मुकाबले महज एक पंप सेट से निकासी का प्रयास किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि हर साल बारिश में यही कहानी दोहराई जाती है। शिकायतें होती हैं, अधिकारी आते हैं, आश्वासन मिलता है और पानी उतरते ही समस्या को भुला दिया जाता है। स्थायी जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने का खामियाजा इस बार भी हजारों परिवार भुगत रहे हैं। जलभराव की सूचना पर गुरुवार सुबह डीएम राजा गणपति आर., एसडीएम और प्रभारी ईओ मौके पर पहुंचे। डीएम ने जलभराव का निरीक्षण किया और मोहल्लेवासियों से सीधे उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने पंप हटाए जाने और जलनिकासी की बदहाल व्यवस्था को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। डीएम ने मौके पर व्यवस्था प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। यूजीसी बिल का विरोध और जातिगत आरक्षण व्यवस्था समाप्त करने की मांग को लेकर गुरुवार को बिसवां तहसील परिसर में लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपते हुए यूजीसी बिल वापस लेने और आरक्षण का आधार केवल आर्थिक स्थिति तय करने की मांग उठाई।

**कार्यालय नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी**

पत्रांकः 349/न.पं. बं.-ई.नि.सू./2026-27 दिनांक 27 अगस्त 2026

**ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत बंकी के पत्र संख्या 320/N.P.B./E-T.S/2026-27 दिनांक 13 अगस्त 2026 द्वारा नगर पंचायत बंकी में 15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत 08 निर्माण/पुनर्निर्माण कार्य एवं 348/N.P.B./E-T.S/2026-27 दिनांक 27 अगस्त 2026 द्वारा 15वां वित्त आयोग की टाइड ग्रान्ट से स्वीकृत पाइपलाइन/पाइपलाइन विस्तार सम्बंधित 05 कार्यों हेतु निविदाएं, ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित हैं, प्राप्त निविदाएं निर्धारित समय पर खोली जाएंगी, यदि किन्ही कारणों से निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो (उसकी अगली तिथि) अर्थात अगले कार्य दिवस को मानी जाएगी, ई-निविदा प्रपत्र/एनआईटी www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड करते हुए प्राप्त किया जा सकता है, उक्त के सम्बंध में किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी**

संक्षेप

## आर्थिक आरक्षण की मांग, यूजीसी खत्म करने की आवाज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सामान्य समाज के हितों और समानता की मांगों को लेकर राष्ट्रीय सवर्ण परिषद ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारी पहले तिकोनिया पार्क में एकत्र हुए और बाद में कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में परिषद ने नागरिकों और सामाजिक संगठनों को जंतर-मंतर पर संविधान व कानून के दायरे में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन की अनुमति देने की मांग की। साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की व्यवस्था समाप्त करने अथवा उसके प्रावधानों की व्यापक समीक्षा किए जाने की मांग उठाई। परिषद ने आरक्षण का आधार जाति के बजाय आर्थिक स्थिति को बनाने, एससी/एसटी से जुड़े कानूनों व नीतियों की निष्पक्ष समीक्षा तथा सामान्य समाज के आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर लोगों के हितों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कानून बनाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अयोध्या मंडल प्रभारी गौरी शंकर शर्मा, जिलाध्यक्ष अमित उपाध्याय, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आचार्य भरत तिवारी और रायबरेली जिलाध्यक्ष सुधीर तिवारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दंपती घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर ।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल हो गए। शैलखा गांव निवासी रामदौर वर्मा (60) पुत्र रामकेवल वर्मा पत्नी राजकुमारी (57) के साथ बाइक से दवा लेने दोस्तपुर जा रहे थे। करेथा गोसरपुर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।आसपास के लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. आज्ञा राम यादव ने उपचार किया, जबकि फार्मासिस्ट अरविंद मिश्रा ने सहयोग किया। रामदौर के सिर में गंभीर चोट होने पर इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. एआर यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अंबेडकर नगर रेफर कर दिया। राजकुमारी का अस्पताल में उपचार किया गया। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे कांस्टेबल अमित सिंह यादव और अरविंद यादव ने ट्रक कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी नारद मुनि ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. सौरभ सम्मानित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पर्यावरण संरक्षण और यातायात जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के लिए डा. सौरभ मिश्र विनम्र को समाज सेवा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। राम बरन पीजी कॉलेज, विभारपुर में आयोजित कार्यक्रम में जयसिंहपुर विधायक राजबाबू उपाध्याय और उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के शासकीय अधिवक्ता वीके सिंह ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। डा सौरभ मिश्र विनम्र गाना मिश्र का पुरवा, कटका बाजार के निवासी हैं। अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उनके प्रयासों की सराहना की। कॉलेज प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा आज समाज की प्रमुख जरूरत हैं।

# फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे बनेगा खेल पार्क



**अयोध्या।** रामनगरी के विकास कार्यों की कड़ी में फतेहगंज जीआईसी ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगह को अब पार्क और पार्किंग के रूप में विकसित किया जाएगा। राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत यहां 2.61 करोड़ रुपये की लागत से सुंदरीकरण कार्य कराया जाएगा। परियोजना का शिलान्यास गुरुवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ वैदिक रीति-रिवाज से नारियल फोड़कर किया।

परियोजना के तहत ओवरब्रिज के नीचे पार्क, फुटपाथ और अन्य नागरिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही वाहनों की पार्किंग के लिए भी पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। प्रस्तावित पार्किंग में करीब 100 कार और 152 बाइक खड़ी की जा सकेंगी। इससे आसपास के क्षेत्र में सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े होने वाले

**मिलेगी पार्किंग की सुविधा 100 कार और 152 बाइक खड़ी करने की होगी व्यवस्था**

वाहनों की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। परियोजना की खास बात यह होगी कि यहां बच्चों और युवाओं के लिए खेल सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। पार्क को मिनी स्टेडियम के स्वरूप में विकसित करते हुए क्रिकेट नेट प्रैक्टिस एरिया बनाया जाएगा। इससे शहर के बच्चों और उभरते खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहतर स्थान मिल सकेगा। पार्क में फुटपाथ समेत हरित क्षेत्र विकसित कर लोगों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की भी योजना है। शिलान्यास समारोह में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम शहर के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है। शहर में उपलब्ध संसाधनों और खाली स्थानों का बेहतर उपयोग कर नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम विकास कार्यों को लेकर 24 घंटे तत्पर है। महापौर ने कहा कि शहर के अन्य फ्लाईओवरों के नीचे उपलब्ध स्थानों को भी इसी तरह विकसित करने की दिशा में काम किया जाएगा। इन स्थानों का उपयोग पार्किंग के साथ-साथ बच्चों और युवाओं के लिए खेल गतिविधियों के केंद्र के रूप में किया जा सकता है। इससे एक ओर पार्किंग की समस्या कम होगी, वहीं दूसरी ओर लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# 7.60 करोड़ के 8 विकास कार्यों को मंजूरी, टेंडर प्रक्रिया शुरू

जिला संवाददाता (vol)

**अयोध्या।** अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में सड़क एवं संपर्क मार्गों की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए करीब 7.60 करोड़ रुपये की लागत वाले आठ विकास कार्यों को मंजूरी मिल गई है। स्वीकृत कार्यों के टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। इन परियोजनाओं के तहत पूराबाजार, मसौधा और नगर निगम क्षेत्र के गांवों एवं वार्ड में संपर्क मार्ग का नवनिर्माण व अन्य के कार्य कराए जाएंगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में सड़क और संपर्क मार्गों को मजबूत करना प्राथमिकताओं में शामिल है। जिन क्षेत्रों में आवागमन की समस्या है, वहां आवश्यकता के अनुसार नए मार्गों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन आठों कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इन मार्गों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और गांवों का मुख्य मार्गों से संपर्क और मजबूत होगा। स्वीकृत कार्यों में रामपुर सर्धा-मित्रसेनपुर में संपर्क मार्ग का 80 लाख रुपये की लागत व तिहुरा मांझा कुंजीगंज चैराहे से गोडियाना एबी बंधा तक 1.33 करोड़ रुपये की लागत से सड़क का नव निर्माण कराया जाएगा। इसी क्रम में रामवनगमन मार्ग के किलोमीटर नौ किमी से प्राथमिक विद्यालय होते हुए शिव मंदिर तक 1.31 करोड़ रुपये व दर्शननगर-भरतकुंड मार्ग पर शारदा सहायक नहर से मुरावन का पुरवा तक 78 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कराया जाएगा। मसौधा क्षेत्र

**पूराबाजार व नगर निगम क्षेत्र में बनेंगे संपर्क मार्ग सड़क और नालियां**

की भदोखर ग्राम पंचायत में रामू का पुरवा पक्की सड़क से ईश्वरदीन इंटर कॉलेज ददेरा तक 1.24 करोड़ रुपये की लागत से व नगर निगम क्षेत्र के कपूरी ठाकुर वार्ड में 64 लाख रुपये की लागत से सड़क व नाली निर्माण का कार्य भी स्वीकृत हुआ है। इसके अलावा 78 लाख रुपये की लागत से पिलखावां में सड़क निर्माण तथा कपूरी ठाकुर वार्ड में रामलाल मिश्र का पुरवा से प्रयागराज मार्ग तक 72 लाख रुपये की लागत से संपर्क मार्ग का नव निर्माण कराया जाएगा।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण




**रायबरेली।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उप जिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित किया जाये निस्तारण : एडीएम

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ की अध्यक्षता में जिला व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में व्यापारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं विभागीय प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में व्यापारियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार प्रभावी एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को किसी प्रकार की अनावश्यक कठिनाई न हो तथा शासन की मंशा के अनुरूप व्यापारिक गतिविधियों के लिए बेहतर एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जाए। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, उपायुक्त राज्यकर परमहंश श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं व्यापार बन्धु के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बस को ट्रक ने मारी टक्कर, तीन की मौत, पांच गंभीर

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह करीब 5.30 बजे थाना बल्दीराय क्षेत्र में माइलस्टोन 96.6 के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। गुड़गांव से बिहार जा रही यात्रियों से भरी बस को पीछे से आए अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं। घायलों में पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर किया गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और यूपीडा के सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को उपचार के लिए शव शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज लाया गया। यहां सीएमओ डॉ. रवि पांडेय, डॉ. प्रवीण बरनवाल, डॉ. अनमोल पाठक और डॉ. संदीप कुमार ने घायलों का उपचार किया। सूचना पर कुमारगंज पुलिस भी अस्पताल पहुंची। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार पटेल, कृषि विवि चैकी प्रभारी अभिषेक सिंह, उपनिरीक्षक गौरव पांडेय सहित पुलिस टीम ने घायलों से घटना की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार बस में सवार यात्री गुड़गांव से गोरखपुर और बिहार जा रहे थे और रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए अपने घर लौट रहे थे। यात्रियों ने बताया कि चालक एक्सप्रेस-वे पर बीच-बीच में बस रोक रहा था। यात्रियों के मना करने के बावजूद चालक ने बस रोकना जारी रखा। इसी दौरान अचानक बस रोके जाने पर पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसमें टक्कर मार दी। मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर किए गए घायलों में रेखा पत्नी चुनचुन राम, देव मुसाफिर, दिनेश, सूरज मंडल और वीरेंद्र कुमार चैधरी शामिल हैं। पुलिस ने मृतकों की पहचान श्यामलाल मंडल, विनोद मंडल (50) और किरण देवी (60) के रूप में की है। तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच मदहे साहबा का निकला जुलूस

**परशदेपुर, रायबरेली।** नगर पंचायत परशदेपुर कस्बे मे बृहस्पतिवार को बारह रवी उल अव्वल के अवसर पर कड़ी सुरक्षा के बीच परम्परागत तरीके से मदहे सहाबा का जुलूस निकाला गया। मदहे सहाबा का जुलूस जुम्मा मस्जिद से निकलकर नगर का भ्रमण करते हुए मौलाना मतीन के हाते में समाप्त हुआ। जुलूस में सामिल अंजुमने मदहे सहाबा की अकीदत की। मदहे सहाबा के जुलूस में मुस्लिम समुदाय के साथ साथ हिंदुओ ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। परशदेपुर कस्बे के मदरसा तालीमुददीन ,निदाय हक सहित नसीराबाद अतागंज, किठावां, बसंतगंज,कटेहा,बेवली तथा सलोन की अंजुमनो ने मदहे सहाबा की शान नात पढी। जुलूस में सामिल अंजुमनो ने 'हम मदहे सहाबा में जान अपनी लड़ा देंगे, ओ कौन थे और क्या थे दुनिया को बता देंगे,फिर मिदहते असहाद से दिलशाद करेंगे,मजबूत फिर इस्लाम की बुनियाद करेंगे' मदहे सहाबा की हम धूम मचा देंगे, जो मुंह से निकला है वह करके दिखा देगें, आदि नात पढ़ी। जुलूस के दौरान हुई तेज बारिश में भी अंजुमन के हौसले बुलंद थे। मौलाना मोहम्मद जैद ने कहा कि मदहे सहाबा ने पैगम्बर के सन्देश को जन जन तक पहुंचाया। मदहे सहाबा ने मानवता इंसानियत और आपस मे भाईचारे के साथ जिस तरह जिंदगी गुजरी ,उन्ही बताए हुए रास्तो पर चलने का संदेश लोगो तक पहुचाया जा रहा है। इस मौके पर मौलाना मुफ्ती मो. इस्लाम नदवी, मौलाना सऊद अली खान,लाल बाबू राइन, मो. अफसर, अब्दुल समी खान, अतीक अंसारी, मुकीम खान,शरीफ अंसारी, जलील सलमानी,मो. यूनुस ,मो. आरिफ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में नसीराबाद, सलोन थाने से आई पुलिस फोर्स के साथ डीह थाना अध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज व परसदेपुर चौकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज पूरे जुलूस मार्ग पर चप्पे चप्पे पर मुस्तैद दिखे।

## सड़क हादसे में महिला समेत तीन यात्रियों की मौत, 11 घायल

**सुलतानपुर ।** सुलतानपुर जिले के बल्दीराय क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बृहस्पतिवार सुबह एक खड़ी बस को तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक के टक्कर मार देने से बस सवार एक महिला समेत तीन यात्रियों की मौत हो गई तथा 11 अन्य यात्री घायल हो गए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि सुबह लगभग छह बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन-96 के पास गुड़गांव से बिहार जा रही एक बस को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में महिला समेत तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 11 अन्य घायल हो गये। मृतकों में श्याम लाल (28), विनोद मण्डल (50) और किरन देवी (60) शामिल हैं, जिनके शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये हैं। दुर्घटना में घायल हुए संजीव कुमार, रेखा देवी, भीम कुमार, राजकुमार, नीरज, सूरज, ब्रह्मदेव, सुशील, वीरेंद्र, आशीष व एक अज्ञात व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह बस हरियाणा के गुड़गांव से बिहार जा रही थी और बाकी बस यात्रियों को दूसरी बस बुलाकर उनके गंतव्य की ओर भेजा जा रहा है।

## डीएवी एनटीपीसी ऊंचाहार में अग्नि सुरक्षा कार्यशाला और मॉक ड्रिल का आयोजन

**रायबरेली।** डीएवी विद्यालय, एनटीपीसी ऊंचाहार के प्रांगण में सीआईएसएफ अग्नि शमन दल द्वारा एक विशेष 'फायर फाइटिंग क्लास' एवं व्यावहारिक डेमोंस्ट्रेशन (मॉक ड्रिल) का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी दीपावली पर्व के दौरान होने वाले सम्भावित अग्नि जोखिमों से बचाव और आपातकालीन स्थिति में सुरक्षात्मक उपायों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना था। प्रशिक्षण के दौरान सीआईएसएफ टीम ने स्कूली बच्चों को दीपावली पर पटाखे जलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।अधिकारियों ने समझाया कि किसी भी अनहोनी से बचने के लिए हमेशा खुले स्थान पर ही पटाखे जलाएं, सूती कपड़े पहनें और पास में पानी की बाल्टी जरूर रखें।इसके साथ ही, यदि कोई दुर्घटना घटित हो जाती है, तो उसके तुरंत बाद की जाने वाली त्वरित कार्यवाही (फर्स्ट एड) का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया। जलने की स्थिति में प्राथमिक उपचार, अग्निशामक यंत्रों का सही उपयोग और आपात स्थिति में सुरक्षित बाहर निकलने के तरीकों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस सुरक्षा कार्यशाला में 100 छात्र-छात्राओं और 06 शिक्षकों ने सक्रियता से भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट श्री एम. एस. कंडारी, निरीक्षक गगन सैनी, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने सीआईएसएफ टीम का आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को बच्चों की सुरक्षा के लिए बेहद उपयोगी और जीवनरक्षक बताया।

# रक्षाबंधन पर महंगाई का असर : चीनी के बढ़े दामों ने ढीली की आमजन की जेब



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** रक्षाबंधन के त्योहार पर जहां बाजारों में खरीदारी की रौनक बढ़नी चाहिए थी, वहीं महंगाई ने आमजन की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। खासकर चीनी के दामों में हुई तेज बढ़ोतरी का असर मिठाई, चाय और अन्य खाद्य वस्तुओं पर साफ दिखाई देने लगा है। इससे भाई-बहन के पवित्र पर्व का उत्साह भी महंगाई की मार से कुछ फीका पड़ता नजर आ रहा है। व्यापारियों के अनुसार मंडी में चीनी लगभग 63 रुपये प्रति किलो पहुंचने के बाद खुदरा बाजार में यह 65 से 75 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है। जयसिंहपुर, बरौसा चैराहा, बगिया चैराहा, सेमरी, बिरसिंहपुर, गोसाईगंज, उघड़पुर सहित क्षेत्र के अन्य बाजारों में चीनी की बढ़ी कीमतों का असर मिठाई की दुकानों पर भी पड़ा है। दुकानदारों का कहना है कि लागत बढ़ने से मिठाइयों के दामों में वृद्धि करनी पड़ी है, जिससे रक्षाबंधन की खरीदारी प्रभावित होने की आशंका है। मिष्ठान व्यापारी विनोद मोदनवाल ने बताया कि चीनी महंगी होने से मिठाई तैयार करने की लागत बढ़ गई है। इसका असर बिक्री पर भी पड़ रहा है और हर वर्ष की तुलना में इस बार खरीदारी कम देखने को मिल रही है। वहीं प्रेरणा रेस्टोरेंट की संचालिका संजू गुप्ता ने बताया कि बढ़ती महंगाई के बीच व्यवसाय में मार्जिन न के बराबर बच रहा है। उनके अनुसार रक्षाबंधन के दौरान होने वाली खरीदारी में करीब 30 प्रतिशत तक कमी देखने को मिल रही है। महंगाई का असर चाय के शौकीनों पर भी पड़ा है। कई दुकानदारों ने पांच रुपये में मिलने वाली चाय का दाम बढ़ाकर छह रुपये कर दिया है। दूसरी ओर राखी विक्रेता रिंकू पटेल का कहना है कि रक्षा सूत्रों के दाम भी बढ़े हैं, जिससे खरीदारों को पहले की अपेक्षा अधिक खर्च करना पड़ रहा है। त्योहार के मौके पर मिठाई से लेकर राखी और रोजमर्रा की वस्तुओं तक बढ़ते दामों ने आमजन का बजट बिगाड़ दिया है।

## पंचतत्व में विलीन हुए डॉ. माखनलाल यादव, सांसद सहित बड़ी संख्या में सपाइयों ने दी अंतिम विदाई

**अयोध्या।** सपा के प्रदेश सचिव एवं मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की सेंधू तारा ग्राम पंचायत के कई बार प्रधान रहे डॉ. माखनलाल यादव का बुधवार देर शाम आकस्मिक निधन हो गया। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे डॉ. यादव का उपचार चल रहा था। बुधवार देर शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही सपासहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बृहस्पतिवार को सेंधू तारा ग्राम पंचायत में गमगीन माहौल के बीच डॉ. माखनलाल यादव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समर्थक और क्षेत्रीय लोग पहुंचे। सांसद अवधेश प्रसाद ने भी अंतिम संस्कार में शामिल होकर डॉ. यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि डॉ. माखनलाल यादव का निधन समाजवादी पार्टी और हम सभी के लिए बेहद पीड़ादायक और अपूरणीय क्षति है। वह पार्टी के बेहद कर्मठ, जुझारू और समर्पित नेता थे। उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ समाजवादी विचारधारा और संगठन को मजबूत करने का काम किया। ग्राम पंचायत के प्रधान के रूप में भी उन्होंने जनता की सेवा को अपना धर्म समझकर कार्य किया। उन्होंने कहा कि डॉ. यादव का सहज, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगा। उनके निधन से हमने एक समर्पित साथी और संघर्षशील जनसेवक खो दिया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। सपा के निवर्तमान प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया अंतिम संस्कार में निवर्तमान जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व प्रत्याशी अजीत प्रसाद, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, ब्लॉक प्रमुख अंकुर सेन यादव, सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, निवर्तमान जिला महासचिव बख्तियार खान सहित बड़ी संख्या में सपा के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आरक्षण-यूजीसी के विरोध में वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** आरक्षण व्यवस्था एवं यूजीसी से जुड़े कानून के विरोध में गुरुवार को मिल्कीपुर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन मिल्कीपुर के अध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के साथ क्षेत्रीय लोग भी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने आर्थिक आधार पर आरक्षण व्यवस्था लागू किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। उनका कहना था कि आरक्षण का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को प्राथमिकता देने की मांग की। अधिवक्ताओं ने यूजीसी से संबंधित कानून को लेकर भी अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं और कहा कि उनकी मांगों पर केंद्र सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में धरना दिया। धरना-प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी पवन कुमार शर्मा को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आरक्षण व्यवस्था में आर्थिक आधार को प्राथमिकता देने सहित अन्य मांगों पर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान तहसील परिसर में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। अधिवक्ताओं ने कहा कि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय होने तक वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

# संयुक्त निदेशक ने डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** गुरुवार की शाम कूरेभार विकासखंड की ग्राम पंचायत लमकना दूबेपुर में संयुक्त निदेशक पंचायतीराज लखनऊ एसएन सिंह ने पंचायत सचिवालय और डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत स्तर पर संचालित व्यवस्थाओं और ग्रामीणों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने डिजिटल लाइब्रेरी में ग्रामीण युवाओं और बच्चों के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। संयुक्त निदेशक एसएन सिंह ने ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।उन्होंने कहा कि गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं मिलने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को पढ़ाई तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिलेगा और उनकी क्षमता में निखार आएगा।एसएन सिंह ने पंचायत सचिवालय की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं और पंचायत स्तर की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने पर जोर दिया। टीम ने व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी जुटाई और संबंधित कर्मियों से पंचायत में चल रहे कार्यों के बारे में पूछा। अधिकारियों के गांव पहुंचने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधा को गांव के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उनका कहना था कि इससे बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल और आवश्यक डिजिटल संसाधन गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगे।

# जल जीवन मिशन की योजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण करायें

**अयोध्या।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति/जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति, निर्माण कार्यों, पेयजल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, गुणवत्ता एवं विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कृष्ण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।




डीएम ने निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए तथा प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण कराया जाए। उन्होंने जलापूर्ति से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त प्रेशर के साथ नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। पेयजल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए आवश्यकतानुसार क्लोरीन की उपलब्धता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप क्लोरीनेशन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। डीएम ने जल जीवन मिशन के कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाली सड़कों की मरम्मत समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत के कार्य में भी गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच के साथ-साथ पीडब्ल्यूडी, आरआईडी एवं अन्य संबंधित विभागों के माध्यम से औचक निरीक्षण भी कराया जाए। सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए डीएम ने सेफ्टी ऑफिसर को निर्देशित किया कि कार्यस्थलों पर समय-समय पर सुरक्षा मानकों एवं व्यवस्थाओं की गुणवत्ता की जांच करें तथा मानकों का पालन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों के दौरान श्रमिकों एवं अन्य लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में जल जीवन मिशन से संबंधित जमीनी विवादों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों का संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान कराया जाए, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न न हो। निर्देशित किया एनएच के अधिकारियों के साथ समन्वय एवं वार्ता कर आवश्यक एनओसी की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए, ताकि संबंधित परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत 'बहू-बेटी सम्मेलन' और चौपाल का आयोजन

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ₹मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0₹ के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बहू-बेटी सम्मेलन' एवं चौपाल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए 1090, 181, 112, 1076, 102, 1930, 101 एवं 1098 सहित विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि 1090 महिला हेल्पलाइन पर शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है, जिससे महिलाएं बिना किसी भय के अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस अवसर पर महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं मातृशक्ति वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

संक्षेप

## लाभार्थी चयन के लिए विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई ई-लाटरी

**बहराइच।** नंद बाबा गोकुल मिशन योजना अन्तर्गत नन्दनी कृषक समृद्धि योजना तथा मिनी नन्दनी कृषक योजना अन्तर्गत लाभार्थियों के चयन हेतु विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ई-लाटरी के माध्यम से 03-03 महिला एवं पुरुष लाभार्थियों का चयन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि 25 स्वदेशी नस्ल की गायों हेतु नन्दनी कृषक समृद्धि योजना अन्तर्गत जनपद को आवंटित लक्ष्य 06 के सापेक्ष प्राप्त 378 आवेदन-पत्रों में से अभिलेखों की जांच पड़ताल के उपरान्त 158 अभ्यर्थी पात्र पाये गये थे। श्री उपाध्याय ने बताया कि ई-लाटरी के माध्यम से चयनित 06 लाभार्थियों को चयनित करते हुए अवशेष 152 लाभार्थियों की प्रतिक्षा सूची तैयार कर ली गई हैं।जिन्हें शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार लाभान्वित किया जायेगा।

# मंडलायुक्त और डीआईजी ने देखी सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी



**देवरिया।** सलेमपुर तहसील अंतर्गत मझौलीराज में 29 अगस्त को मा० मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत मंडलायुक्त इंद्र विक्रम सिंह, डीआईजी गोरखपुर एस चन्नप्पा, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजात आर शंकर ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी तैयारियां एवं आवश्यक प्रबंध सुरक्षा मानकों के अनुरूप समय से पूर्ण कर लिए जाएं।किसी भी स्तर पर कोई कमी अथवा चूक न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने पार्किंग स्थल, मंच, पंडाल, हेलीपैड, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। डीआईजी गोरखपुर ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल के साथ ही आने-जाने वाले प्रमुख मार्गों एवं निर्धारित रूटों पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो तथा यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।

**●सीएम का आगमन कल**

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंडलायुक्त एवं डीआईजी द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।साथ ही कार्यक्रम स्थल एवं आसपास सुरक्षा, यातायात और जनसुविधाओं से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित की जाएं।

## कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक




**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने मुख्यमंत्री जी के 29 अगस्त को प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारियों को अंतिम रूप देने के संबंध में आवश्यक बैठक की।

इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिसे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने पंडाल, हेलीपैड, मंच, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पार्किंग व्यवस्था में लगाए गए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पार्किंग स्थल पर उपस्थित रहकर वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करें। साथ ही आमजन की सुविधा के दृष्टिगत पेयजल एवं शौचालय सहित अन्य आवश्यक प्रबंध भी समय पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं।उन्होंने कहा कि सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित रखी जाएं। पुलिस व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी पर्याप्त एवं प्रभावी रहे।

कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की जाम की स्थिति अथवा अन्य असुविधा उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने नामित सभी कार्य-बिंदुओं के नोडल अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूरी तत्परता से साथ निर्वहन करते हुए संबंधित कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम प्रशासन सहित कार्यक्रम में ड्यूटी पर लगाए गए सभी कार्य प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विजय बहादुर के बेटे की मौत के तीन दिन बाद पुलिस ने दर्ज किया केस




**जौराबाजार, कुशीनगर।** 24 अगस्त की रात युवक की पेड़ से लटके शव के मामले में अभी तक पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किये जाने को लेकर बृहस्पतिवार की सुबह काफी संख्या में ग्राम सभा परसौनी के लोग थाने पहुंच कर प्रदर्शन करने लगे ।मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है ।चौरा खास थाना क्षेत्र के परसौनी गांव की गीता देवी ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया था कि 24 अगस्त की शाम जौरा बाजार स्थित पेट्रोल पंप पर जौरा बाजार के 5 युवक आये और और मेरे बेटे मृत्युंजय शर्मा के साथ गाली गलौज करने लगे। इसकी सूचना 112 पुलिस को दी गई ।सूचना पे मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस युवकों को डांट समझाकर घर भेज दिया ।महिला का आरोप है मेरा पुत्र घर से यह कहकर चला गया कि थोड़ी देर बाद आकर खाना खा लूंगा,गांव के बाहर नवनिर्मित मकान पर सोने चला गया।

**●मार कर पेड़ पर लटकाने का आरोप**

जहां रात्रि में आरोपी उसकी हत्या कर शव को एक सागौन के पेड़ के सहारे उसके शर्ट से लटका दिया ।घटना की जगह, पटहेरवा थाना क्षेत्र का होने के चलते मामले में पुलिस को तहरीर दी गई। अब तक कोई कार्रवाई न होते देख आज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और ट्रैक्टर ट्राली सहित अन्य साधनों से लोग पटहेरवा थाने पहुंच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे ।पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी निगम पुत्र जयप्रकाश बरनवाल, आलोक पुत्र जगदीश शर्मा, रिशु पुत्र दशरथ, नंदन पुत्र चन्द्रबली मद्धेशिया तथा सोनू पुत्र विजय बरनवाल निवासी गण जौरा बाजार थाना चौरा खास के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रविंद राय ने बताया कि युवक के पीएम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत आया है ।उसकी मां ने बुधवार की शाम तहरीर दी थी, जिसमें 5 लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था ।मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# रक्षाबंधन पर्व पर डीएम ने महिलाओं, छात्राओं और खिलाड़ियों से बंधवाई राखी



**कुशीनगर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष में सौहार्द एवं भाईचारे की सुखद तस्वीर देखने को मिली। ओम शांति धर्मपुर की महिलाओं, गीता इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं एवं खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी महिलाओं, छात्राओं एवं खिलाड़ियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह, विश्वास, आत्मीयता और पारस्परिक सम्मान का पर्व है। उन्होंने सभी से इस पावन पर्व को शांति, सौहार्द एवं भाईचारे की भावना के साथ मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान आपसी प्रेम और सामाजिक सद्भाव की भावना को और मजबूत किया जाए तथा जनपद में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सभी अपना सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने रक्षाबंधन के अवसर पर सरकार द्वारा महिलाओं एवं बहनों के लिए उपलब्ध कराई गई निःशुल्क परिवहन सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई इस सुविधा का लाभ लेते हुए बहनें अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, छात्राओं एवं खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी को राखी बांधकर शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने भी सभी के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने रक्षाबंधन पर्व की भावना के अनुरूप प्रेम, विश्वास, सुरक्षा और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

## जमीनी प्रकरण से जुड़े प्रसारित वीडियो का संज्ञान लेकर तहसीलदार ने की जांच

**देवरिया,।** उप जिलाधिकारी सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी ने बताया है कि वीर बहादुर सिंह पुत्र राजा सिंह, निवासी ग्राम चुरिया तहसील सलेमपुर के कतिपय स्तरों पर प्रसारित वीडियो के संबंध में जॉच तहसीलदार सलेमपुर द्वारा की गयी। जॉच आख्या अनुसार ग्राम चुरिया तप्पा बलिया आराजी संख्या 673, जो संघटक आराजी है, में संघटन गाटा संख्या 376, रकबा 5.1390 अभिलेख में आबादी वर्ग 6(2) के खाते की भूमि है, जिसमें कब्जे को लेकर विवाद है। प्रकरण आबादी वर्ग 6(2) के कारण आपसी सहमति के आधार पर नायब तहसीलदार सलेमपुर की अध्यक्षता में राजस्व टीम द्वारा निस्तारण करने का प्रयास किया गया, परन्तु पक्षों में सहमति न बन पाने के कारण निस्तारण न हो सका।

वादी पक्ष द्वारा दीवानी न्यायालय देवरिया 27/26 राजा सिंह बनाम राम नारायण का वाद योजित किया गया है, जो विचाराधीन है। वाद में अगली तिथि 24 सितबंर 2026 नियत है। पक्षो में सुलह समझौते के प्रयास के वावजूद सहमति नही बन पाने तथा दीवानी न्यायालय में वाद योजित होने के कारण पक्षो को न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से उचित पैरवी कर अनुतोष प्राप्त करने को कहा गया।

## फैंसी से लेकर पारम्परिक राखियों की बड़ी मांग,10 से 250 रुपये तक है दाम



**जौराबाजार, कुशीनगर।** रक्षाबंधन में अब मात्र एक दिन बचे हुए है। ऐसे में शहर के बाजार रंग-बिरंगी राखियों से सज गए हैं। दुकानों पर फैंसी और डिजाइनर राखियों की चमक देखते ही बन रही है। राखियां 10 से लेकर 250 रुपये तक उपलब्ध हैं ।पर्व की तैयारियों के बीच राखियों की खरीदारी के लिए बाजार में औरतों की भीड़ बढ़ने लगी है। युवतियां और महिलाएं अपनी पसंद की राखियां खरीदती नजर आ रही हैं। अब त्योहार का उत्साह दिखाई देने लगा है। जौरा बाजार के चौराहे पर दुकानों पर सजी राखियों को खरीदने के लिए भीड़ उमड़ने लगा है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर और आकर्षक डिजाइन वाली राखियां पसंद की जा रही हैं। युवतियों और महिलाओं में फैंसी, मोती, स्टोन और डिजाइनर राखियों

अधिक पसंद कर रही हैं। पारंपरिक धागों वाली राखियों की डिमांड बढ़ती जा रही है। फुटकर दुकानदार उजाला गिरी व जयराम यादव ने बताया कि इस बार फैंसी राखियों की मांग अधिक है। मांग को देखते हुए अलग-अलग डिजाइन की राखियों का पर्याप्त स्टॉक आया है।

## परिषदीय विद्यालयों के मेधावी छात्रों को सांसद के हाथों मिली स्टडी टेबल की सौगात



**बहराइच ।** आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर जिले के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को सुधारने और बच्चों को घर पर पढ़ाई का बेहतर माहौल देने के उद्देश्य से एक अभिनव कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। मंडलायुक्त एवं जिला प्रशासन बहराइच के निर्देशों के क्रम में जनपद की 90 ग्राम पंचायतों के चयनित विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के प्रत्येक वर्ग से प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों (प्रति विद्यालय लगभग 24 छात्र) को फोल्डेबल स्टडी टेबल वितरित किए जा रहे हैं ।विकास भवन सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान स्टडी टेबल वितरण कार्यक्रम का सांकेतिक शुभारंभ सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर सांसद डॉ गोड़ द्वारा मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, भाजपा जिला महामंत्री रणविजय सिंह, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, जिला विकास अधिकारी राज कुमार एवं परियोजना निदेशक मनीष कुमार सहित अन्य प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों के साथ ताजखोदाई, बहादुरपुर और सुसरौली विद्यालय के 56 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्टडी टेबल का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद की 90 ग्राम पंचायतों के चयनित विद्यालयों के लगभग 2,160 मेधावी छात्र लाभान्वित होंगे।

# अब सत्ता से डरने का नहीं, लड़ने का समय आ गया है: अजय राय

जिला संवाददाता



**देवरिया ।** महान क्रांतिकारी, जननायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पांच बार के सांसद रहे देवरिया के गौरव स्वर्गीय विश्वनाथ राय की 42वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को जिला पंचायत भवन के सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने स्वर्गीय विश्वनाथ राय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्षपूर्ण जीवन को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अब डरने का नहीं लड़ने का समय आ गया है देश भर में युवाओं के द्वारा शुरू किए गए सरकार के खिलाफ आंदोलन से सरकार काँप रही है ।आंदोलन को दबाने के लिए अत्याचार कर रही है।

कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से मुखातिब होते हुए अजय राय ने कहा कि विश्वनाथ राय ने अपना पूरा जीवन गरीबों, वंचितों और आम जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए बिताया तथा कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज भी देश और समाज को ऐसे ही संघर्ष और संकल्प की आवश्यकता है ।अपने राजनीतिक संघर्ष का उल्लेख करते हुए अजय राय ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ा था, तब उनकी जमानत जब्त हो गई थी, लेकिन उन्होंने संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि निरंतर संघर्ष के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री की जीत का अंतर करीब डेढ़ लाख मतों तक सीमित रह गया। उन्होंने कहा कि राजनीति में हार से निराश होने के बजाय संघर्ष को निरंतर जारी रखना चाहिए ।अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी न कभी डरी है और न कभी झुकी है। कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है और आगे भी करती रहेगी ।उक्त कार्यक्रम में सलेमपुर के सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि विपक्ष डरी हुई है। इस पर जवाब देते हुए पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि मैं इस बातों से सहमत नही हूं ।विपक्ष को डराने की बातें करने वालों को यह समझना चाहिए कि कांग्रेस का नेतृत्व और कार्यकर्ता संघर्ष की राजनीति से पीछे हटने वाले नहीं हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंखों में आंखें डालकर देश और जनता से जुड़े सवालों का जवाब मांगते हैं, लेकिन भाजपा सरकार उन सवालों का जवाब देने में असफल रहती है ।प्रदेश अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ अब योगी नहीं रहे, बल्कि सत्ता भोगी हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता वर्ष 2027 में परिवर्तन के लिए तैयार है। कांग्रेस की सरकार बनने पर देवरिया और लखनऊ में स्वर्गीय विश्वनाथ राय की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

अजय राय ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता संघर्षशील और लड़ैया है। कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के अधिकारों, लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय विश्वनाथ राय के जनसंघर्ष, राजनीतिक जीवन और देवरिया के विकास में उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की ।प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्ल एवं जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 4 सितंबर तक प्रवेश का अवसर

**देवरिया ।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया केके राम ने बताया कि जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026 में प्रवेश के लिए प्रथम चरण का चयन परिणाम वेबसाइट पर घोषित कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थी अपना चयन पत्र प्राप्त कर चयनित संस्थान एवं व्यवसाय में प्रवेश के लिए 27 अगस्त से 4 सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रवेश के समय चयनित अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल अभिलेखों के साथ प्रत्येक की एक-एक प्रमाणित छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संबंधित चयनित संस्थान में उपस्थित होना होगा। सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के भीतर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

# कुशीनगर उपेक्षा और बदहाली का दंश झेल रहा: अभिषेक

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्वांचल जोन प्रभारी अभिषेक दत्त के प्रथम जनपद आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय फाजिलनगर में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद की बुनियादी समस्याओं, विकास के दावों की जमीनी हकीकत और स्थानीय जनहित के मुद्दों पर विस्तार से विमर्श किया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभिषेक दत्त ने वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आज कुशीनगर उपेक्षा और बदहाली का दंश झेल रहा है। जनपद की पहचान रही अधिकांश चीनी मिलें बंद पड़ी हैं, जिससे किसान बेहाल हैं। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा पूरी तरह चरमरा चुका है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं, दवाओं और चिकित्सकों के अभाव के कारण आम जनता महंगे निजी अस्पतालों में इलाज कराने को विवश है। जनपद में उच्च, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों का भारी अभाव है, जिसके चलते शिक्षित युवा वर्ग दूसरे शहरों में पलायन करने को मजबूर है। प्राथमिक से लेकर माध्यमिक स्तर तक शिक्षा व्यवस्था बदहाल है और विद्यालयों में जरूरी संसाधनों की भारी कमी है। इसके अतिरिक्त, पेयजल के लिए प्रचारित 'जल जीवन मिशन' में गुणवत्ताविहीन निर्माण के जरिए जनता की गाढ़ी कमाई की भारी बंदरबांट और भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है ।उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए आह्वान किया कि वर्तमान शासन के कुप्रबंधन से जनता त्रस्त हो चुकी है और बदलाव के लिए पूरी उम्मीद के साथ कांग्रेस की ओर देख रही है। जन-जन का यह विश्वास स्पष्ट संकेत दे रहा है कि आगामी समय में कांग्रेस की सत्ता में वापसी तय है। ऐसे में हर कार्यकर्ता को जनता के बीच जाकर उनके दुख-दर्द को समझना होगा और सड़क से सदन तक जनता की आवाज को पूरी मुखरता से उठाना होगा ।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवीन्द्र विश्वकर्मा ₹राधे₹ ने की तथा सफल संचालन संगठन मंत्री तारकेश्वर सिंह ने किया।

**●कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण हुई बैठक**

इस अवसर पर प्रमुख रूप से स्वामीनाथ यादव, मो० जहिरूद्दीन, धनंजय सिंह, आनंद मणि त्रिपाठी, सीमा भारती, देशदीपक मिश्रा, अश्विनी मिश्रा, सीमा गुप्ता, पलटन यादव, गोरख प्रसाद, दीपक मल्हार, गुड्डी पासवान, संगीता प्रजापति, माला भारती, आदित्य तिवारी, नागेंद्र सिंह, रमजान अली, राधाकृष्णन शर्मा, वारिस अली, राजू कुशवाहा, अशोक सिंह पटेल, सैफ पठान, मन्टू यादव, उमाशंकर आर्य, रमेश गुप्ता, अजीत कुमार दीक्षित, सफीकुन नेशा, वकील गुप्ता, अरशद रजा, सीताराम प्रधान, उमकांत प्रसाद, अरविन्द खरवार, जय सिंह राव, प्रवीण सिंह, छोटेलाल भारती, यशवंत प्रताप कुशवाहा, नदीम सरवर, ब्रम्हानन्द, संजू यादव, महेन्द्र कुमार सिंह, मोहम्मद अली, लालचन्द प्रसाद, सरोज गौतम, अजय यादव, रब्बुल अहमद, मुन्ना अंसारी, जगनरायन प्रसाद, अल्लाउद्दीन, माधो पासवान, कमलावती भारती, गोंगी देवी, लालमती, सावित्री, औरंगजेब खान, श्यामनारायण तिवारी, अमित मिश्रा, संदीप शर्मा, अनुज कुमार मिश्रा, फिरोज अंसारी, दीपक गोंड, संदीप सिंह, मु० शमीम खाँ, जफरुल मेहताब, रेहान अहमद, आफताब आलम, अनिल कुशवाहा एवं बुलाकी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आपदा कंट्रोल रूम का निरीक्षण

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद में बाढ़ एवं आपदा की स्थिति के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने आज कलेक्ट्रेट स्थित आपदा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में प्राप्त हो रही सूचनाओं, उनके अभिलेखीकरण तथा संबंधित विभागों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान की व्यवस्था का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली प्रत्येक सूचना को निर्धारित रजिस्टर में तत्काल एवं स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए। किसी भी सूचना को लंबित न रखा जाए तथा आवश्यकता के अनुसार संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय से सूचना उपलब्ध कराते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ।उन्होंने निर्देश दिए कि बैराजों से हो रहे डिस्चार्ज की सतत निगरानी की जाए तथा जलस्तर एवं डिस्चार्ज में होने वाले किसी भी परिवर्तन की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए कंट्रोल रूम को पूरी तरह सक्रिय एवं सतर्क रखने के भी निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा की स्थिति में सूचनाओं का त्वरित, सटीक एवं समयबद्ध आदान-प्रदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः कंट्रोल रूम में तैनात कार्मिक पूरी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में सूचना प्राप्त होते ही संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में तैनात कार्मिकों से प्राप्त सूचनाओं एवं उनके आधार पर की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।जनपदवासियों के लिए आपदा संबंधी सूचना/सहायता हेतु संपर्कः आपदा कंट्रोल रूमः 05564-240590, टोल फ्री नंबरः 1077। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि बाढ़ अथवा किसी भी आपदा से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर तत्काल उपरोक्त नंबरों पर सूचना दें, ताकि समय से आवश्यक राहत एवं बचाव कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के देवरिया आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्ल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने देवरिया-गोरखपुर सीमा स्थित खरोह चौराहा पर उनका जोरदार एवं भव्य स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने फूल-मालाओं एवं नारों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कार्यकताओं के उत्साह से पूरा क्षेत्र कांग्रेसमय हो गया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्ल ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत करते हुए कहा कि उनका देवरिया आगमन संगठन के लिए नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेसजनों के आत्मीय स्वागत के लिए सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए पूरी मजबूती के साथ तैयार रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर मणि, आनन्ददेव गिरी चुन्नू, भरत मणि त्रिपाठी, रामअशीष साहनी, राजेश सिंह, जयप्रकाश धनगर, डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय, संजीव कुमार मिश्रा, चन्दन वर्मा, हरिहर त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, मार्कण्डेय मिश्रा, शिव शंकर सिंह, आलोक त्रिपाठी, शहनाज जफर, मनोज मणि त्रिपाठी, रामप्रवेश सिंह, नीलेश त्रिपाठी, आनन्द श्रीवास्तव सोनू, शाकिर हुसैन, रीता देवी, सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, राजकुमार यादव, दीनदयाल प्रसाद, गोविन्द मिश्रा, धन्नजय यादव, बदरे आलम, प्रेमलाल भारती, रजनीश उपाध्याय विभिन्न फ्रंटल संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## भारत की चुनौती

अमरीका बार-बार भारत के सामने चुनौतियां खड़ी कर रहा है। ट्रंप ने वैश्विक व्यवस्था को लगभग ध्वस्त कर दिया है और अपने हित साधने के लिए बार-बार ट्रंप दूसरे देशों के सामने समस्याएं खड़ी कर रहे हैं। लेकिन यह समय हमारे लिए दो कदम आगे बढ़कर यह सोचने का भी है कि क्या भारत अपने 1.40 अरब लोगों का भविष्य किसी सिरफिरे के हवाले कर सकता है? आज ट्रंप भारत के सामने चुनौतियां खड़ी कर रहा है, कल कोई दूसरा ऐसी ही परेशानी खड़ी कर सकता है। इसलिए हमे अपनी प्रगति, लोगों की खुशहाली और रोजी-रोजगार के लिए अमरीका पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। अगर हम अपनी किसी भी जरूरत के लिए दूसरे देश पर निर्भर रहेंगे, तो उसके सामने समय-समय हमें अपनी संप्रभुता के साथ समझौता करना पड़ेगा। इसलिए अमरीका के साथ व्यापार अड़चनों को हमें ढाल बनाकर आत्मनिर्भर भारत की तरफ बढ़ना चाहिए ताकि भारत की जो आजादी सदियों के संघर्ष के बाद मिली है, उसके साथ कोई सिरफिरा विदेशी खिलवाड़ करने की हैसियत ही न रखे। इसलिए भारत को अमरीकी टैरिफ पर शोक मनाने और बेवजह के विमर्श और कूटनीति में उलझने के बजाय भारत को अपनी 1.40 अरब की आबादी की आवश्यकताओं को संतुष्ट करने पर फोकस करना चाहिए। इससे देश में



इतनी मांग बढ़ेगी की अमरीकी नुकसान की भरपाई आसानी से हो सकता है। बीते साल अगस्त में अमेरिका द्वारा भारत के निर्यात पर लगाए गये 25 फीसदी के शुल्क के प्रभावी होने के पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करके भारत पर 25 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल के आयात के दंड स्वरूप 25 फीसदी का यह अतिरिक्त शुल्क (मूल्य के अनुपात में) लगाया गया था। कुल मिलाकर ट्रंप ने भारत को चुनौतीपूर्ण हालात में डाल दिया था। इसकी वजहों को तार्किक रूप से समझा पाना मुश्किल है। इसकी वजह यह दी गई है कि भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के कारण रूस को युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। यानी अगर भारत रूसी तेल खरीद बंद कर देगा तो इससे जंग रोकने में मदद मिलेगी। फरवरी 2022 में जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण की शुरुआत किया तब अमेरिका और उसके पश्चिमी साझेदार देशों ने रूस के विदेशी मुद्रा भंडार को जब्त कर लिया था और उसे अंतरराष्ट्रीय भुगतान प्रणाली से अलग करके उस पर तमाम तरह के प्रतिबंध लागू कर दिए थे। इन कदमों से रूस अप्रभावित रहा। अमेरिका और यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को पूरा समर्थन दिया, इसके बावजूद रूस पीछे नहीं हटा। इन सब बातों के बावजूद शायद अमेरिका यही मानता है कि भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का तरीका प्रभावी साबित होगा। यह कदम ट्रंप के समर्थकों को प्रसन्न करने के लिए और यह दिखाने के लिए उठाया गया है कि वे उस युद्ध को रोकने के लिए कुछ कर रहे हैं जिसे समाप्त करने का उन्होंने वादा किया था। भारत सरकार ने इसे अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण करार दिया था। यह सही भी है। ट्रंप यह सोचते हैं कि वे दुनिया को अपने इशारों पर चलायेंगे। ऐसा करने की वे कोशिश भी करते हैं। लेकिन जब कुछ कर नहीं पाते हैं तब अपनी हताशा छिपाने के लिए ऐसी हरकतें करते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पीछे अमरीकी नीतियां जिम्मेदार हैं। अब अमरीका इसमें उलझ गया है, ट्रंप चौबीस घंटे में पूरी दुनिया से युद्ध समाप्त करने की बात करते थे, लेकिन आज अमरीका खुद हरेक युद्ध में पक्षकार बना हुआ है। गाजा, ईरान से लेकर यूक्रेन तक, हरेक युद्ध में अमरीका की सहभागिता है। युद्ध अमरीका करे और उसकी कीमत भारत चुकाये, यह तो संभव नहीं है। युद्धों के कारण दुनिया तेल एवं गैस, उर्वरक और खाद्य आपूर्ति के संकट से जूझ रही है। ऐसे में अब भारत को अमरीका के दबाव में नीति तय करने के बजाय राष्ट्रहित आगे बढ़ना चाहिए भले ही अमरीका फिर से भारत के खिलाफ टैरिफ लगाये। फिलहाल ट्रंप का टैरिफ प्लान अमरीकी कोर्ट ने ही पूर्व में ध्वस्त कर दिया था। ऐसे में भारत पर इस समय सामान्य टैरिफ ही लग रहा है।

### विचार

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

–महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ-प्रदर्शन करता है।

–गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

–स्वामी विवेकानन्द.

# सीमा विवाद सुलझाने की दिशा में सुखद पहल



अरविन्द जयतिलक



भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने की पहल एक सुखद संकेत है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के साथ ही सीमा तय करने की दिशा में आगे बढ़ने की पहल पर चर्चा की है। पिछले दिनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल चीन की यात्रा पर थे। उन्होंने कहा कि हम यहां बातचीत के 25 वें दौर के लिए उपस्थित हैं। मौंजू सवाल यह है कि क्या दोनों देशों की पहल से सीमा विवाद का हल निकलेगा? क्या दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव कम होगा? यह सवाल इसलिए कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझाने की पहल कई बार हो चुकी है लेकिन कोई ठोस सार्थक परिणाम नहीं निकला। याद होगा 2020 में गलवान में हुई झड़प के बाद से ही दोनों देशों के बीच रिश्ते तल्ख और असहज हैं। गलवान में चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय जवानों पर हमला दोनों देशों के रिश्ते को दुश्मनी और नफरत में बदल दिया था। इस हमले में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे वहीं चीन को भी अपने 43 जवानों की जिंदगी से हाथ धोना पड़ा था। इस हालात के लिए पूर्ण रुप से चीन ही जिम्मेदार था। अगर वह 1996 और 2005 में हुए समझौते का पालन किया होता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति पैदा नहीं होती।

> अगर भारत तिब्बत की स्वतंत्रता और मानव अधिकार हनन के मसले को अन्तरराष्ट्रीय कुटनीति की तीव्र आंच पर रखता है तो सच मानिये चीन की पेशानी पर बल आना तय है। तिब्बत की स्वतंत्रता चीन की कमजोर नस है और भारत इसे मानव अधिकार हनन का नश्तर बनाकर चीन की हेकड़ी का सफल ऑपरेशन कर सकता है।

रूस में ब्रिक्स समिट से ठीक पहले भारत-चीन के बीच ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी पर सहमति बनी और दोनों देशों ने इस पर सहमति जताई कि देपसांग और डेमचॉक क्षेत्र में जहां गश्त ब्लॉक है वहां सैनिक पीछे हटेंगे और गश्त फिर से शुरू होगी। कहना गलत नहीं होगा कि चीन के अडियल रुख से ईस्टर्न लद्दाख के पैगोंग क्षेत्र, गलवान के पीपी-14, गोगरा और हॉटस्प्रिंग क्षेत्र में आज भी तनाव बरकरार है। नतीजतन यह क्षेत्र अभी भी बफर जोन बना हुआ है। कहा जा रहा है कि चीन सामरिक रुप से अहम पैंगोंग त्सो झील के निकट एक और नए पुल का निर्माण की योजना में है। उसकी मंशा इस पुल के जरिए अपने सामरिक हथियारों को आसानी से भारतीय सीमा तक पहुंचाना है। इसका खुलासा सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों से हो चुकी है। चीन की यह साजिश भारत के लिए चिंता का शबब इसलिए है कि यह पुल वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी से महज 20 किलोमीटर दूर है। लेकिन अब चूंकि दोनों देशों के बीच रिश्तों में जमा बर्फ फिघल रहा है तो उम्मीद किया जाना चाहिए कि बहुत जल्द ही इस क्षेत्र में भी शांति बहाल होगी। गौर करें तो सीमा विवाद से दोनों देशों के बीच न सिर्फ तनाव की स्थिति उपजती है बल्कि अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। फिलहाल कहना मुश्किल है यह बैठक दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझाने में मददगार होगा या चीन पुनः भारतीय भू-भाग को अतिक्रमित नहीं करेगा। यह इसलिए कि चीन वार्ता में दिलचस्पी तो दिखाता है लेकिन बेहतर परिणाम देने की दिशा में आगे नहीं बढ़ता। जब तक चीन साम्राज्यवादी मानसिकता की खोल से बाहर नहीं आएगा तब तक भारत-चीन सीमा विवाद सुलझने के आसार कम हैं।

### सामयिक

चीन की उदासीनता का ही नतीजा है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद ज्यों का त्यों बना हुआ है। उसके असंवेदनशील रुख के कारण ही 1976 से चल रही बातचीत तार्किक नतीजे पर नहीं पहुंची। 1993, 1996 और 2005 में दोनों देश कई बार सीमाओं के विभाजन के लिए वार्ता की लेकिन उसका सकारात्मक नतीजा नहीं निकला। कारण वार्ता के दौरान चीन कभी भी दस्तावेजों के आदान-प्रदान में रुचि नहीं दिखाया। भारत के जिन क्षेत्रों पर उसका एक इंच भी दावा है उससे हटने का आज तक संकेत नहीं दिया। विडंबना यह भी कि वह मैकमोहन रेखा को भी स्वीकारने को तैयार नहीं। वह उसे अवैध बताता है। जबकि देश-दुनिया को अच्छी तरह पता है कि ब्रिटिश भारत और तिब्बत ने 1913 में शिमला समझौते के तहत अंतर्राष्ट्रीय सीमा के रुप में मैकमोहन रेखा का निर्धारण किया। इस सीमा रेखा का निर्धारण हिमालय के सर्वोच्च शिखर तक है। समझना जरुरी है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलसी की वास्तविक स्थिति भी कमोवेश यही है। इस क्षेत्र में हिमालय प्राकृतिक सीमा का निर्धारण नहीं करता क्योंकि यहां से अनेक नदियां निकलती और सीमाओं को काटती हैं।

वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों देश एलसी पर निगरानी कर रहे हैं। ऐतिहासिक संदर्भों में जाए तो तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमाओं का ठीक से रेखांकन नहीं होने से अक्टुबर, 1913 में शिमला में अंग्रेजी सरकार की देखरेख में चारो देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में तिब्बती प्रतिनिधि ने स्वतंत्र देश के रुप में प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंग्रेजी सरकार ने उसे उसी रुप में मान्यता दिया। आधुनिक देश के रुप में भारत के पूर्वोत्तर हिस्से की सीमाएं रेखांकित न होने के कारण दिसंबर 1913 में दूसरी बैठक शिमला में हुई और अंग्रेज प्रतिनिधि जनरल मैक मोहन ने तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमा को रेखांकित किया। समझना जरुरी है कि आज के अरुणाचल का तवांग क्षेत्र मैकमोहन द्वारा खींची गयी रेखा के दक्षिण में होता था। इसलिए तिब्बती सरकार बार-बार उस पर अपना दावा करती रही। तिब्बत का स्वतंत्र अस्तित्व स्वीकारने से उत्तर से पूर्वोत्तर तक कहीं भी भारत और चीन की सीमा नहीं मिलती थी। इस तरह उत्तरी-पूर्वी सीमा को एक प्राकृतिक सुरक्षा मिली हुई थी। लेकिन स्वतंत्र भारत की नेहरु सरकार की अदूरदर्शी नीति ने स्वतंत्र तिब्बत को बलिदान हो जाने दिया। पीकिंग पर साम्यवादियों का कब्जा होने के उपरांत 23 मई, 1951 को तिब्बत के दलाई लामा सरकार के प्रतिनिधियों और चीनी सरकार के अधिकारियों के बीच 17 सूत्रीय कार्यक्रम पर समझौता हुआ। इस समझौते को दलाई लामा तिब्बत के स्वतंत्र अस्तित्व की समाप्ति के रुप में देखते हुए भारत से रक्षा की गुहार लगायी। लेकिन तत्कालीन नेहरु सरकार पर चीन के साथ दोस्ती का भूत सवार था और उन्होंने अंग्रेजी दस्तावेजों का हवाला देकर तिब्बत पर चीन की अधिनस्थता की बात स्वीकार ली। नतीजा माओ के रेडगार्डों ने तिब्बत पर चढ़ाई कर एक वर्ष के अंदर पूरे तिब्बत पर नियंत्रण स्थापित कर लिया। आज की तारीख में सिक्किम-तिब्बत सीमा को छोड़कर लगभग संपूर्ण भारत-चीन सीमा विवादित है। भारत और चीन के बीच विवाद की वजह अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश की संप्रभुता भी है। पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है। अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है। इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है। लेकिन नियंत्रण चीन का है।

दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है। वह अरुणाचल प्रदेश से चुने गए किसी भी भारतीय सांसद को वीजा नहीं देता है। याद होगा गत वर्ष पहले उसने प्रस्ताव रखा था कि भारत अगर अरुणाचल के तवांग इलाके को चीन को सौंप देता है तो वह भी बदले में उसे अक्साई चीन का इलाका दे सकता है। लेकिन भारत ने उसके इस साजिश भरे प्रस्ताव को ठुकरा दिया। भारत की मनाही के बावजूद भी वह कश्मीर के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करता है। साथ ही पाकिस्तान से गलबहिया कर वह भारतीय संप्रभुता को चुनौती परोस रहा है। भारत को चीन पर दबाव बनाने के लिए तिब्बत के मसले पर अपना कड़ा रुख अख्तियार करना होगा। तिब्बत का स्वतंत्र अस्तित्व ही भारत की सीमाओं की रक्षा की सबसे बड़ी गारंटी है।

### सोशल मीडिया

भाजपा सिर्फ वोटों की सगी है, जाट या किसी अन्य समाज की नहीं। जो जाट नेता भाजपा के साथ अपने स्वार्थवश खड़े हैं, जाट समाज अब उनसे जवाब मांग रहा है। अखिलेश यादव.



मित्र अखिलेश जी! हाई कोर्ट का आदेश आपने बढ़ा ही होगा, स्कूलों में हिजाब पहनने पर कोर्ट ने रोक लगा दी है, आप के प्रवक्ता तो खुलकर हाईकोर्ट के खिलाफ खड़े हो गये। ओपी राजभर.



विरासत हमारी पहचान है। संस्कृति हमारी आत्मा है, कार्य संस्कृति हमारी शक्ति है और विकास हमारा संकल्प है। जापान का सहयोग हमारी इस गति को और तेज करेगा। सीएम योगी.



# परोपकार सबसे बड़ा धर्म

हमारी कई आदतें एवं स्वभाव ऐसे होते हैं जो हमारे व्यक्तित्व को गहरे से प्रभावित करते हैं। अगर हम इन आदतों से बचकर रहें तो निश्चय ही हमारा जीवन अधिक सरल एवं सुगम होगा। इस संदर्भ में धम्मपद में गौतम बुद्ध कहते हैं, पांच चीजों को दरवाजे से ही भगा दो, और इनके साथ पांच और हैं, और फिर पांच वह हैं जिनका स्वागत करना है और जब पांच को किनारे पर ही छोड़ दिया जाता है, तो तलाश करने वाले को ओघतिन्नोती कहा जाता है यानी 'जिसने (समुद्र) पार कर लिया है। स्वार्थ, शक, छद्म आध्यात्मिकता, जोश व नफरत वह पांच चीजें हैं जो हमेशा आपके दरवाजे पर खड़ी रहती हैं। तनिक सी लापरवाही और वह अंदर प्रवेश कर जाती हैं। इसलिए अधिक सतर्कता की आवश्यकता है कि उन्हें दरवाजे से ही लौटा दिया जाये। दरअसल, जो लोग यह सोचते हैं कि वह निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, वह भी निस्वार्थ सेवा नहीं कर रहे होते हैं। उनकी सेवा स्वार्थ भरी होती है। वह स्वार्थी होते हैं। उन्हें किसी महान पुरस्कार की तलाश होती है- स्वर्ग और स्वर्ग के आनंद की। स्वार्थीपन से सतर्क रहें। जो लोग आस्था रखते हैं, वह भी शक से भरे होते हैं, तथ्य यह है कि जो लोग शक से भरे नहीं होते, उन्हें आस्था की आवश्यकता ही नहीं है। आस्था का सीधा सा अर्थ है कि आपने शक को ढक लिया है। जब लोग आध्यात्मिक होना चाहते हैं तो छद्म आध्यात्मिक होना आसान हो जाता है। आप मंदिर में जाकर कुछ रीति रिवाजों का पालन करते हैं या पूजा पाठ करते हैं तो आप हिंदू हो जाते हैं, यही काम रविवार को गिरजाघर में जाकर करते हैं तो ईसाई हो जाते हैं और मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ते तो मुस्लिम हो जाते हैं। असल आध्यात्म हर सड़ी गली चीज, हर गुजरी हुई चीज, हर वह चीज जो दूसरों के द्वारा आप पर थोपी जा रही है, हर प्रकार की कंडीशनिंग के विरुद्ध विद्रोह है। ...और जोश... गौतम बुद्ध ने कहा, सावधान! आप इसे यहां दबा लेंगे, लेकिन कहीं और इसकी इच्छा करने लगेंगे। जोश आपको इतनी आसानी से नहीं छोड़ता है। अंतिम चीज है नफरत। आपके सारे अंग नफरत से भरे हैं- पापियों के लिए नफरत से। इसलिए उन्होंने नरक की रचना की है। अपने लिए स्वर्ग और पापियों के लिए नरक। अपने लिए स्वर्ग और नरक उन लोगों के लिए जो उनके धर्म का पालन नहीं करते। यह नफरत है। यह वही मानसिकता है, वही बदसूरत मन जो नए खेल, खेल रहा है, लेकिन बदला कुछ नहीं है। पांच और चीजें हैं... जो दिखाई नहीं देतीं, लेकिन वह भी हैं, जो इन पांच के पीछे छुपे हुए हैं। यह हैं- जीने की हवस, महिला के लिए हवस या पुरुष के लिए हवस को छोड़ा जा सकता है। लेकिन स्वयं जीवन के लिए हवस को छोड़ना बहुत कठिन है। हर कोई जीना चाहता है और जब तक संभव हो जीना चाहता है।

अंतर्दृष्टि

# चरित्र पर पानी फिर जायेगा

व्यंग्यलोक

पिताजी ने मुझे शाखा में भेजा तथा स्वयं भी संस्कारों की सीख दी। उसका प्रभाव हुआ। मैं सिद्धान्तों पर अडिग रहने लगा। कई बार तो मेरी जिद के सामने बाद में पिताजी को भी दिक्कत होने लगी। उन्हें गुस्सा आता कि उन्होंने मुझे इतना जबरदस्त चरित्रवान क्यों बना दिया। वे कहते कि बेटा, थोड़ा व्यावहारिक बनने की भी आवश्यकता है। अन्यथा तुम्हें जीवन में भूखों मरने की नौबत आ सकती है। मैं कहता कि तो क्या हुआ, मूल्यों की रक्षा के लिए भूखों मर जाना भी श्रेष्ठ मानता हूँ। उन दिनों देश में भ्रष्टाचार का शुभारंभ हो चुका था। और राजनेता भ्रष्टाचार की होड़ लगा रहे थे। पिताजी ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और कहा-बेटा! देख रहे हो देश की हालत क्या हो रही है? लोग इसे अपने चारों हाथ-पाँवों से लूट रहे हैं। मुझे एक पल गौर से देखो और अपने जीवन का रास्ता चुन लो। मैंने पिताजी को देखा-फटी धोती, तार-तार कुर्ता, टूटी चप्पलें तथा मोटे फ्रेम के चश्मे में वे भारतीय गरीब का पर्याय थे। मुझे लगा क्या ये इसी विपन्नता में मर जायेंगे। तभी चरित्र ने जोर मारा-जीवन में अपने सद्चरित्र से ही आदमी को अपनी जीविका चलानी चाहिए। जब पिताजी ने इस मूल्य को नहीं त्यागा तो मुझे इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। तभी मन का विरोधी बोला-भूखों मर जाओगे। जिन्दगी की रेस में बढ़ना है तो भ्रष्टाचार में लग जाओ। तभी पिताजी बोले-बेटा! तुम्हारे भीतर जो द्वंद्व चल रहा है उसे मैं समझता हूँ, लेकिन प्रैक्टिकल हुए बिना नैया पार नहीं लगेगी। मैं चरित्र की अपनी सारी शिक्षायें विड्रा करता हूँ। हो सके तो इस घर को भुखमरी से निकाल लो। उनकी आँखों में आंसू भरे थे। उनकी चाह को मैं भली प्रकार से समझ सकता था। मैं बोला-यह आप क्या कह रहे हैं पिताजी।



पूरन सरमा

चरित्र और सिद्धान्त मेरी रग-रग में समा चुका है। अब इसे आसानी से विड्रा नहीं किया जा सकता। जब पेट ईमानदारी से भर सकता है तो बईमानी की क्या आवश्यकता है? बेटा! अकेले पेट का सवाल नहीं है, अब जरूरतें इतनी बढ़ गयी हैं कि उसके अनुसार तुम नहीं बन पाये तो मुझे दुःख होगा। हालांकि गलती मेरी ही है। लेकिन बेटा पहले का जमाना वही था। नये जमाने को और नये मूल्यों को समझने की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि तुम भी मेरी ही तरह घुट-घुट कर मरो। चरित्र समय की आवश्यकता नहीं है। मैं आपका आशय समझ नहीं पा रहा? अभी समझाता हूँ बेटा। देखो चुनाव नजदीक है-मैं चाहता हूँ कि तुम राजनीति में चले जाओ। इसमें तुम जल्दी ही प्रेक्टिकल बन जाओगे। सारे चरित्र पर पानी फिर जायेगा। मेरी आत्मा को शांति मिलेगी तथा तुम अच्छा कमा-खा लोगे। इतना कहकर वे चले गये और मैं ठंडा पड़ गया। काटो तो खून नहीं। निश्चित नहीं कर पा रहा था कि राजनीति में जाऊँ या नहीं।

# हमारी सांस्कृतिक चेतना का जीवंत पर्व है रक्षाबंधन



पर्व/त्यौहार

धीरज बसाक

भारत विविधता में एकता का देश है, जहां उत्सव न केवल धार्मिक भावना से जुड़ा होता है बल्कि वह सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों का संवाहक भी होता है। रक्षाबंधन ऐसा ही पर्व है, जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित है। परंतु इसकी रेंज या परिधि सिर्फ निजी भावनाओं तक ही सीमित नहीं है बल्कि ये भारतीय परंपरा, जीवन दर्शन और सामाजिक संरचना से भी बहुत गहरे स्तर पर जुड़ा हुआ है। जहां तक रक्षाबंधन पर्व के पौराणिक प्रसंग का सवाल है, तो पुराणों में इस पर्व की कई कथाएं प्रचलित हैं, जो इसके धार्मिक के साथ साथ सांस्कृतिक महत्व को भी रेखांकित करती हैं। एक मशहूर कथा यह है कि जब देव दानव युद्ध में देवता पराजित हो रहे थे, तब देवराज इंद्र की पत्नी इंद्राणी ने उन्हें रक्षा सूत्र बांधा था, जिस कारण देवता, दानवों के साथ युद्ध में विजयी हुए थे। बाद में यह रक्षा सूत्र, रक्षा का प्रतीक बन गया। एक अन्य कथा के मुताबिक जब भगवान श्रीकृष्ण की शिशुपाल वध के समय अंगुली कट गई थी, तब द्रोपदी ने तुरंत अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांध दिया था। श्रीकृष्ण ने द्रोपदी द्वारा उनकी अंगुली में बांधे गये इस टुकड़े का ऋण आजीवन अदा किया, खासकर तब जब चीरहरण के समय उन्होंने कुरु सभा में द्रोपदी की लाज बचायी। ये प्रसंग बताते हैं कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन के संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि इसके व्यापक आयाम हमारे सारे पवित्र रिश्तों से जुड़ते हैं। वास्तव में ये संकट में रक्षा की भावना से जुड़ा पर्व है। इस पर्व का अपना एक वृहद धार्मिक महत्व भी है। रक्षाबंधन सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह तिथि वैदिकाल से ही बहुत शुभ मानी जाती रही है। इस दिन यज्ञ, पूजा, दान आदि धार्मिक कार्यों का विशेष महत्व होता है। इस दिन पुरोहित अपने यजमानों को रक्षा सूत्र बांधते हैं और उनकी कुशलता की कामना करते हैं। इस तरह यह एक सामूहिक, धार्मिक, अनुशासन का रूप भी है, जिसमें व्यक्तित्व और सामाजिक रक्षा का संकल्प समाहित है। दरअसल भारतीय संस्कृति में परिवार महज एक ईकाई मात्र नहीं है बल्कि यह बहुमूल्य जीवन संरचना है। भाई-बहन का रिश्ता इस संरचना की आत्मा है। रक्षाबंधन वास्तव में उस आत्मीयता का उत्सव है, जो आत्मीयता भाई और बहन के बीच भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को प्रकट करती है।

यह पर्व एक ऐसा अवसर होता है, जब बहनें अपनी ससुराल से मायके आती हैं। भाई उनका स्वागत करते हैं, उन्हें उपहार देते हैं और जीवनभर उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं। यह पर्व न केवल हमारे आत्मीय संबंधों को मजबूत बनाता है बल्कि भारत की संयुक्त पारिवारिक व्यवस्था और स्त्री सम्मान की अवधारणाओं को जीवंत बनाये रखता है। रक्षाबंधन वह सांस्कृतिक पर्व है, जिसमें हमारे सभी जीवन मूल्य मसलन कर्तव्य, समर्पण, निःस्वार्थ प्रेम, विश्वास और रक्षा के भाव निहित होते हैं। इस दिन भाई, बहन की रक्षा का संकल्प लेता है और बहन अपने प्रेम, विश्वास व आशीर्वाद से उसका मार्ग प्रशस्त करती है। यह कर्तव्य और उत्तरदायित्व का भी पर्व है। यह पर्व वास्तव में एक नैतिक अनुबंध की तरह है, जहां बिना किसी कानूनी बाध्यता के प्रेम और कर्तव्य का बंधन होता है। रक्षाबंधन का त्योहार त्याग और समर्पण का भी प्रतीक है। रक्षाबंधन का धागा रिश्तों का इंद्रधनुष है। इसका हमारे वास्तविक जीवन में होना जिंदगी को खुशनुमा बनाता है। लेकिन अगर आज के संदर्भ में रक्षाबंधन का महत्व देखें तो यह बहनों की शक्ति और आत्मनिर्भरता को सम्मानित करता है। यही कारण है कि कई भाई-बहन आपस में एक दूसरे को भी रक्षा सूत्र बांधते हैं। रक्षाबंधन के पर्व का हमारी जातीय स्मृतियों और इतिहास से भी गहरा रिश्ता है। यह सामूहिक सुरक्षा और सामाजिक एकजुटता का भी प्रतीक है। भारतीय स्वत्रंतता संग्राम में कवि गुरु रविंद्रनाथ ठाकुर बंग-भंग के विरोध में रक्षाबंधन को हिंदू, मुस्लिम एकता का प्रतीक बनाकर जन जागरण का माध्यम बनाया था। यह त्योहार हमें सिखाता है कि समाज के प्रत्येक सदस्य की रक्षा का हम सभी का दायित्व है यानी हम सब मिलकर एक दूसरे की रक्षा और सुरक्षा का जिम्मा संभालें। शायद यही कारण है कि आज भी कई जगहों पर विशेषकर बोर्डर एरिया में महिलाएं, वहां तैनात फौजियों को राखी बांधती हैं। तो यह एक भावनात्मक डोर होती है, जिससे वे सामजिक कर्तव्य को बांधती हैं।

## आपकी बात

### शिक्षा को प्रोत्साहन

उत्तर प्रदेश सरकार की टेबलेट नीति शिक्षा के लिए जरूरी है लेकिन सभी छात्रों को टेबलेट देना चाहिए। पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में सरकार के द्वारा छात्रों को दिया गया स्मार्टफोन, टेबलेट बहुत ही मददगार साबित होगा। लेकिन यह सुविधा सभी छात्रों को मिलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ छात्रों को मिलेगा लेकिन अधिकांश छात्र इससे वंचित रहेंगे। ऐसे में स्कूल बंद होने पर उनकी शिक्षा का क्या होगा इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। इसी तरह प्रदेश सरकार ने गरीब वर्ग के छात्रों की मदद के लिए कोचिंग योजना की जो शुरूआत की है उसकी सराहना होनी चाहिए। इससे गरीब वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में मदद मिलेगी। वैसे प्रदेश सरकार शिक्षा की दशा और दिशा को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार एक के बाद एक अभिनव पहल कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने, छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, उच्च शिक्षा से लेकर माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा तक, करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने, प्रशासनिक, मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं सैन्य सेवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के बाद अब एक और बेहतरीन फैसला किया है जिससे एक साथ अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा। दरअसल प्रदेश सरकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साल में दो यूनिफार्म सेट के साथ ही सर्दी में स्वेटर, जूता, मोजा भी उपलब्ध कराती है। इन सभी मदों में सरकार ने रकम निर्धारित कर दी है, लेकिन जब स्कूल खुलते हैं तो प्रायः सत्र शुरू पर बच्चों को यूनिफॉर्म नहीं मिल पाते हैं। दो-तीन महीने बाद जब यूनिफार्म आता है तब तक बच्चों को पुराने से ही काम चलाना पड़ता है। बड़ी संख्या में छात्र बिना यूनिफार्म के ही चले जाते हैं। इसी तरह सरकार स्वेटर देती है लेकिन सर्दी शुरू होने पर नहीं मिल पाता, जब तक टेंडर करती है, सप्लायर तय करती है तब सर्दी बीत जाता है और जब बच्चों को स्वेटर मिलता है तब तक गर्मी शुरू हो जाती है। यह देरी दरअसल सरकारी खरीद प्रक्रिया के कारण है जिसमें टेंडर लगाने, अधिकारियों का कमीशन फिक्स होने आदि में समय लगता है और जब अधिकारी सब कुछ तयतोड़ कर लेते हैं तब जाकर टेंडर पास होता है। इससे एक तो भ्रष्टाचार पनपता है और दूसरे छात्रों को समय पर यूनिफार्म नहीं मिलता है। कई बार घटिया कपड़ों से बना यूनिफॉर्म मिल जाता है। इस व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश सरकार ने यूनिफॉर्म का पैसा छात्रों को नकद देने का फैसला किया है। यह एक ऐसी पहल है जिससे भ्रष्टाचार भी कम होगा।

**रघुवीर यादव, लखनऊ.**

### बढ़ता अवैध निर्माण

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं।

**अशोक कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## मानसिक बीमार व्यक्ति नदी में कूदा, लोगों ने बचाया

**बांदा।** तिंदवारी क्षेत्र में दोपहर बेंदा घाट स्थित यमुना नदी पुल पर से गुरुवार सुबह एक वृद्ध ने नदी में छलांग लगा दी।

उसे नदी में गिरता देख पुल के नीचे मौजूद स्थानीय मछुआरों और गोताखोरों ने डूबने से बचा लिया। पुलिस की मौजूदगी में वृद्ध को नदी से बाहर निकालकर उपचार के लिए पीएचसी तिंदवारी में भर्ती कराया गया।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी छोटेलाल सिंह (65) पुत्र जगतपाल सिंह गुरुवार सुबह बेंदाघाट स्थित यमुना पुल पर पहुंचा था। बताया गया कि वह काफी देर तक पुल की रेलिंग के पास घूमता रहा। अचानक वह रेलिंग पर चढ़ गया और वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही यमुना नदी में छलांग लगा दी। वृद्ध को नदी में गिरता देख आसपास मौजूद स्थानीय मछुआरे और गोताखोर तुरंत पानी में उतर गए। उन्होंने उसे नदी से बाहर निकाल लिया। बेहोशी की हालत में पीएचसी तिंदवारी पहुंचाया।

## नशे में युवक फांसी पर झूला, मौत

**बांदा।** नशे में युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। दस साल पहले मां ने भी खुदकुशी की थी। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के हरदौली गांव में बुधवार-बृहस्पतिवार की मध्यरात्रि शराब के नशे में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरदौली निवासी राकेश उर्फ फुदुल् का 19 वर्षीय पुत्र सनी बुधवार रात शराब के नशे में घर पहुंचा था। परिजनों के मुताबिक घर पहुंचने के बाद किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया। इसके बाद वह कमरे में चला गया और रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही पिता राकेश कमरे में पहुंचे तो सनी फंदे पर लटका मिला। उन्होंने उसे नीचे उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 31 अगस्त को

**बहराइच।** अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग/सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में 31 अगस्त 2026 को अपरान्ह 01:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित अधिकारियों से वांछित सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 31 को

**बहराइच।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 31 अगस्त 2026 को अपरान्ह 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

# रक्षाबंधन की पावन डोर से पुलिस जन संवाद हुआ मजबूत



**बहराइचर।** क्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत आज सरस्वती शिशु मंदिर, बहराइच की छात्राओं एवं शिक्षकगण द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक *श्री विश्वजीत श्रीवास्तव*, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों द्वारा छात्राओं का आत्मीयता एवं स्नेहपूर्वक स्वागत किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व ही नहीं, बल्कि विश्वास, सुरक्षा, सम्मान एवं जिम्मेदारी के संकल्प का भी प्रतीक है।

- सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी, सुरक्षा एवं विश्वास का दिया संदेश

जनपद बहराइच पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने हेतु पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।राखी बांधने के इस आत्मीय अवसर पर छात्राओं एवं पुलिस अधिकारियों के मध्य सौहार्दपूर्ण संवाद हुआ। छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों के प्रति सम्मान एवं विश्वास व्यक्त करते हुए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं, वहीं पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को निडर होकर आगे बढ़ने, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं छात्राओं के मध्य अपनत्व, विश्वास और सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ़ होती दिखाई दी। रक्षाबंधन की पावन डोर ने पुलिस एवं समाज के बीच सहयोग एवं संवेदनशील संबंधों को एक नई मजबूती प्रदान की।

## रिश्तों की डोर विश्वास से मजबूत होती है



जिला संवाददाता

**बहराइच।** विकास भवन में सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज की कक्षा 08 से 10 तक अध्ययनरत लगभग 01 दर्जन से अधिक छात्राओं तथा ब्रह्मकुमारी दीदीयों द्वारा रक्षाबन्धन पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को राखी बांधी गई। सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज की सृष्टि गौड़, रिया सिंह, सुवर्णा मिश्रा, अध्यापिका सोनम तिवारी, लक्ष्मी पाण्डेय व प्रीती सिंह व अन्य छात्राओं द्वारा जिलाधिकारी को रक्षा सूत्र बाँध कर भारतीय परम्परा का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी ब्रहमकुमारी साधना, संगीता व भावना दीदी द्वारा भी जिलाधिकारी को रक्षा सूत्र बांधा गया।

- सरस्वती विद्या मन्दिर की छात्राओं व ब्रहमकुमारी दीदीयों ने डीएम को बांधा रक्षा सूत्र

डीएम ने छात्राओं को डायरी, कलरबाक्स व उपहार भेंट कर रक्षाबन्धन पर्व की बधाई दी तथा उज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस अवसर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द ने भी छात्राओं को उपहार भेंट किया।

## सीएम का बहनों को मुफ्त यात्रा तोहफा, रही भारी भीड़



**बांदा।** रक्षाबंधन पर बहनों को रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा करने के मुख्यमंत्री के आदेश के बाद बस अड्डे में भारी भीड़ रही। सैकड़ों की तादाद में रोडवेज बस स्टैंड के सामने महिलाओं ने बाहर से पहुंचकर राखी खरीदी और बस में गंतव्य तक जाने के लिए बसों का इंतजार करने लगी। वैसे तो बीते वर्षों में भी रक्षाबंधन के दौरान बहनों को मुफ्त यात्रा का लाभ सरकार ने दिया था। लेकिन इस वर्ष बहनों के साथ एक सहयोगी को भी मुफ्त यात्रा करने की मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद महिला और पुरुष यात्रियों की भीड़ में इजाफा देखा गया। बताते चलें कि सैकड़ों की तादाद में महिलाएं अपने गांव और शहर से काफी दूरस्थ शहरों में रहती हैं लेकिन बसों में किराया न लगने की वजह से ज्यादातर महिलाएं अपने भाईयों को राखी बांधने निकली हैं। यही वजह है कि इस वर्ष रोडवेज बसें भी यात्रियों से काफी कम रहीं। महिलाएं गंतव्य तक जाने के लिए घंटों बसों का इंतजार करती रहीं।

## यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार को लेकर परिवहन विभाग की बैठक



**बांदा।** मुख्यमंत्री व परिवहन आयुक्त के निर्देशों के चलते रक्षाबंधन त्योहार को देखते हुए प्राइवेट बस आपरेटर व आटो टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ संभागीय परिवहन कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सौरभ कुमार ने महिलाओं व अन्य यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी वाहन स्वामी यात्रियों के प्रति संवेदनशील बर्ताव करने के लिए अपने चालकों व परिचालकों को निर्देश दें और उनका चरित्र सत्यापन भी कराएं। प्राइवेट चालकों का नशा संबंधी परीक्षण भी प्राइवेट बस अड्डे में कराने के निर्देश दिए। इस दौरान आरटीओ सौरभ कुमार, आरटीओ प्रवर्तन उदयवीर सिंह, एआरटीओ श्यामलाल, प्रशासन-प्रवर्तन, पीटीओ चंदन पांडेय, बस यूनियन के पदाधिकारी संतोष पटेल, मयंक गुप्ता, दीपक परिहार व अन्य वाहन स्वामी मौजूद रहे।

## पावन रक्षाबंधन पर छात्राओं ने बांधी एसपी को राखी, सुरक्षा और विश्वास का संदेश

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** आगामी रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर आज स्थानीय पुलिस कार्यालय में एक सराहनीय दृश्य देखने को मिला, जब जिले के स्कूलों की छात्राओं व उनके अध्यापकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक से शिष्टाचार भेंट की और उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस तथा समाज के बीच संबंधों को मजबूत करना तथा युवतियों में सुरक्षा और आत्मविश्वास का संचार करना बताया गया।भेंट-मुलाकात की शुरूआत मान्य स्वागत के साथ हुई। छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक का तिलक लगाकर अभिनंदन किया तथा उन्हें दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और सफलता की कामनाएं कीं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल अध्यापकों ने कहा कि विद्यालयों में न केवल शैक्षिक बल्कि सामाजिक चेतना भी दी जा रही है और रक्षाबंधन जैसे पर्वों के माध्यम से वे बच्चों में पुलिस के प्रति सम्मान एवं भरोसा विकसित करना चाहते हैं।पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने छात्राओं के इस भावपूर्ण कदम की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास ही सुरक्षा ढांचे की बुनियाद है। उन्होंने बताया कि जिले की पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और स्कूलों, पाठशालाओं एवं समुदायों के साथ सक्रिय संवाद बनाए रखा जाएगा। श्री मांगलिक नेबालिकाओं को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी आपात स्थिति में वे निःसंकोच पुलिस से संपर्क कर सकती हैं।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बालिकाओं को 'मिशन शक्ति' और अन्य महिलाओं व बालिकाओं से जुड़ी सुरक्षा पहल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपात सेवा 1098 बाल संरक्षण सेवा का उल्लेख करते हुए कहा कि इन नंबरों पर कभी भी संपर्क किया जा सकता है।

- छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक का तिलक लगाकर अभिनंदन किया
- पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

# परीक्षा में नकल के आरोप के बाद छात्र की मौत जांच शुरू

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** थाना मलवां पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सौरा के पास पुलिया के नीचे एक छात्र अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है और उसकी साइकिल पास में पड़ी मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज फतेहपुर भेजा। छात्र के पास मिले परिचय पत्र और अन्य पुष्टिकरण के आधार पर उसकी पहचान तेजस द्विवेदी कक्षा 12, निवासी शिवपुरी कॉलोनी, थाना कोतवाली के रूप में हुई। तेजस सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज का छात्र था। परिजनों और विद्यालय प्रशासन को तत्काल सूचित किया गया, वे भी मेडिकल कॉलेज पहुँच गए।चिकित्सकीय स्थिति और मृत्यु मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान तेजस की हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। चिकित्सकों ने शाम लगभग 06:00 बजे उसे अग्रिम इलाज हेतु हैलट अस्पताल, कानपुर रेफर करने का निर्णय लिया। कानपुर ले जाने के दौरान रास्ते में ही तेजस की मृत्यु हो गई। शव को परिजनों ने वापस फतेहपुर लाकर स्थानीय मोर्चरी में रखवाया, जहां थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पंचायतनामा, पोस्टमार्टम हेतु आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी की जा रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है, जिसकी रिपोर्ट मिलने पर मृत्यु के कारणों की पुष्टि होगी।शाला से जुड़े आरोप व प्रारंभिक जांचप्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जिस दिन घटना हुई, उस दिन विद्यालय में परीक्षा के दौरान तेजस को अनुचित साधन कठिनाई नकल से जुड़ा आरोप प्रयोग करते हुए विद्यालय प्रशासन ने पकड़ लिया था। इसके साथ ही तेजस के पूर्व से अस्वस्थ रहने की जानकारी भी मिल रही है। विद्यालय द्वारा परीक्षा के समय किस प्रकार की कार्रवाई की गई, उस समय छात्र की शारीरिक-मानसिक स्थिति क्या थी, तथा क्या किसी प्रकार की धक्का-मुक्की या अनुचित व्यवहार हुआ इन बिंदुओं की गहनता से जांच की जा रही है।पुलिस-शिक्षा विभाग की संयुक्त जांच घटनास्थल, अस्पताल और विद्यालय के तफ्तीश से जुड़े तथ्यों की सत्यता के लिए पुलिस एवं जिला विद्यालय निरीक्षक उक्कडर की संयुक्त टीम गठित कर दी गई है। टीम विद्यालय के रेकॉर्ड, परीक्षा-पत्र, शिक्षक-छात्र संवाद, सीसीटीवी फुटेज यदि उपलब्ध हो तथा विद्यालय परिसर में मौजूद अन्य किसी भी साक्ष्य की पड़ताल कर रही है।

इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज और हैलट अस्पताल के चिकित्सकीय अभिलेखों की जांच करवाई जा रही है ताकि इलाज के दौरान क्या कार्रवाई हुई तथा मृत्यु से पूर्व किन-किन परीक्षणों व उपचारों का उल्लेख है, यह स्पष्ट हो सके।पुलिस बाइट व संभावित कानूनी कार्रवाईअपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर ज्ञान प्रकाश राय ने मीडिया बाइट में कहा है कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम, संयुक्त जांच में मिलने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैफिक पुलिस की लचर व्यवस्था जाम रहा शहर



**बांदा।** रक्षाबंधन के त्योहार के चलते गुरुवार को सुबह से ही शहर में जाम का आलम रहा। बाबूलाल चैराहा से लेकर ओवरब्रिज तथा रोडवेज बस स्टाप तक घंटों जाम लगा रहा। शहर के रूट चार्ट का भी पालन नहीं हुआ। जाम रोकने के लिए यातायात पुलिस की व्यवस्था बेहद लचर थी। बाबूलाल चौराहे में लगभग 12 बजे एक भी यातायात पुलिसकर्मी तैनात नहीं था।इस वजह से यहां मनमाने तरीके से वाहन चौराहे क्रास करने की वजह से लंबे समय तक लोग जाम में फंसे रहे। ओवरब्रिज में लगातार जाम लगने की जानकारी मिलने के बाद कुछ पुलिसकर्मी जाम खुलवाने के लिए लगाए गए। तब जाकर बमुश्किल वाहनों का आवागमन शुरू हो सका। रोडवेज बस स्टाप के पास भी जाम से हालात बेकाबू हो गए थे। दोपहर 2 बजे के बाद यातायात प्रभारी ने कुछ पुलिसकर्मियों को लेकर जाम से छुटकारा दिलाने के लिए तहसील गेट के पास खड़े हुए और ई-रिक्शा चालकों का डीएम कालोनी की तरफ रूट बदला तब कहीं जाकर जाम से निजात मिल सकी। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते यातायात पुलिस मौके पर होती तो शायद घंटों जाम से लोगों को निजात मिल जाती।

## समझौतों से निराश बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन




**बांदा।** बैंक कर्मचारियों की लंबित मांगो के समर्थन में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स की जिला इकाई ने कैनरा बैंक स्टेशन रोड स्थित शाखा के सामने प्रदर्शन किया।

संयोजक कामरेड रावेंद्र कुमार शुक्ला नें बताया कि बैंक कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित महत्वपूर्ण मांगों के समर्थन व इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियन्स के बीच लिखित समझौते के बावजूद आज तक कुछ नहीं हुआ। डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंसियल सर्विसेज, मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस व भारत सरकार के समझौतों के खुले उल्लंघन से निराश होकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स नें गुरुवार को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया।

सरकार के एकतरफा समझौते के विरुद्ध व भेदभावपूर्ण बैंको के लाभ पर आधारित प्रोत्साहन योजना को तत्काल रोकना, सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन में समय के साथ बढ़ोत्तरी, उनके डीए में समरूपता, बैंकों में सप्ताह में पांच दिवसीय बैंकिंग, बैंको में कर्मचारी व अधिकारी निदेशकों की नियुक्ति आदि मांगों को लेकर आगामी 11 सितम्बर को एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी, 28, 29, 30 सितम्बर को तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी, 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन व शतप्रतिशत सफल बनानें को बैंकिंग उद्योग के सात प्रमुख संगठनों के संयुक्त मंच, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स की बाँदा जिला इकाई नें प्रदर्शन किया है।

जिले में कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों नें हिस्सा लेकर सरकार के प्रति गुस्से का इजहार किया।

## मण्डल में पहली बार टोटल नी रिप्लेसमेंट का हुआ सफल ऑपरेशन



एस पी मिश्रा

**बहराइच 27 अगस्त।** महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, बहराइच ने चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग (ऑर्थोपेडिक्स) विभाग में मण्डल स्तर पर पहली बार अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से टोटल नी रिप्लेसमेंट का सफल ऑपरेशन किया गया। इस उपलब्धि से मेडिकल कॉलेज बहराइच ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित की है। लगभग 6 वर्षों से घुटने की गंभीर समस्या से पीड़ित 70 वर्षीय पुरुष मरीज भागुवाती प्रजापति (काल्पनिक नाम), निवासी चित्तौरा, जनपद बहराइच का सफलतापूर्वक टोटल नी रिप्लेसमेंट ऑपरेशन किया गया।

- नित नई उपलब्धियों की ओर अग्रसर मेडिकल कॉलेज बहराइच

यह जटिल शल्य चिकित्सा अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सम्पन्न की गई।डॉ. (प्रो.) मिथिलेश कुमार ने बताया कि मरीज लंबे समय से घुटने की गंभीर बीमारी से पीड़ित थी, जिसके कारण चलने-फिरने के साथ-साथ दैनिक जीवन के सामान्य कार्य करना भी अत्यंत कठिन हो गया था।

मरीज का विस्तृत परीक्षण एवं आवश्यक जांचें कराने के बाद विशेषज्ञ टीम ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से टोटल नी रिप्लेसमेंट करने का निर्णय लिया।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है तथा ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। चिकित्सकीय निगरानी में मरीज का उपचार एवं पुनर्वास किया जा रहा है।

इस जटिल एवं महत्वपूर्ण ऑपरेशन को सफल बनाने में अस्थि रोग विभाग की विशेषज्ञ टीम तथा अन्य सहायक चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया विभाग की ओर से डॉ. आशीष ने आवश्यक एनेस्थीसिया एवं चिकित्सकीय सहयोग प्रदान किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. (प्रो.) संजय खत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अस्थि रोग विभाग एवं पूरी ऑपरेशन टीम को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि मण्डल स्तर पर पहली बार टोटल नी रिप्लेसमेंट जैसी जटिल शल्य चिकित्सा का सफल होना मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए अत्यंत गौरव एवं गर्व का विषय है।प्रो. खत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में लगातार आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

भविष्य में भी इस प्रकार की अत्याधुनिक एवं जटिल शल्य चिकित्सा सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे बहराइच सहित आसपास के जनपदों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही उच्चस्तरीय एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार



**बहराइच।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरदी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को खर्वा चौराहे से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की।पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में वांछित एवं इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष हरदी आलोक सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।हरदी थाने में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 170/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 से संबंधित 25 हजार रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त निहाल अहमद पुत्र जमाल अहमद निवासी कस्बा महाराजगंज, थाना जौतौड़ापारा, जनपद बहराइच को पुलिस टीम ने 27 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 1:45 बजे खर्वा चौराहे से गिरफ्तार किया।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ हरदी, बौंडी और रामगांव थानों में विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें आईपीसी की धाराओं के साथ ही उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामले भी शामिल हैं।गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष आलोक सिंह, उपनिरीक्षक संदीप कुमार यादव, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार, कांस्टेबल गोविन्द यादव और कांस्टेबल रूपेन्द्र विश्वकर्मा शामिल रहे।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विद्युत समन्वय समिति की बैठक

**बहराइच।** सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार जिला विद्युत समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एम.एल.सी. पदमसेन चैधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक कैसरगंज आनन्द यादव, भाजपा जिला महामंत्री रणविजय सिंह, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में विद्युत विभाग की प्रमुख योजनाओं जैसे आरडीएसएस, बिजनेस प्लानह्व एवं एल.ओ.एच. इत्यादि के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियंता विद्युत नवीन चन्द्र प्रसाद द्वारा विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति, विद्युत आपूर्ति की स्थिति, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सांसद बहराइच व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विद्युत आपूर्ति में सुधार, जर्जर लाइनों के सुदृढ़ीकरण, ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन में तीव्रता तथा उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता को प्राथमिकता दी जाय। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा सतर्कता (विजिलेंस) विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा करते हुए विद्युत चोरी की रोकथाम, अनधिकृत विद्युत उपयोग के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई एवं विभागीय सतर्कता से संबंधित कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए



आवश्यकतानुसार प्रभावी रूप से कार्यवाही को संचालित करने के निर्देश दिये गये। जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद में विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने पर विशेष बल देते हुए निर्देशित किया गया कि विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करते हुए जनसामान्य को बेहतर विद्युत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। अधीक्षण अभियंता श्री प्रसाद द्वारा आश्वस्त किया गया कि बैठक के माध्यम से प्राप्त हुए दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे।जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप जनपद में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाए रखा जाए। विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा विभागीय योजनाओं एवं परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील आदि उपस्थित रहे।

## संजीवनी लॉ कॉलेज में सम्पन्न हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

**बहराइच।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनोद कुमार यादव के निदेर्शानुसार प्राचार्य डॉ. रोहित प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संजीवनी लॉ कॉलेज, कीर्तनपुर में ह्लपर्यावरण संरक्षण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधनह्व विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं में अध्यापिका शिखा शुक्ला, डॉ. सी.पी. वर्मा, डॉ. आर.आर. पाठक, राजीव श्रीवास्तव, श्रीमती फरोजा एवं डॉ. ए.के. कन्नौजिया, प्रतिभागी छात्र/छात्राओं अंजलि निषाद, आस्था मिश्रा, समरीन बेगम, रियाज अहमद, शान, सत्यम, मो. अली, भावना, अवधेश व सुफियान आदि ने भी विषय के अनुरूप अपने अपने विचार व्यक्त किये। जबकि डॉ. सुधाकर त्रिपाठी एवं श्रीमती निशा त्रिपाठी द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में संजीवनी लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित प्रकाश सिंह द्वारा कार्यक्रम के आयोजन हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच का आभार ज्ञापित किया गया।

संक्षेप

## बजाज जनरल का माय फैमिली कम्प्लीट हेल्थ इंश्योरेंस शुरू

पुणे। बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज माय फैमिली कम्प्लीट नामक हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट के शुभारंभ की घोषणा की है। इस अनूठे प्रोडक्ट में परिवार की अवधारणा का विस्तार करते हुए इसमें आपके पालतू पशुओं यानी कुत्ते और बिल्लियों को भी शामिल किया गया है। इस खास प्लान के तहत परिवार के सदस्यों और आपके प्यारे से पालतू पशु के लिए अब आपको अलग से पॉलिसी नहीं लेनी पड़ेगी। आसान शब्दों में समझें, तो इस प्लान में आपके पालतू पशु को भी परिवार के सदस्य की तरह शामिल किया जाता है, जिससे कि एक ही स्वास्थ्य सुरक्षा प्लान के तहत पूरे परिवार को कवरेज मिलती है। यह प्लान 5 लाख से लेकर 5 करोड़ तक का इंश्योरेंस कवर और पांच साल तक की सुविधाजनक पॉलिसी अवधि का विकल्प पेश करता है। इसमें इलाज के खर्च के साथ-साथ तय नकद राशि भी मिलती है, जिससे कि इंश्योरेंस कवर का बेहतर लाभ मिलता है। हममें से ज्यादातर लोगों के लिए हमारा पालतू पशु सिर्फ हमारा साथी नहीं होता, बल्कि हमारे परिवार का एक अहम सदस्य होता है।

## सेम्बकॉर्प ग्रीन इंफ्रा ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

नई दिल्ली। सेम्बकॉर्प ग्रीन इंफ्रा लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है।प्रस्तावित आईपीओ में रुपये 3,750 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है। इसमें ऑफर फॉर सेल का कोई हिस्सा नहीं होगा। कंपनी फ्रेश इश्यू से प्राप्त शुद्ध राशि का इस्तेमाल कंपनी और उसकी ह्यऑब्जेक्ट्स सब्सिडियरीजह्ल द्वारा लिए गए कुछ बकाया कर्ज के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए करेगी। 30 जून 2026 तक कंपनी और उसकी ऑब्जेक्ट्स सब्सिडियरीज पर बकाया कर्ज था, जिसके एक हिस्से का भुगतान या पूर्व भुगतान आईपीओ से प्राप्त शुद्ध राशि से किया जा सकता है। इस प्रकार, प्रस्तावित पूंजी जुटाने का उद्देश्य कंपनी की बैलेंस शीट और वित्तीय स्थिति को मजबूत करना है।


## एटमबर्ग ने आईपीओ के लिए डीआरएचपी दाखिल किया

नई दिल्ली। एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। आईपीओ में रुपये 10 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का अधिकतम रुपये 450 करोड़ का नया निर्गम और रुपये 10 अंकित मूल्य वाले 7,65,42,051 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध राशि में से मुख्य रूप से रुपये 90 करोड़ कुछ कर्जों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान, रुपये 150 करोड़ ब्रांड जागरूकता और प्रदर्शन मार्केटिंग गतिविधियों तथा रुपये 100 करोड़ अनुसंधान एवं विकास में निवेश के लिए इस्तेमाल करेगी। शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एटमबर्ग एक डीप-टेक, अनुसंधान एवं विकास आधारित कंपनी है, जो भारतीय घरों के लिए एटमबर्ग ब्रांड के तहत अगली पीढ़ी के उपभोक्ता उपकरण बनाती है।

## जी 5 पर घमासान का ट्रेलर हुआ रिलीज

नई दिल्ली। जी 5, जियो स्टूडियोज और गोल्डन रेशियो फि ल्म्स एक ऐसी कहानी लेकर आए हैं, जो अलग और दमदार आवाजों का साथ देने, हिम्मत भरे क्रिएटिव फैसले लेने और दर्शकों के मनोरंजन को हमेशा सबसे ज्यादा अहमियत देने के हमारे साझा यकीन को दिखाती है। आज जी 5, जियो स्टूडियोज और गोल्डन रेशियो फिल्म्स ने फि ल्म घमासान का ट्रेलर रिलीज किया जिसमें प्रतीक गांधी, अरशद वारसी और इशिता दत्ता ने मुख्य किरदार निभाए हैं, जिसका प्रीमियर 11 सितंबर को होगा इसी प्लेटफॉर्म पर होगा। घमासान को ज्योति देशपांडे, पीयूष सिंह, अभयानंद सिंह, सौरभ गुप्ता और अश्विनी चौधरी और मितेन शाह ने साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। तिग्मांशु धूलिया के निर्देशन में बनी फि ल्म, घमासान का ट्रेलर दर्शकों को एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाता है, जहां दर्शकों को सत्ता, रस्साकशी और अपना वजूद बचाने की जंग नजर आती है।

# सेंसेक्स में 539 अंकों की गिरावट




मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को कारोबार के अंतिम घंटे में तेज बिकवाली से लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 539 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 117 अंक नीचे आया।

कारोबारियों के अनुसार, एचडीएफसी बैंक समेत अन्य प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के साथ वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बने रहने से बाजार धारणा प्रभावित हुई। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों की समाप्ति के दिन 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 539.35 अंक यानी 0.70 प्रतिशत टूटकर दिन के निचले स्तर 76,933.59 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,090.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक सबसे अधिक नुकसान में रहा। अमेरिकी अदालत में सामूहिक मुकदमा दायर किए जाने की खबर के बाद बैंक के शेयर में 2.08 प्रतिशत की गिरावट आई। सूचकांक में सबसे अधिक भारांश रखने वाली कंपनियों में शामिल रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी एक प्रतिशत टूटा, जिससे सेंसेक्स नुकसान में रहा। इसके अलावा एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.67 प्रतिशत बढ़कर 88.43 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सौदों (वायदा एवं विकल्प खंड में) की समाप्ति के कारण उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में कूटनीतिक समाधान की दिशा में प्रगति नहीं होने से बाजार सीमित दायरे में बना हुआ है। भारतीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू चुनौतियों का असर सकारात्मक वैश्विक संकेतों पर भारी पड़ा। प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक बिकवाली ने कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर चिंताओं में कमी से मिली राहत को बेअसर कर दिया। पूरे कारोबार के दौरान निफ्टी पर दबाव बना रहा। प्रमुख वित्तीय शेयरों में गिरावट और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ-साथ एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों), सेवा और आईटी क्षेत्रों में लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। एचडीएफसी बैंक का शेयर बीएसई में 2.08 प्रतिशत टूटकर 712 रुपये पर रहा। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.47 प्रतिशत टूटा, जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ लगभग स्थिर रहा।

# रुपया 11 पैसे टूटकर 95.55 रुपये प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच रुपये ने शुरुआती बढ़त गंवा दी और बृहस्पतिवार को कारोबार के अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे टूटकर 95.55 (अस्थायी) पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजार में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती ने कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मिले समर्थन को बेअसर कर दिया।

ईरान और ओमान के बीच जलडमरूमध्य से होकर अस्थायी नौवहन गलियारा बनाने को लेकर जारी बातचीत के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत कई कारोबारी सत्रों में पहली बार 90 डॉलर के स्तर से नीचे आई है। कारोबारियों ने बताया कि हालांकि अभी कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है, लेकिन बातचीत जारी रहने से वैश्विक स्तर पर तेल आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की आशंका कम हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.50 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.40 के उच्च स्तर तक गया और 95.56 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 95.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को 26 पैसे की बढ़त के साथ 95.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। ईद-ए-मिलाद के अवसर पर बुधवार को भारतीय विदेशी मुद्रा बाजार बंद था। विशेष मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत 21 अगस्त तक करीब 73 अरब डॉलर का कुल प्रवाह हुआ। इसमें केवल विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) जमा के जरिये 65 अरब डॉलर से अधिक आए हैं। यह 2013 की चर्चित योजना के तहत जुटाई गई राशि से करीब ढाई गुना है। 31 अगस्त की जमा की समयसीमा को लेकर अंतिम दौर के प्रवाह और दिसंबर तक खुली विदेशी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) खिड़की को देखते हुए हमारा अनुमान है कि इन योजनाओं के तहत कुल प्रवाह 85 से 90 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इससे विदेशी मुद्रा का मजबूत भंडार तैयार हुआ है और इसका मतलब है कि रुपये की बढ़त की संभावनाएं अभी काफी हद तक इस्तेमाल नहीं हुई हैं।

# परिवहन मंत्रालय ने नये दोपहिया वाहनों में केवल लो-बीम पर ऑटोमैटिक हेडलैंप का प्रस्ताव रखा

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नए दोपहिया वाहनों में ऑटोमैटिक हेडलैंप को केवल पासिंग बीम यानी लो-बीम मोड में संचालित करने की अनिवार्यता का प्रस्ताव रखा है। इस व्यवस्था को एक अप्रैल, 2028 से लागू करने की योजना है। इस कदम का मकसद सामने से आ रहे वाहनों की तेज लाइट के कारण अन्य वाहन चालकों को होने वाली परेशानियों को कम करना और उनके लिए दृश्यता बेहतर करना है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अधिसूचना के मसौदे में कहा, एक अप्रैल, 2028 या उसके बाद ऑटोमैटिक हेडलैंप ऑन (एएचओ) प्रणाली केवल पासिंग बीम में ही काम करेगी। एएचओ प्रणाली वाहन की सेटिंग के आधार पर हेडलैंप को लो-बीम या हाई-बीम पर संचालित कर सकती है। प्रस्तावित नियम के तहत जब ऑटोमैटिक प्रणाली सक्रिय होगी, तब हेडलैंप लो-बीम पर ही रहेगा। हाई-इंटेंसिटी हेडलैंप के लिए दोपहिया वाहनों में अधिकतम अनुमत रोशनी की तीव्रता को 1.5 लाख कैंडेला (सीडी) से घटाकर एक लाख कैंडेला करने का प्रस्ताव है। वहीं चार पहिया वाहनों के लिए अधिकतम अनुमत रोशनी की तीव्रता को 2.25 लाख कैंडेला से घटाकर 1.5 लाख कैंडेला करने का प्रस्ताव है।

# सोना 800 रुपये और टूटा, चांदी स्थिर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। स्थानीय बाजारों में रक्षाबंधन के त्योहार से पहले सोने की कीमत 800 रुपये टूटकर 1,65,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,66,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

हालांकि, स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। सोने की कीमतों में यह गिरावट रक्षाबंधन से एक दिन पहले आई है, जब आम तौर पर लोग उपहार और गहने ज्यादा खरीदते हैं। शुक्रवार को मनाए जाने वाले इस त्योहार पर भाई-बहन एक-दूसरे को उपहार देते हैं और त्योहार की खरीदारी में सोने-चांदी के गहनों की अहम भूमिका होती है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल में उछाल के कारण भी सोने की कीमतों में गिरावट आई। बृहस्पतिवार को हाजिर सोने की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि उम्मीद से अधिक अमेरिकी महंगाई के आंकड़ों के बाद अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल में सुधार का असर सोने पर पड़ा। मंगलवार को सोने की कीमत 1,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने के बाद, पिछले दो कारोबारी सत्रों में इसमें 1,400 रुपये की गिरावट आई है। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,585.88 डॉलर प्रति औंस रहा।

# वैश्विक कंपनियां गुजरात में निवेश की इच्छुक : सीएम

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2027 को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका और कनाडा की उनकी यात्रा के दौरान वैश्विक कंपनियों में राज्य में निवेश को लेकर मजबूत रुचि देखी।

आठ दिन की यात्रा के बाद बृहस्पतिवार सुबह लौटे पटेल ने कहा कि राज्य के प्रतिनिधिमंडल ने सेमीकंडक्टर, कृत्रिम मेधा (एआई), डेटा सेंटर, विनिर्माण और गिफ्ट सिटी के लिए वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों के साथ बैठकें कीं। पटेल ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि हमारी यात्रा के दौरान मेरे प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति वैश्विक स्तर पर जबर्दस्त भरोसा देखा, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में भारत में निवेश करने को लेकर वैश्विक कारोबारियों में मजबूत इच्छा पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि भारत में आने वाले विदेशी निवेश का एक बड़ा हिस्सा गुजरात में आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उद्देश्य से प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों के साथ बेहद सफल बैठकें कीं और इन कंपनियों ने गुजरात में निवेश को लेकर उत्साह व्यक्त किया।प्रतिनिधिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के साथ आमने-सामने की बैठकें और गोलमेज सम्मेलन किए।

# राष्ट्रीय राजधानी में 35 रुपये किलो बिक रही प्याज



नयी दिल्ली। केंद्र ने आम लोगों को राहत देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के तहत बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री शुरू की। यह मौजूदा बाजार कीमत से 44 प्रतिशत कम है।

केंद्र अपने भंडार यानी बफर स्टॉक से प्याज बेच रहा है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि प्याज की कीमतों में वृद्धि कालाबाजारी, जमाखोरी और मुनाफाखोरी के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि देश में त्योहारों के दौरान मांग पूरी करने के लिए प्याज की आपूर्ति पर्याप्त है। खरे ने कहा कि सरकार प्याज के निर्यात पर रोक लगाने पर विचार नहीं कर रही है, क्योंकि आपूर्ति को लेकर कोई समस्या नहीं है। अप्रैल-जून, 2026 के दौरान प्याज का निर्यात करीब 3.82 लाख टन रहा। उन्होंने प्याज से लदे कई छोटे ट्रक को रवाना किया, जिसके साथ 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बफर स्टॉक के प्याज की खुदरा बिक्री की शुरुआत हुई। दिल्ली में बृहस्पतिवार को प्याज की कीमत 62 रुपये प्रति किलोग्राम है। खुदरा बिक्री भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड), भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) और केंद्रीय भंडार के माध्यम से की जाएगी। मदर डेयरी भी अपने सफल स्टोर के जरिये प्याज बेचेगी। आपूर्ति तेजी से पहुंचाने के लिए सरकार विशेष रेलवे रैक कांदा एक्सप्रेस के जरिये बड़ी मात्रा में प्याज राष्ट्रीय राजधानी ला रही है। इस तरह का पहला रैक 800 टन प्याज लेकर नासिक से रवाना हो चुका है और इसके बृहस्पतिवार को ही दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बुधवार को कहा था, आने वाले महीनों में घरेलू मांग पूरी करने के लिए प्याज की उपलब्धता पर्याप्त है। वित्त वर्ष 2025-26 में प्याज का उत्पादन 307.37 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष यह 307.67 लाख टन था। मजबूत उत्पादन, भंडार की उपलब्धता और सक्रिय बाजार हस्तक्षेप से आने वाले महीनों में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होने तथा मौसमी कीमतों के दबाव को कम करने की उम्मीद है। विभाग ने कहा कि उपभोक्ताओं तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए वह राज्यों में प्याज की कीमतों, आवक और उपलब्धता पर करीबी नजर रख रहा है। पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और अनुचित मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए जरूरत पड़ने पर और कदम उठाए जाएंगे।

# सेबी का छोटे मूल्य की प्रतिभूतियों के लिए मर्चेंट बैंकर नियुक्त करने की जरूरत को हटाने का प्रस्ताव



नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को निजी नियोजन आधार पर जारी की जाने वाली छोटे मूल्य की प्रतिभूतियों के लिए सूचीबद्ध कंपनियों को मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति अनिवार्य करने के नियम से छूट देने का प्रस्ताव किया।

इस कदम का उद्देश्य अनुपालन लागत कम करना और बाजार के विकास को बढ़ावा देना है। मौजूदा नियम के तहत 10,000 रुपये अंकित मूल्य वाली ऋण प्रतिभूतियों या गैर-परिवर्तनीय विमोच्य तरजीही शेयरों के निजी नियोजन के लिए जारीकर्ता को कम से कम एक मर्चेंट बैंकर नियुक्त करना होता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बार्ड (सेबी) ने परामर्श पत्र में कहा कि इससे बॉन्ड जारीकर्ताओं के लिए पूंजी की लागत बढ़ जाती है, जिससे प्रस्तावित निर्गम आर्थिक रूप से कम व्यावहारिक हो जाते हैं। इससे कंपनियां छोटे मूल्य के बॉन्ड को बार-बार जारी करने को लेकर हतोत्साहित होती हैं। इसको ध्यान में रखते हुए सेबी ने छोटे मूल्य के बॉन्ड के लिए मर्चेंट बैंकर नियुक्त करने की अनिवार्यता से छूट देने का प्रस्ताव किया है। सेबी ने कहा, 10,000 रुपये अंकित मूल्य वाले ऋण प्रतिभूतियों या गैर-परिवर्तनीय विमोच्य तरजीही शेयरों के निजी नियोजन के आधार पर पूंजी जुटाने को सुगम बनाने के लिए ऐसे निर्गमों को कुछ शर्तों के साथ मर्चेंट बैंकर नियुक्त करने की अनिवार्यता से छूट देने का निर्णय लिया गया है। प्रस्तावित शर्तों के तहत निर्गम जारीकर्ता किसी वित्तीय क्षेत्र के नियामक के साथ पंजीकृत या उसके नियमन के दायरे में होना चाहिए और कम से कम एक वर्ष से किसी मान्यता प्राप्त शेयर बाजार में सूचीबद्ध होना चाहिए। इसके अलावा, शेयर बाजारों को सैद्धांतिक मंजूरी देते समय यह सुनिश्चित करना होगा।

## पेज एक का शेष

### नेपाल में

अधिकारियों के संपर्क में है। साथ ही नेपाल सरकार के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्यों को और मजबूत किया जा रहा है। नेपाल पर्यटन बोर्ड ने भी मदद के लिए कुछ नंबर जारी किए हैं, जिनमें टोल-फ्री आपातकालीन नंबर 1234, हॉटलाइन नंबर 1144 और पर्यटन पुलिस का नंबर 9851289445 शामिल हैं। बीजिंग में भारतीय दूतावास ने भी एक हेल्पलाइन नंबर 0086 185 1428 4905 जारी किया है, जिस पर व्हाट्सऐप के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि बाढ़ से तबाह हुए क्षेत्रों में स्थिति लगातार बदल रही है और भारत भारतीय नागरिकों को बचाने के लिए संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद जयशंकर ने कहा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी भारतीयों की स्थिति का पता लगाने के लिए तत्काल प्रयास किए जा रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि उनका मंत्रालय विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों, टूर ऑपरेटर और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। उन्होंने कहा, हम इस मामले के साथ-साथ राहत प्रयासों को लेकर भी नेपाली पक्ष के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

भारत ने बृहस्पतिवार को सैन्य परिवहन विमान से 37.5 टन राहत सामग्री की दूसरी खेप नेपाल भेजी। भारत ने बुधवार को 10 टन एचएडीआर (मानवीय सहायता और आपदा राहत) सामग्री भेजी थी। उन्होंने कहा भारत नेपाली अधिकारियों के साथ लगातार और करीबी संपर्क में है। हम जारी राहत प्रयासों को मजबूती से समर्थन देते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नेपाल के अपने समकक्ष बालेंद्र शाह से बात की थी और वहां बाढ़ से हुई जान-माल की क्षति पर संवेदना व्यक्त की थी। साथ ही, उन्होंने कहा था कि भारत पड़ोसी देश को हरसंभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। मोदी ने कहा था कि भारत के लोग इस कठिन समय में नेपाल के अपने भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

### बचाव कार्य

पहुंचाने की व्यवस्था की निगरानी कर रही है। नेपाल पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि अचानक आई बाढ़ से देश के तीन जिलों में व्यापक तबाही हुई है। पुलिस के मुताबिक, 93 अन्य शव बरामद किए जाने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 270 हो गई। खबर के अनुसार काठमांडू हवाई अड्डा कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न दो बजे तक 40 से अधिक निजी हेलीकॉप्टरों की उड़ानें पूरी हो चुकी थीं जबकि 20 से अधिक हेलीकॉप्टर हवाई अड्डे पर तैयार खड़े थे। नेपाल के गृह मंत्रालय ने भी प्रभावित इलाकों में बचाव एवं राहत अभियान के लिए हवाई अड्डे पर तैनात कुछ हेलीकॉप्टरों को इस्तेमाल में लाने की तैयारी की थी। खबर के अनुसार, नेपाल की सेना के हेलीकॉप्टर भी बाढ़ प्रभावित इलाकों में नियमित उड़ानें भर रहे हैं और नागरिकों को बचाने के साथ राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। बुधवार को भोटेकोशी नदी के किनारे सटे इलाकों में अचानक आई बाढ़ ने हाल के वर्षों में नेपाल की सबसे भीषण आपदाओं में से एक है। अधिकारी हजारों लापता लोगों का पता लगाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास कर रहे हैं।

### नयी झील

लाख घन मीटर पानी जमा हो चुका था, जबकि अगले तीन दिन में इसमें 30 लाख घन मीटर और पानी आने की आशंका के मद्देनजर झील का पानी बांध तोड़कर बाहर निकल सकता है। यह झील नेपाल में छोचेन खोला और पुरेपु सांगपो नदियों के संगम के पास बनी है। ये दोनों नदियां तिब्बत से निकलती हैं और नेपाल में प्रवेश करती हैं, जहां वे भोटे कोशी नदी प्रणाली का हिस्सा बन जाती हैं।

### संयुक्त राष्ट्र

मौत हुई है और करीब 560 लोग लापता हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक की ओर से बुधवार को जारी बयान में कहा गया गुतारेस ने नेपाल और चीन में आई भीषण बाढ़ से हुई बड़ी संख्या में मौतों, लोगों के लापता होने और व्यापक तबाही पर गहरा दुख व्यक्त किया है। बयान में कहा गया कि नेपाल में सरकार के नेतृत्व में चलाए जा रहे राहत प्रयासों में संयुक्त राष्ट्र सहयोग कर रहा है। इसमें आपदा के पैमाने का आकलन करना और तत्काल सहायता पहुंचाना शामिल है। संयुक्त राष्ट्र की टीम और मानवीय सहायता से जुड़े संगठन बाढ़ प्रभावित समुदायों की मदद के लिए आवश्यक सामग्री और कर्मियों को जुटा रहे हैं।

### यूपी-बिहार

बताया कि नेपाल में आयी प्रलयंकारी बाढ़ के बाद वहां स्थित वाल्मीकि गंडक बैराज के सभी 36 गेट खोल दिए गए हैं, नतीजतन लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने से कुशीनगर में भी नारायणी नदी का जलस्तर बढ़ रहा है और सुबह आठ बजे तक वह खतरे के निशान से एक सेंटीमीटर ऊपर पहुंच चुका था। उन्होंने बताया कि संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर तैनात कर दिया गया है और तमाम टीमों को राहत एवं बचाव के जरूरी उपकरणों के साथ अलर्ट मोड में रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और राहत-बचाव कार्य शुरू करने में किसी तरह की देर नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि नारायणी नदी में संभावित बाढ को लेकर पुलिस प्रशासन को अलर्ट किया गया है। बड़ी गंडक नदी के सटे चार थानों में शामिल खड्डा, हनुमानगंज, तरयासुजान और सेवरही के पुलिस कर्मियों को और बाढ़ से प्रभावित होने की आशंका वाले सात गांवों के लोगों को अलर्ट किया गया है।

### नेपाल में फंसे

के साथ राहत-बचाव टीमों को सक्रिय किया है। राहत आयुक्त कार्यालय के कंट्रोल रूम से नेपाल सीमावर्ती जिलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। योगी सरकार ने नेपाल में राहत-बचाव अभियान के लिए एसडीआरएफ की एक प्लाटून भेजी है। इसमें 32 जवान शामिल हैं। इसके अलावा पीएसी की 26वीं बटालियन के 22 जवानों को भी नेपाल भेजा गया है। सरकार ने जरूरत के मुताबिक अतिरिक्त बल और संसाधन उपलब्ध कराने की तैयारी की है, जिससे प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाने में किसी तरह की कमी न रहे। सीएम योगी के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रेस्क्यू अभियान को प्रभावी बनाने के लिए मौके पर चार रबर बोट मौजूद हैं। अतिरिक्त एसडीआरएफ प्लाटून के साथ एल्युमिनियम बोट भी नेपाल भेजी जा रही है। सिंधुरिया क्षेत्र में राहत-बचाव अभियान की तैयारियां की जा रही हैं। सरकार का पूरा फोकस फंसे हुए नागरिकों को सुरक्षित निकालने और जरूरतमंदों तक तत्काल सहायता पहुंचाने पर है। नेपाल की बाढ़ और वहां की स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। नेपाल में फंसे यूपी के नागरिकों के परिजन किसी भी सूचना या सहायता के लिए 1070 पर संपर्क कर सकते हैं।

### राजधानी में

फ्लू की आशंका में जांच कराई। रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई।

अस्पताल में भर्ती होने के बाद महिला की सांस लेने में परेशानी लगातार बढ़ती गई। हालत गंभीर होने पर उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ जीवनरक्षक उपकरणों पर रखा गया। डाक्टरों की निगरानी में इलाज जारी रहा लेकिन गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे मरीज ने दम तोड़ दिया। स्वाइन फ्लू से मौत की खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग में भी खलबली मच गई है। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि मरीज को तत्काल उपचार दिया गया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण मरीज की जान नहीं बतायी जा सकी। बताया जाता है कि मरीज का पिछले कई दिनों से उपचार कहीं चल रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम अब महिला की ट्रेवल हिस्ट्री और संक्रमण से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाएगी। महिला के संपर्क में आए लोगों की भी निगरानी की जा सकती है। परिवार के अन्य सदस्यों को फिलहाल आइसोलेट रहने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परिवारीजनों को जरूरी दवाएं उपलब्ध कराने के साथ एहतियात बरतने की सलाह दी है। अधिकारियों के मुताबिक परिवार के सदस्यों में किसी को सर्दी-जुकाम, बुखार, खांसी या सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करानी चाहिए।

### यूपी के बारे

है। 2014 के पहले देश में मात्र 500 स्टार्टअप्स थे, अब इनकी संख्या ढाई लाख से ऊपर है। स्टार्टअप इकोसिस्टम अब भारत के युवाओं के सपनों की उड़ान को गति दे रहा है। 2017 से पहले यही स्थिति उत्तर प्रदेश की भी थी। उस समय यहां कुल 120 स्टार्टअप थे, लेकिन डबल इंजन सरकार के प्रोत्साहन व सकारात्मक वातावरण के कारण आज इनकी संख्या 24 हजार से अधिक हो गई। इसमें 8 यूनिकॉर्न हैं। यूपी की स्टार्टअप पॉलिसी के अंतर्गत आज 107 स्टार्टअप व 9 इन्क्यूबेटर्स को प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है। यूपी स्टार्टअप नीति के तहत 12 नए इन्क्यूबेटर्स को भी मान्यता प्रदान कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि भारत इनोवेट्स के कई स्टार्टअप्स का मैंने दौरा किया था। अपने कार्यों की बदौलत उन्होंने यूपी की पहचान और धारणा को बदलने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया। सीएम ने 2017 से पहले यूपी के प्रति नकारात्मक धारणा का जिक्र करते हुए यहां की अव्यवस्था को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बाहर जाने पर सांसद के रूप में मैंने भी महसूस किया कि लोग शक की निगाहों से देखते थे। धारणा यह थी कि जहां सड़कों में गड्ढे और बिजली के अभाव में अंधेरा दिखने लगे, समझो यूपी आ गया। उत्सव से पहले उपद्रव होता था। स्कूल-कॉलेज, बाजार महीनों बंद रहते थे। आमजन कर्फ्यू के साये में जीने को विवश था। उस समय 5 वर्ष में 700 से अधिक दंगे हुए। उन परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश के अंदर रोजगार, इन्क्यूबेटर्स, शिक्षा, इनोवेशन की चर्चा करना एक सपना ही था। सीएम ने कहा शिक्षा, रोजगार, स्टैंडअप, स्टार्टअप, इन्क्यूबेटर्स आदि के बारे में इकोसिस्टम तब तैयार होता है, जब धारणा के साथ ही आमजन की मानसिकता भी उसके अनुरूप दिखाई दे।

### वाहन स्क्रैपिंग

हैं। जुलाई 2026 में शिकायतें मिलने के बाद प्रदेश के विभिन्न संभागों में विशेष निरीक्षण अभियान भी चलाया गया। एनसीआर के जिलों में भी पुराने वाहनों को हटाकर स्वच्छ ईंधन वाले वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बागपत, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर और शामली में पुराने बीएस-1, बीएस-2, बीएस-3 और बीएस-4 मालवाहक वाहनों व बसों को बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन स्क्रैपिंग नीति से पुराने और प्रदूषणकारी वाहनों की संख्या कम होने के साथ सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। सरकार इसे स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन व्यवस्था वाले विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रही है।

### कानपुर में

ने बताया कि गर्ग एविएशन द्वारा संचालित इस विमान ने पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 30 मिनट पर उड़ान भरी थी और लगभग 20 मिनट के बाद वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि भाटिया को करीब तीन हजार घंटे उड़ान भरने का अनुभव था। लाल ने बताया कि इस घटना के बाद पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर जांच के लिए सबूत सुरक्षित रखने के मकसद से मलबे को कब्जे में ले लिया।




# भारत व श्रीलंका का दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ

## भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद गिल ने कहा, आज टेस्ट क्रिकेट की जीत हुई

एजेंसी

कोलंबो। भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। भारत ने सीरीज 1-0 से अपने नाम की। फॉलोऑन खेलकर रही श्रीलंका ने दूसरी पारी में 9 विकेट पर 429 रन बनाए और मैच बचाया। टीम ने भारत के खिलाफ फॉलोऑन खेलने के बाद पहली बार मैच ड्रॉ कराया है। श्रीलंका के बल्लेबाज सोनल दिनूषा ने सीरीज में 3 शतक लगाए। उन्होंने 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा और साउथ अफ्रीका के जैक्स कैलिस के रिकॉर्ड की बराबरी की। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बृहस्पतिवार को स्वीकार किया कि श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जीत हासिल नहीं कर पाना निराशाजनक था, लेकिन उन्होंने ड्रॉ हुए इस मुकाबले में अपने खिलाड़ियों के प्रयास और इरादे को 10 में से 10 अंक दिए।

भारत ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 229 रन कर दिया था। लेकिन मेजबान टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पूरा पांचवां दिन निकाल दिया और सोनल दिनुषा की नाबाद 133 रन की शानदार पारी की बदौलत मैच ड्रॉ करा लिया। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में गिल ने कहा, यह काफी निराशाजनक होता है। शुरुआत में हमने काफी आक्रमण किया। लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, पिच धीमी होती गई। ऐसा नहीं था कि गेंद बिल्कुल भी मूव नहीं कर रही थी, लेकिन जब गेंद घूम रही थी, तब विकेट लेने के मौके नहीं थे। पिच पूरी तरह सपाट भी नहीं थी। गिल ने संकेत दिया कि श्रीलंकाई बल्लेबाजों के पूरी तरह रक्षात्मक रवैये ने भारतीय गेंदबाजों के लिए विकेट हासिल करना और मुश्किल बना दिया। भारतीय कप्तान ने कहा, जब तक आप शॉट खेलने और रन बनाने की कोशिश नहीं करते, तब तक विकेट लेना मुश्किल होता है। हमने हर संभव कोशिश की और मुझे नहीं लगता कि हमारे प्रयास में कोई कमी थी। हमारे स्पिनरों ने तीन दिनों तक लगातार 50-60 ओवर गेंदबाजी की। उन्होंने कहा इन परिस्थितियों में तीन दिन तक लगातार क्षेत्ररक्षण करना आसान नहीं होता। मैं प्रयास और इरादे के लिए 10 में से 10 अंक दूंगा। उन्होंने भी बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। गिल ने कहा, चौथे दिन हमें लगा कि हमने मौके बनाए थे। अगर थोड़ा और दबाव बनाया जाता तो विकेट मिल सकते थे और शायद नतीजा बेहतर होता। लेकिन जब तक हमारे पास विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (डब्ल्यूटीसी) के लिए क्वालीफाई करने का मौका है, तब तक सब ठीक है। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इस टेस्ट में अपेक्षाकृत धीमी गति से गेंदबाजी की और कई बार छोटे रन-अप के साथ गेंदबाजी करते नजर आए। पहली पारी में कैच लेने की कोशिश के दौरान उनके जोर से जमीन पर गिरने के बाद उनकी चोट को लेकर भी सवाल उठे। इस पर गिल ने स्पष्ट किया कि सिराज चोटिल नहीं हैं। उन्होंने कहा सबसे पहले, सिराज चोटिल नहीं हैं। गॉल में पहले मैच में भी उनकी तबीयत ठीक नहीं थी।




वह आखिरी बार जून में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले थे इसलिए वह लगभग दो महीने बाद खेल रहे थे। किसी खिलाड़ी को अपनी लय में लौटने में समय लगता है। गिल ने कहा, पहले टेस्ट में भी हमें लगा था कि उनकी गति कम थी, लेकिन कभी कभार जब आप ज्यादा खेलते हो तो अपनी लय वापस हासिल कर सकते हैं। लेकिन जहां तक चोट का सवाल है तो कोई चिंता की बात नहीं है। जब सिराज अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखे, तब साथी तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी बखूबी संभाली। गिल ने उनके प्रदर्शन और प्रगति की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह हमारे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में रहे हैं। जब चीजें हमारे पक्ष में नहीं हो रही होतीं, तो खासकर इस सत्र में वह हमारे भरोसेमंद गेंदबाज रहे हैं।

उन्होंने मौके बनाए हैं और कप्तान के तौर पर मैं यही चाहता हूं। जब विकेट की गारंटी नहीं हो, तब हमें ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है जिस पर भरोसा किया जा सके। उन्होंने यह काम शानदार तरीके से किया। गिल को उम्मीद है कि भारत की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ उसके मैदान पर दो टेस्ट मैच की सीरीज और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच की सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करके डब्ल्यूटीसी के फाइनल में जगह बना सकता है। उन्होंने कहा, मुझे अब भी लगता है कि हमारे पास डब्ल्यूटीसी फाइनल में क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है। अगर हम न्यूजीलैंड सीरीज में अच्छा खेलते हैं और फिर उम्मीद के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया सीरीज तक ऐसी स्थिति में पहुंच जाते हैं जहां हमें सिर्फ सीरीज जीतनी हो तो मुझे लगता है कि हम डब्ल्यूटीसी के लिए क्वालीफाई करने की अच्छी स्थिति में होंगे।

### फॉलोऑन का फैसला उल्टा पड़ गया, यह नहीं कहूंगा : शुभमन

कोलंबो। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में फॉलोऑन देने का फैसला उल्टा नहीं पड़ा क्योंकि यह फैसला स्थानीय मौसम और टीम के हित को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। पहली पारी में श्रीलंका को 290 रन पर आउट करने के बाद भारत ने मेजबान टीम को दोबारा बल्लेबाजी के लिए बुलाने का फैसला किया। श्रीलंका फॉलोऑन बचाने के लिए जरूरी स्कोर से 13 रन पीछे रह गया था। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 229 रन कर दिया था, इसलिए फैसला सही नजर आ रहा था। लेकिन मेजबान टीम ने पांचवें और आखिरी दिन पूरा दिन बल्लेबाजी करते हुए मैच ड्रॉ करा लिया। गिल ने बृहस्पतिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि फॉलोऑन का फैसला उल्टा पड़ गया। हम यह भी सोच रहे थे कि चौथे या पांचवें दिन मौसम कैसा रहेगा और बारिश की संभावना होगी या नहीं। हम उस जोखिम को लेना चाहते थे।

उन्होंने कहा सवाल यह था कि क्या हमें चौथे दिन दोबारा बल्लेबाजी करनी चाहिए और 200 रन बनाकर उन्हें करीब 400 रन का लक्ष्य देना चाहिए, या फिर फॉलोऑन देना चाहिए? यही फैसला हमारे सामने था। गिल के मुताबिक, उस समय टीम की स्थिति और जरूरतों के हिसाब से फॉलोऑन देना उचित फैसला था। उन्होंने कहा, अगर हमने फॉलोऑन नहीं दिया होता और बारिश हो जाती, तो आप पूछ सकते थे कि हमने फॉलोऑन क्यों नहीं दिया। लेकिन आपको उस स्थिति में सर्वश्रेष्ठ संभव फैसला लेना होता है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि फॉलोऑन का फैसला उल्टा पड़ा। गिल ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को भी उनके प्रदर्शन का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, वे सचमुच बढ़िया खेले। कुछ चीजें हमारे पक्ष में नहीं गईं। भारत में या किसी भी टर्निंग पिच पर आमतौर पर बल्लेबाजों के आउट होने के तीन प्रमुख तरीके होते हैं, पीछे या स्लिप में कैच लपका जाना, पगबाधा और बोल्ड करना।

## एशिया कप : किसी विशेष टीम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहा है भारत : हरमनप्रीत




दुबई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने गुरुवार को कहा कि उनकी टीम महिला टी20 एशिया कप में किसी विशेष प्रतिद्वंद्वी को निशाने पर रखकर नहीं चल रही है और इसके बजाय वह अच्छा क्रिकेट खेलने पर ध्यान केंद्रित करेगी। एशिया कप में भारत, पाकिस्तान, मौजूदा चैंपियन श्रीलंका, बांग्लादेश, मेजबान यूएई, थाईलैंड, हांगकांग, चीन और इंडोनेशिया की टीम भाग ले रही हैं। वनडे विश्व चैंपियन भारत महिला टी20 एशिया कप में प्रबल दावेदारों में से एक है, लेकिन हरमनप्रीत ने पांच सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले अपने बहुप्रतीक्षित मुकाबले को लेकर बने माहौल को खास तवज्जो नहीं दी।

हरमनप्रीत ने शुक्रवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम किसी एक विशेष टीम पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सभी टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और हमारा ध्यान अच्छा क्रिकेट खेलने पर है। हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले रहे हैं। हमारा ध्यान केवल अच्छी क्रिकेट खेलने पर है। हम खेल से इतर की बातों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हरमनप्रीत ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि वह पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ मिलाएंगी या नहीं। भारतीय कप्तान ने कहा कि वे इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट को दबाव में खुद को परखने और अपने हाल के अनुभवों से मिले सबक पर आगे बढ़ने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा, एशिया कप एक ऐसा मंच है जहां आप वास्तव में खुद को परख सकते हैं और खुद पर काफी दबाव डाल सकते हैं ताकि आप उस स्तर पर प्रदर्शन कर सकें जिसकी आप अपनी टीम से बहुत उम्मीद करते हैं। हरमनप्रीत ने कहा, इस टूर्नामेंट में एक टीम के रूप में हमारे लिए, अच्छा प्रदर्शन करना बहुत महत्वपूर्ण है। हमने पिछले दो-तीन वर्षों में सभी टीम में जबरदस्त सुधार देखा है। जब भी हम उनके खिलाफ खेलते हैं तो वह कड़ी चुनौती पेश करते हैं। लेकिन मुझे विश्वास है कि हमारा अनुभव काम आएगा।

भारत का टी20 विश्व कप का अभियान निराशाजनक रहा, लेकिन हरमनप्रीत का मानना है कि पिछले मैचों से मिले अनुभव टीम के लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे। उन्होंने कहा, पिछले मैचों से हमें जो भी अनुभव मिला है, वह हमारी मदद करेगा और उम्मीद है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और यहां खेल का पूरा आनंद लेंगे। दुबई की गर्म और उमस भरी परिस्थितियों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा कि टीम अपने शुरुआती मैच से पहले अभ्यास सत्रों में यहां की परिस्थितियों का आकलन करेगी।

## संक्षेप

### एमबाप्पे की हैट्रिक से रीयाल मैड्रिड जीता

मैड्रिड। कीलियन एमबाप्पे की हैट्रिक की बदौलत रीयाल मैड्रिड ने बुधवार को यहां स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल सोसीदाद को 4-1 से हराया जबकि पदार्पण कर रहे सावियो के गोल की मदद से टोटेनहैम ने इंग्लिश लीग कप में चार्ल्टन को 5-1 से शिकस्त दी। कोच के रूप में जोस मोरिन्हो के दूसरे कार्यकाल के पहले घरेलू मैच में मैड्रिड की ओर से विनिसियस जूनियर ने भी गोल दागा। चैंपियन्स लीग के क्वालीफाइंग में नॉर्वे के वाइकिंग, तुर्किये के फेनेरबाश, यूनान के एईके एथेन्स और स्लोवाकिया के स्लोवान ब्रातिस्लावा ने प्रतियोगिता के लीग चरण में जगह पक्की की। वाइकिंग ने डाइनेमो जागरेब को 3-1 से हराकर कुल 5-3 के अंतर से जीत की और पहली बार प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। एईके एथेन्स ने पहले चरण में गोल रहित ड्रॉ के बाद अपने घरेलू मैच में लेवस्की सोफिया को 4-0 से हराया। स्लोवान ब्रातिस्लावा ने अतिरिक्त समय में सेल्जे को 2-1 से हराकर कुल 3-2 से जीत दर्ज की। फेनेरबाश ने भी लियोन में 2-1 की जीत से कुल 3-2 के स्कोर से जीत हासिल की।

### विजया ने लक्ष्य को हराकर क्वार्टर फाइनल में बनायी जगह

पुणे। गैर वरीयता प्राप्त विजया लक्ष्मी बोड्डू ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लक्ष्य राजेश को उलटफेर का शिकार बनाकर गुरुवार को यहां इंडियन जूनियर इंटरनेशनल बैडमिंटन ग्रां प्री के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विजया ने अंतिम गेम में शानदार वापसी करते हुए 21-19 14-21 21-18 से जीत हासिल करके दिवंगत सुशांत चिपालकट्टी की स्मृति में आयोजित टूर्नामेंट में सबसे बड़ा उलटफेर किया। लड़कियों के वर्ग में थाईलैंड की पट्टानुन थियानापरपोर्नचोक ने आठवीं वरीयता प्राप्त बाला मनविथा रेड्डी अल्लम को 21-19 21-13 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। लड़कों के प्रीक्वार्टर फाइनल में भी तीन बड़े उलटफेर देखने को मिले। गैर वरीयता प्राप्त लक्ष्मी श्वेतान तमातमाला ने तीसरी वरीयता प्राप्त साई भात्राजू को 21-17 21-19 से, 16वीं वरीयता प्राप्त निश्चल चंद ने चौथी वरीयता प्राप्त सैमुअल तमांग को 21-13 21-07 से और अर्जुन रेड्डी अलुगुवेल्ली ने 10वीं वरीयता प्राप्त कविन बालाजी को 15-21 21-06 21-13 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।

## भारतीय फुटबॉल टीम : उरुग्वे व पनामा से खेलेगी मैत्री मैच

एजेंसी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारतीय सीनियर पुरुष टीम आगामी फीफा विंडो में 26 सितंबर को पनामा से और छह अक्टूबर को दो बार की विश्व चैंपियन उरुग्वे से अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। इस तरह फीफा विंडो में भारत घरेलू मैदान पर किसी मजबूत टीम के खिलाफ तीसरा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबला खेलेगा।

उरुग्वे के खिलाफ यह मुकाबला कोलकाता में पांच बार की विश्व कप चैंपियन ब्राजील के खिलाफ भारत के



अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के तीन दिन बाद खेला जाएगा। ब्राजील के खिलाफ मैच भी कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (सॉल्ट लेक स्टेडियम) में होगा।

उरुग्वे के खिलाफ मुकाबला भी इसी प्रतिष्ठित स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम 26 सितंबर को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में पनामा के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो 21 सितंबर से छह अक्टूबर तक होगी और इस अवधि में कोई देश अधिकतम चार मैच खेल सकता है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, भारतीय पुरुष राष्ट्रीय टीम कोलकाता में विश्व फुटबॉल की एक और दिग्गज टीम का स्वागत करेगी। दो बार की फीफा विश्व कप चैंपियन उरुग्वे छह अक्टूबर 2026 को विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगा।

## भारत के न्यूजीलैंड दौरे के टिकटों की रिकॉर्ड शुरुआती बिक्री

वेलिंगटन। भारत के बहु प्रारूप के आगामी न्यूजीलैंड दौरे को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है और मेजबान क्रिकेट बोर्ड द्वारा सदस्यों के लिए शुरू की गई टिकटों की बिक्री के शुरुआती 48 घंटे में 26,000 टिकट बिक गए। अक्टूबर में शुरू होने वाला 12 मैच का यह दौरा न्यूजीलैंड क्रिकेट के क्रिकेट नेशन सदस्यों के लिए सोमवार को शुरू हुई टिकट बिक्री में अब तक का सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा है।

ऑकलैंड के ईडन पार्क में होने वाले सीमित ओवर के मुकाबलों के टिकटों की बिक्री सबसे तेज रही है। क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में भी टिकटों की अच्छी मांग सामने आई है। नौ हजार दर्शकों की क्षमता वाले हेगले ओवल में 22 और 24 अक्टूबर को होने वाले शुरुआती दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा 27 नवंबर से एक दिसंबर तक होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के भी खचाखच भरने की उम्मीद है। वेलिंगटन में होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय और दूसरे एकदिवसीय मैच के टिकटों की बिक्री भी शुरुआती चरण में मजबूत रही है।

बेसिन रिजर्व में 19 नवंबर से पहला टेस्ट खेला जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य विपणन एवं वाणिज्यिक अधिकारी ग्लेन क्रिचली ने कहा कि प्रशंसकों ने समय रहते टिकट सुरक्षित करने की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

### भारत-पनामा फुटबॉल मैत्री मैच 26 सितंबर को बेंगलुरु में

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को बताया कि 26 सितंबर को भारतीय सीनियर पुरुष टीम और पनामा के बीच होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम को चुना गया है। भारतीय टीम सैफ चैंपियनशिप 2023 के बाद बेंगलुरु में खेलेगी। उस टूर्नामेंट में भारत ने इसी मैदान पर फाइनल में कुवैत को हराकर खिताब जीता था। फिलहाल विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर मौजूद पनामा की टीम भारत को मजबूत चुनौती पेश करेगी। इस मध्य अमेरिकी देश ने फीफा विश्व कप 2026 में भी हिस्सा लिया था जिससे इस मुकाबले का महत्व और बढ़ जाता है। यह भारत का किसी विश्व कप में खेलने वाले देश के खिलाफ पहला मैत्री मैच होगा।

## अयान अकरम का भारतीय अंडर-19 टीम में चयन

खेल संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश के उभरते हुए मध्यम तेज गेंदबाज और सहारनपुर निवासी अयान अकरम का भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। बीसीसीआई की ओर से घोषित टीम में अयान को

**❍ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिखायेंगे दम**

ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाले दो मल्टी-डे मुकाबलों के लिए शामिल किया गया है।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की मीडिया कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद फहीम ने बताया कि अयान अकरम फिलहाल उत्तर प्रदेश अंडर-19 टीम के कप्तान भी हैं। वर्ष 2025-26 सत्र में उन्होंने भारतीय अंडर-19 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए



37 विकेट हासिल किए। तेज गति, अनुशासित गेंदबाजी और निरंतर प्रदर्शन के चलते उन्होंने जूनियर क्रिकेट में अपनी अलग पहचान बनाई है। कूच बिहार अंडर-19 ट्रॉफी 2025-26 में अयान ने उत्तर प्रदेश की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

उनकी प्रभावी गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने लगातार तीन मुकाबलों में जीत दर्ज कर नॉकआउट चरण में जगह बनाई। चंडीगढ़, छत्तीसगढ़ और असम के खिलाफ भी उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

नवंबर 2025 में आयोजित अंडर-19 चैलेंजर ट्रॉफी में अयान उत्तर प्रदेश की ओर से चयनित एकमात्र खिलाड़ी थे। राष्ट्रीय स्तर के इस टूनार्मेंट में उनके प्रदर्शन ने चयनकताओं का ध्यान आकर्षित किया। तेज गेंदबाजी में लगातार सुधार और अच्छे प्रदर्शन के दम पर उन्होंने भारतीय अंडर-19 टीम में जगह बनाई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीमों के बीच दो मल्टी-डे मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 27 से 30 सितंबर तक राजकोट में, जबकि दूसरा मुकाबला 5 से 8 अक्टूबर तक अहमदाबाद के बी ग्राउंड में होगा।

### ऑस्ट्रेलिया में शीर्ष स्तर की क्रिकेट में करियर बनाना चाहती है अनाया बांगड़

मुंबई। ट्रांसजेंडर खिलाड़ी अनाया बांगड़ सामुदायिक स्तर पर खेलने की अनुमति मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी क्रिकेट यात्रा फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं और भले ही उन्हें अभी तक कोई टीम नहीं मिली है लेकिन उन्हें विश्वास है कि इससे उनके लिए अगले साल महिला बिग बैश लीग में खेलने के द्वार खुल जाएंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ की बेटी अनाया ने इस साल मार्च में लिंग परिवर्तन की सर्जरी कराने से पहले मुंबई के लिए आयु वर्ग के पुरुषों का क्रिकेट खेला था।

## भारत के सामने बेल्जियम को हराने की चुनौती

वॉवरे (बेल्जियम)। पांच दशक बाद विश्व कप में पदक जीतने का सपना टूटने के बाद भारतीय पुरूष हॉकी टीम आखिरी मैच में जीत के साथ स्वदेश लौटना चाहेगी लेकिन शुक्रवार को होने वाले इस मुकाबले में उसके सामने सह मेजबान और मौजूदा प्रो लीग चैम्पियन बेल्जियम को उसके मैदान पर हराने की कठिन चुनौती है।

नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में पहले और दूसरे चरण के मैच खेलने वाली भारतीय टीम पूल ई में चौथे स्थान पर रहने के बाद सातवें । आठवें स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला खेलने यहां आई है। लेकिन हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम की राह इतनी आसान नहीं है क्योंकि उसके सामने 2018 विश्व कप चैम्पियन दुनिया की

**❍ विश्व कप में आखिरी मैच**

दूसरे नंबर की टीम है जो टूर्नामेंट शुरू होने से पहले खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। बेल्जियम भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के झटके से उबरकर आखिरी मैच जीतने का पूरा प्रयास करेगी। अर्जेंटीना के खिलाफ दूसरे दौर के आखिरी मैच में हारकर बाहर हुई भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में धीमी शुरूआत और 60 मिनट तक लय बरकरार नहीं रख पाने के लिये आलोचना झेल रही है।

भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद बनाये रखने के लिये अर्जेंटीना को बड़े अंतर से हराना था लेकिन 39वें सेकंड में ही गोल गंवाने के बाद बने दबाव से टीम निकल ही नहीं सकी। डिफेंस लगातार चरमराता रहा और फॉरवर्ड पंक्ति में तालमेल का अभाव दिखा जबकि मिडफील्ड में गैप का पूरा फायदा उठाकर अर्जेंटीना ने 5-3 से जीत दर्ज करके भारत को अंतिम चार की दौड़ से बाहर कर दिया था।

## मुचोवा व मेंसिक ने जीता अमेरिकी ओपन खिताब

एजेंसी

न्यूयॉर्क। कैरोलिना मुचोवा और याकुब मेंसिक ने बेलिंडा बेनसिच और फ्लावियो कोबोली को 6-3,1-6, 10-6 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीत लिया। चेक गणराज्य की जोड़ी ने दो दिन की इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन दोनों मुकाबले मैच टाईब्रेक में जीते। मेंसिक की तेज सर्विस और नेट पर शानदार खेल ने इस जोड़ी की जीत में अहम भूमिका निभाई। मेंसिक ने ऐस के साथ फाइनल का अंत किया। इस



जोड़ी को 10 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। सेमीफाइनल में भी मुचोवा और मेंसिक हार के करीब पहुंच गए थे लेकिन दो मैच प्वाइंट बचाने के बाद उन्होंने लगातार चार अंक जीतकर मीरा आंद्रीवा और आंद्रे रुबलेव को 5-4, 3-5, 11-9 से शिकस्त दी। फाइनल टूर्नामेंट का एकमात्र मुकाबला था जो सामान्य टेनिस मैच जैसा खेला गया। इसमें सेट छह गेम के थे और छह-छह की बराबरी पर टाईब्रेक हुआ।

शुरुआती तीन दौर में सेट चार गेम के थे और चार-चार की बराबरी पर टाईब्रेक खेला गया था। बेनसिच और कोबोली ने पहले सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना और गेल मोनफिल्स की पति-पत्नी की जोड़ी को 4-5, 4-1, 10-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

### आईपीएल महत्वपूर्ण, खेल में गहराई के लिए टेस्ट क्रिकेट जरूरी : श्रीनाथ

इंदौर (मध्यप्रदेश)। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ ने कहा है कि टी20 प्रारूप की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महत्वपूर्ण है, लेकिन खेल में गहराई के लिए टेस्ट क्रिकेट जरूरी है। श्रीनाथ, इंदौर में मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बुधवार रात शामिल हुए। उन्होंने समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा, आईपीएल महत्वपूर्ण है। लेकिन अगर आपको खेल में गहराई चाहिए, तो यह पांच दिन के क्रिकेट में है।

## विश्व कप : भारतीय महिला हॉकी टीम ने रचा इतिहास

एजेंसी

एम्सटेलवीन। विश्व कप में सिर्फ एक मैच हारने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन जारी रखते हुए नवनीत कौर के दो गोल की मदद से पांचवीं रैंकिंग वाली जर्मन टीम को 3-1 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया जो पिछले 52 साल में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। विश्व रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारत को इस टूर्नामेंट में एकमात्र पराजय का सामना ओलंपिक चैम्पियन सह मेजबान नीदरलैंड के हाथों (0-2) करना पड़ा था। दूसरे दौर के आखिरी मैच में आस्ट्रेलिया से गोलरहित ड्रॉ के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हुई कोच शोर्ड मारिन

**❍ ऊंची रैंकिंग वाली जर्मनी को हराकर विश्व कप में पांचवां स्थान**

की टीम ने जर्मनी के खिलाफ सारी कसर निकालते हुए आखिरी 17 मिनट में तीन गोल दागे। भारत के लिये इशिका (43वां मिनट), नवनीत (44वां और 47वां) ने गोल दागे। जर्मनी के लिये लिन क्रिंग्स ने 59वें मिनट में एकमात्र गोल दागा।

इसी जर्मन टीम ने टूर्नामेंट से पहले दो अभ्यास मैचों में भारत को हराया था। क्लासीफिकेशन मैच में पहले 43 मिनट तक दोनों टीमों एक दूसरे को आजमाती रही लेकिन कामयाबी नहीं मिली और आखिरी सत्रह मिनट में भारत ने जबर्दस्त पासिंग, बेहतरीन फिनिशिंग और मजबूत रक्षण का प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को संभलने का मौका ही नहीं दिया। जर्मनी को मैच में पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय गोलकीपर और डिफेंस चट्टान की तरह अडिग रहा। विश्व कप में पहली बार खेल रही 11 खिलाड़ियों के साथ उतरे कोच मारिन के साथ ड्रैग



फ्लिक कोच ताइके ताकेमा और विश्लेषण कोच मथियास विला जीत के बाद उछलते नजर आये। यह 1974 में अजिंदर कौर की अगुवाई में पहले विश्व कप में चौथे स्थान पर रहने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अगले महीने होने वाले एशियाई खेलों से पहले इस प्रदर्शन से भारतीय टीम का आत्मविश्वास जरूर बढा होगा।

पहले ही मैच में ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 2 -2 से ड्रॉ पर रोकने वाली भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 6 -1 से हराया था लेकिन फिर इंग्लैंड से ड्रॉ खेला था। एकमात्र पराजय दूसरे चरण में डच टीम के हाथों मिली लेकिन मेजबान ने दोनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागे थे। पांचवें मिनट में भारत ने पहला प्रयास किया जब नवनीत बायीं ओर से गेंद लेकर सर्कल के भीतर घुसी और दाहिनी ओर सलीमा को पास दिया लेकिन जर्मन गोलकीपर ने आगे की ओर बढकर रोक दिया। सलीमा ने पेनल्टी कॉर्नर की मांग की लेकिन अंपायर ने मना किया।

नौवें मिनट में जर्मनी की एम्मा डेविडस्मेयेर गेंद लेकर दाहिने ओर से अकेले आगे बढी लेकिन गोल के सामने नियंत्रण नहीं रख सकी और शॉट लेने में नाकाम रही। पहला क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले शिल्पी डबास ने मिडफील्ड में नेहा को गेंद सौंपी जो उस पर नियंत्रण नहीं रख सकी। जर्मनी को 15वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जब इशिका ने एम्मा को सर्कल के भीतर बाधा पहुंचाई।

# भारत में निवेश करे कनाडा


## वैश्विक उत्पादन, नवाचार और सेवा केंद्र के रूप में उभर रहा भारत : सीतारमण



वॉशिंगटन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि भारत तेजी से वैश्विक विनिर्माण, नवाचार और निर्यात केंद्र के रूप में उभर रहा है।

उन्होंने कनाडाई निवेशकों को भारत और वैश्विक बाजार दोनों की जरूरतों को पूरी करने के मकसद से निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। सीतारमण ने टोरंटो में एक उच्चस्तरीय कारोबारी बैठक को संबोधित करते हुए कहा, भारत अब केवल एक बड़ा वृद्धि बाजार ही नहीं, बल्कि वैश्विक उत्पादन, नवाचार, सेवाओं और निर्यात के लिए एक मंच के रूप में तेजी से उभर रहा है। सुधारों, डिजिटलीकरण, अवसंरचना में निवेश और लक्षित नीतिगत समर्थन से दीर्घकालिक निवेश के लिए परिवेश लगातार मजबूत हो रहा है। वित्त मंत्री ने कनाडाई कारोबारियों और निवेशकों से भारत को केवल निवेश गंतव्य के रूप में नहीं, बल्कि वैश्विक वृद्धि के लिए साझेदार तथा मंच के रूप में देखने का आग्रह किया। उन्होंने भारत और वैश्विक बाजारों के लिए दीर्घकालिक परिचालन और साझेदारी विकसित करने की अपील की। सीतारमण ने वित्तीय सेवाओं तथा गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) के अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में कनाडाई कंपनियों के लिए उपलब्ध अवसरों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत में सुधारों से आए बदलाव और मजबूत वृद्धि की रफ्तार ने भारत-कनाडा के बीच अधिक मजबूत और निवेश आधारित आर्थिक साझेदारी के निर्माण के अवसर खोले हैं।सीतारमण ने विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ते हुए कनाडाई निवेश, प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता को भारत के व्यापक बाजार, प्रतिभा और औद्योगिक क्षमताओं के साथ जोड़कर आर्थिक एकीकरण को और गहरा करने का आह्वान किया।वित्त मंत्री ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों की मूल्य श्रृंखला में भारत और कनाडा को मजबूती के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। सीतारमण ने कहा कि 2024 में माल एवं सेवाओं में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार करीब 24 अरब अमेरिकी डॉलर रहा और 2030 तक इसे सालाना आधार पर 70 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। इस बैठक का आयोजन टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कनाडा-भारत बिजनेस काउंसिल और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ मिलकर किया था। सीतारमण ने पेमेंट्स कनाडा की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुसान हॉकिन्स और सीआईबीसी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग प्रमुख वेन ली के साथ अलग-अलग बैठकें भी कीं। वित्त मंत्री ने ली के साथ बैठक में पिछले एक दशक में भारत में हुए सुधार-आधारित बदलाव का उल्लेख किया।

# देश का ईवी बाजार 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये का होगाः गडकरी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार वर्ष 2030 तक बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और इससे पांच करोड़ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। गडकरी ने सीआईआई-आईटीसी टिकाऊविकास उत्कृष्टता केंद्र की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि देश में फिलहाल 57 लाख बिजलीचालित वाहन पंजीकृत हैं और कुल वाहन बाजार में ईवी की पहुंच सात प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि भारत का ईवी बाजार वर्ष 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये मूल्य का हो जाएगा। ऐसे में यह क्षेत्र 2030 तक पांच करोड़ रोजगार भी पैदा करेगा। गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल एक लाख इलेक्ट्रिक बस की मांग है, लेकिन देश में सालाना केवल 50,000-60,000 ईवी बस का ही विनिर्माण हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में पहले स्थान पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह मुश्किल जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। सड़क परिवहन मंत्री ने कहा कि भारत में निर्मित वाहनों की गुणवत्ता अच्छी और लागत कम होने के कारण दुनिया की प्रमुख वाहन कंपनियां देश में मौजूद हैं। गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने परिवहन मंत्री का पद संभाला था, तब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर करीब 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसके मुकाबले अमेरिका का वाहन उद्योग 78 लाख करोड़ रुपये और चीन का 47 लाख करोड़ रुपये का है। उन्होंने कहा कि भारत जीवाश्म ईंधन के आयात पर 22 लाख करोड़ रुपये खर्च करता है और इसके कारण प्रदूषण की समस्या भी पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि जैव ईंधन भविष्य का महत्वपूर्ण विकल्प है। गडकरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश की लॉजिस्टिक लागत को घटाकर आठ प्रतिशत करना है। उन्होंने आईआईटी चेन्नई, आईआईटी कानपुर और आईआईएम बेंगलुरु की हाल में आई रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के निर्माण से भारत की लॉजिस्टिक लागत 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत रह गई है।













Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com